आषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 06:59 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 24 जून 2025
वर्ष 6, अंक 214, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



दोगुनी गति से गर्म हो रहा एशिया महाद्वीप 14

ऑपरेशन सिंदूर से आतंकियों में पनपा डर 12



बरेली के सुभाषनगर में सड़क पर जलभराव के बीच से गुजरता बाइक सवार। • अमृत विचार

## कई राज्यों में छाया मानसून, यूपी में भारी बारिश का अलर्ट

### सूरत में 7 इंच बारिश से बाढ़ जैसे हालात, राजस्थान, मप्र, नई दिल्ली में भी चेतावनी जारी

नई दिल्ली/सूरत/लखनऊ, अमृत विचार नेटवर्क

• मॉनसून ने लगभग पूरे उत्तर भारत को कवर किया

देश के कई राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश में अगले 24 घंटों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, सोमवार को गुजरात के सूरत में 7 इंच बारिश दर्ज की गई। यहां बाढ़ जैसे हालात बन गए।

सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक करीब चार घंटे भारी बारिश हुई। जगह-जगह जलभराव से सूरत प्रशासन को स्कूल की छुट्टी करनी पड़ी। मध्य प्रदेश के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मानसून ने लगभग पूरे उत्तर भारत को कवर कर लिया है। उत्तर अरब सागर में अभी हालात इसके अनुकूल बने हुए हैं।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दिल्ली में मानसून अपने सामान्य आगमन से छह दिन पहले, मंगलवार को दस्तक दे सकता है। यहां बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार को रुक-रुक कर हुई बारिश ने दिल्लीवालों को गर्मी-उमस से राहत मिली। आईएमडी ने कहा है कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के अधिकतर भागों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम की स्थितियां अनुकूल हैं। इसी तरह निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काइमेट ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 30 जून के आसपास दिल्ली पहुंचता है। अगर मानसून पूर्वानुमान के तहत 24 जून को दिल्ली पहुंचता है तो 2013 के बाद इसका सबसे जल्दी आगमन होगा।

### अगले दो दिन में पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा मानसून

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बीते 18 जून को प्रवेश कर चुका मॉनसून अभी पूरे राज्य में नहीं फैला है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दो दिनों में इसका प्रसार पूरे राज्य में हो जाएगा। मॉनसून के स्थिर होने की वजह से यह देरी हुई है। आईएमडी के मुताबिक, पिछले 48 घंटों से मानसून स्थिर हो गया था, आगे नहीं बढ़ रहा था। इस कारण से अलर्ट के बाद भी उस तरह की बारिश देखने को नहीं मिली। लेकिन अब स्थिति तेजी के साथ बदली है और मानसून तेजी के साथ रफ्तार पकड़ रहा है। ऐसे में राज्य में भारी बारिश के संकेत साफ हैं। 29 जून तक उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है। वहीं, 24, 28 और 29 जून को पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है।

## एक नजर

### भाजपा सांसद रघुनंदन राव को मिली धमकी

**हैदराबाद।** तेलंगाना में मेडक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद रघुनंदन राव को सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर धमकी दी और खुद को माओवादी बताया। फोन करने वाले ने उन्हें चेतावनी दी कि आज शाम तक राव की हत्या कर दी जाएगी। धमकी भरा फोन उस समय आया जब राव मेडचल-मलकजगिरी जिले के दम्मईगुडा में एक स्कूली कार्यक्रम में भाग लेने गए थे।

### भारी बारिश के कारण वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के नए मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन हो गया जिसके कारण बैटरी कार सेवा को स्थगित करना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि कोई हताहत नहीं हुआ है। तीर्थयात्रा अब पुराने मार्ग से संचालित की जा रही है और बिना व्यवधान के जारी है। हिमकोटी मार्ग पर जिस समय भूस्खलन हुआ तब वहां श्रद्धालुओं की आवाजाही नहीं थी।

### वजाहत की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया पोस्ट से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोपी वजाहत खान को गिरफ्तारी से सोमवार को अंतरिम संरक्षण प्रदान किया। खान की शिकायत पर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और कानून की छात्रा शर्मिष्ठा पनोली को गिरफ्तार किया गया था।

## कतर और इराक में अमेरिकी सैन्य अड्डों पर मिसाइल हमले

### ईरान ने ट्रंप की आक्रामक कार्रवाई का दिया करारा जवाब, तनाव बढ़ा

दुबई, एजेंसी

ईरान ने सोमवार रात कतर के अल उदीद वायु सेना अड्डे पर तैनात अमेरिकी सैनिकों पर मिसाइलों से हमला किया है। पश्चिमी इराक में अमेरिकी सैनिकों के लिए ऐन अल-असद बेस को भी निशाना बनाया है। ईरानी सरकारी टेलीविजन पर इसकी घोषणा की गई। इसे अमेरिका की आक्रामकता के लिए ईरान के सशस्त्र बलों द्वारा करारा जवाब कहा गया।

ईरान ने कहा कि अल उदीद अड्डे पर उसके द्वारा किया गया मिसाइल हमला ईरानी परमाणु स्थलों पर अमेरिका द्वारा गिराए गए बमों की संख्या के बराबर है। यह हमला ईरान से खतरे के मद्देनजर कतर द्वारा एहतियात के तौर पर अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने के तुरंत बाद हुआ।

इराक के एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि ईरान ने पश्चिमी इराक में अमेरिकी सैनिकों के लिए ऐन अल-असद बेस को भी निशाना बनाया। कतर ने वायु सेना अड्डे पर ईरानी हमले की निंदा करते हुए कहा कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ।



### पुतिन ने ईरान को दिया तनाव घटाने का भरोसा

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को ईरान को भरोसा दिलाया कि उनका देश इजराइल और ईरान के बीच तनाव घटाने में मदद करेगा। रूसी राष्ट्रपति का यह बयान ईरानी परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले के बाद आया है। पुतिन ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात की, जो रूसी नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श के लिए रविवार रात मॉस्को पहुंचे थे।



राष्ट्रपति पुतिन से मिलते ईरानी विदेश मंत्री।

### ईरान के फोर्दो परमाणु केंद्र पर फिर हमला

**दुबई।** ईरान के फोर्दो स्थित भूमिगत यूरेनियम संवर्धन स्थल पर सोमवार को फिर से हमला किया गया और ईरान ने भी इजराइल पर मिसाइलों और ड्रोनों की बौछार कर दी। इजराइली सेना ने कहा कि ईरान ने अतिरिक्त बमबारी की। जॉर्डन और मध्य इजराइल में सायरन बजाए गए। ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा ईरानी परमाणु स्थलों पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों के मद्देनजर अब उसकी सेना को अमेरिकी ठिकानों पर हमला करने की 'खुली छूट' मिल गई है। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि फोर्दो स्थित परमाणु केंद्र रविवार को हुए हमले में भी प्रभावित हुआ था और सोमवार को इस पर फिर से हमला किया गया। अभी कोई जानकारी नहीं है कि हमला किसने किया और कितना नुकसान हुआ, हालांकि इजराइल ने पहले कहा था कि वह ईरान पर हवाई हमले कर रहा है।

## पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**लखनऊ।** पॉलीटेक्निक संस्थानों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम सोमवार शाम को घोषित कर दिया गया है। जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों कुल 18 छात्रों ने सर्वोच्च अंक हासिल किया है, इनमें से एक छात्र बिहार का है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा का परिणाम परिषद की वेबसाइट www.jeecup.admissions.nic.in पर जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपनी लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से परिणाम एवं स्कोर कार्ड प्राप्त कर सकते हैं।

• 27 से शुरू होगी काउंसलिंग

संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए परीक्षा 5 से 13 जून के बीच आयोजित की गई थी। यह परीक्षा कम्प्यूटर आधारित पद्धति से सम्पन्न कराई गई थी। जिसमें अभ्यर्थियों ने कुल 19 ग्रुपों में आवेदन किया था, कुल 4,25,993 आवेदन प्राप्त हुए थे।

कुल 3,31,193 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 3,31,174 अभ्यर्थी काउंसलिंग हेतु अर्ह पाए गए हैं। काउन्सिलिंग 27 जून से आरंभ होकर 14 अगस्त तक 5 चरणों में सम्पन्न होगी।

## 4.61 लाख के नकली नोट के साथ तीन गिरफ्तार



आरोपियों से बरामद कार, नोट व अन्य सामान।

• आरोपियों से 500, 100, 20 रुपये की नकली करेंसी बरामद
• पकड़े गए आरोपी मुरादाबाद, उत्तराखंड और स्थानीय निवासी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत चौक कोतवाली पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना पैथोलॉजिस्ट समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 500, 100 और 20 रुपये के चार लाख 61 हजार रुपये मूल्य के नकली नोट, लैपटॉप, प्रिंटर, कागज, कार, बाइक आदि बरामद किए गए हैं।

चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार सिंह को सोमवार की सुबह पौने 7 बजे सूचना मिली कि उमरगंज जाने वाले मार्ग पर नकली नोट छापने वाला गिरोह कार से गुजरने वाला है। पुलिस ने घेराबंदी करके कार से गिरोह के सरगना समेत तीन लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गए अभियुक्त पैथोलॉजिस्ट डॉ. नफीस अहमद निवासी कमालपुर फतेहाबाद

> चौक कोतवाली पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गिरोह को पकड़ा है। गिरोह का सरगना डॉ. नफीस अहमद है। ये लोग यहां पर नकली नोट की खेप खपाने के लिए आ रहे थे। गैंग में शामिल अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।
> –**राजेश द्विवेदी**, एसपी

थाना कुंदरकी जिला मुरादाबाद, पंकज गंगवार निवासी तीन पानी डाम जिला उधमसिंह नगर और निखिल मिश्रा निवासी आनंदपुरम कालोनी थाना कोतवाली शाहजहांपुर है। नफीस अहमद गिरोह का सरगना है। उसने तमिलनाडु से पैथोलॉजिस्ट की डिग्री ले रखी है।

पूछताछ के दौरान नफीस ने बताया कि निखिल ने यहां कमरा किराए पर देने के लिए बुलाया था। इसलिए नोट छापने का पूरा सेट लेकर यहां आ रहा था। यह भी बताया कि वे 15 लाख रुपये के नकली नोट नोएडा और अमरोहा में खपा चुके हैं। नफीस पर विभिन्न धाराओं में सात मुकदमे दर्ज हैं।

## बच्चियों का यौन शोषण कर बनाता था अश्लील वीडियो

मथुरा, एजेंसी

• बच्चियों की तस्वीर को इंटरनेट साइट पर करता था अपलोड
• मंदिर में पुजारी बनकर रह रहे शख्स को सीबीआई ने दबोचा

मथुरा के बाटी गांव के एक मंदिर में 10 वर्ष से पुजारी बनकर रह रहे शख्स को सीबीआई ने बच्चियों से यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया है।

आरोपित श्याम बिहारी के बारे में सीबीआई टीम को पता चला कि वह सात से 12 वर्ष की बच्चियों को ही शिकार बनाता था। वह बच्चियों को मंदिर में साफ-सफाई, प्रसादी वितरण आदि कार्य के लिए बुलाता था। उन्हें लालच देकर कमरे में लेकर जाता था। इसके बाद उनको पोर्न वीडियो दिखाकर यौन शोषण का शिकार बनाता था।

बताया जा रहा है कि कुछ बच्चियों ने घर में शिकायत भी की, लेकिन लोक-लज्जा के डर से घरवालों ने बच्चियों को चुप करा दिया। इस बीच, आरोपित से बरामद इलेक्ट्रानिक उपकरणों में गांव की चार और बच्चियों के फोटो नजर आए हैं। बाल कल्याण समिति जल्द ही पीड़ित बच्चियों को बुलाकर बयान दर्ज करने की कार्रवाई करेगी।

आरोपित बच्चियों की तस्वीर इंटरनेट मीडिया की विभिन्न साइट पर अपलोड करता था। गूगल ने इन फोटो को उच्च जांच एजेंसियों को भेजी थी। सीबीआई ने 17 जून को मुकदमा दर्ज कर 19 जून को बाटी गांव में श्याम बिहारी के आवास पर छापा मारा था। टीम ने उसके आवास से कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए थे। इनमें बच्चों के यौन उत्पीड़न के वीडियो व आपत्तिजनक सामग्री थी।

## यूपीएस के तहत सितंबर तक चुन सकेंगे विकल्प

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के तहत सरकारी कर्मचारियों के विकल्प चुनने की समयसीमा को तीन महीने आगे बढ़ाकर 30 सितंबर कर दिया। अभी तक मौजूदा सरकारी कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और मृतक सेवानिवृत्त कर्मचारियों के जीवनसाथी सहित पात्र कर्मचारियों को यूपीएस के तहत 30 जून, 2025 तक अपना विकल्प चुनना था। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि विभिन्न हितधारकों से यह समयसीमा आगे बढ़ाने का अनुरोध मिला था।

## वाराणसी पहुंचे शाह, मध्य क्षेत्रीय परिषद की लेंगे बैठक

• बैठक में योगी समेत चार राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल
• मैदागिन स्थित बाबा काल भैरव के मंदिर में की पूजा-अर्चना

वाराणसी, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार शाम दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। यहां लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। शाह वाराणसी में अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे।



वाराणसी के काल भैरव मंदिर में पूजा-अर्चना करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

अमित शाह हवाई अड्डे से सीधे सड़क मार्ग से मैदागिन स्थित बाबा काल भैरव के मंदिर पहुंचे और उन्होंने बाबा काल भैरव की पूजा-अर्चना की। अमित शाह के साथ योगी भी मौजूद थे। बाबतपुर से लेकर काल भैरव मंदिर तक 11 स्थानों पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और आम जनता ने ढोल, शंख, डमरू और पुष्प वर्षा के साथ अमित शाह का स्वागत किया। वाराणसी के मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने बताया कि योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार बैठक की सभी तैयारियां की जा रही हैं।

मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक 24 जून को पूर्वाह्न करीब 11 बजे से दो बजे तक ताज होटल में प्रस्तावित है। अधिकारियों ने बताया कि मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक काशी में पहली बार हो रही है। इस बैठक में चारों राज्यों के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव समेत कई विशिष्टजन तथा नीति आयोग के साथ अंतरराज्यीय परिषद के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे।

## तीन बागी विधायकों को सपा ने निकाला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

• राज्य सभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग कर किया था भाजपा का समर्थन

**अमृत विचार :** राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग करने वाले सात विधायकों में से तीन को समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी से बाहर कर दिया है।

निकाले गए बागी विधायकों में अयोध्या गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह, अमेठी (गौरीगंज) के विधायक राकेश प्रताप सिंह और रायबरेली (ऊंचाहार) सीट के विधायक मनोज कुमार पाण्डेय शामिल हैं, जबकि अन्य चार के लिए कहा कि इन लोगों का व्यवहार अच्छा है, इन लोगों की अनुग्रह अवधि शेष है। तीनों विधायकों को पार्टी से निष्काषित करने की घोषणा सोमवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की। साथ ही आरोप लगाया कि इन विधायकों को उनकी सांप्रदायिक विभाजनकारी, नकारात्मकता और पीडीए विरोधी विचारधारा का समर्थन करने के कारण निष्कासित किया गया है। लिखा कि इन लोगों को हृदय परिवर्तन के लिए दी गई 'अनुग्रह-अवधि' की समय-सीमा अब पूरी हुई। शेष विधायकों की समय-सीमा अच्छे व्यवहार के कारण शेष है।

**प्रकृति के रंग** ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षियों की मार्च-अप्रैल से शुरू होता है आगमन, अब लौटने की तैयारी में जुटी कुछ प्रजातियां

## रंग-बिरंगे समर विजिटर्स से गुलजार हुआ पीलीभीत टाइगर रिजर्व

सुनील यादव, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व और उसके आसपास का क्षेत्र इन दिनों रंग-बिरंगे समर विजिटर्स (गर्मियों के आगंतुक) से गुलजार है। समर विजिटर्स के रूप में पहुंचे इन प्रवासी मेहमान परिंदों को यहां की आबोहवा इस कदर भा रही है कि साल दर साल इनकी संख्या में इजाफा देखा जा रहा है।

जानकारों के मुताबिक पीलीभीत में सौ के आसपास मेहमान परिंदों की प्रजातियां प्रवास को आने लगी हैं। अब जब गर्मी का मौसम जाने को है और मानसून की आमद हो रही है तो यहां प्रवास कर रहे दूर-दराज से आए कुछ परिंदों ने वतन वापसी की तैयारी भी शुरू कर दी है। वहीं शेष सभी प्रवासी परिंदे अक्टूबर तक वतन वापसी करेंगे।










### ये हैं समर विजिटर्स पक्षियों की प्रजातियां

- वाटर काक
- इंडियन कुक्कू
- चेस्टनट कैप्ड बी ईटर
- जेकोबिन कुक्कू
- ब्लू टेल्ड बी ईटर
- गोल्डन ओरियोल

पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी विशिष्ट जैव विविधता के लिए विदेशी धरती पर भी मशहूर हो चुका है। इस टाइगर रिजर्व में बहुत से ऐसे दुर्लभ वन्यजीव भी हैं, जो शेड्यूल वन की श्रेणी में आते हैं। वहीं पिछले कुछ साल से पीलीभीत टाइगर रिजर्व की आबोहवा मेहमान परिंदों को भी आकर्षित करने लगी है। टाइगर रिजर्व के आंकड़ों के मुताबिक, यहां पक्षियों की 300 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। पक्षियों के इस अद्भुत संसार में अब दूर-दराज के देशों समेत देश के अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में मेहमान परिंदे भी दस्तक देने लगे हैं। प्रवासी पक्षियों की प्रजातियों में अब इजाफा भी देखा जा रहा है।



> ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षी अफ्रीका समेत देश के हिमालय समेत विभिन्न राज्यों से यहां प्रवास को आते हैं। इसमें लोकल माइग्रेटरी पक्षियों की संख्या अधिक होती है। जून के अंत में इनमें से कुछ प्रवासी पक्षी वापसी की तैयारी शुरू कर देते हैं। –
> **मोहम्मद अख्तर मियां**, अध्यक्ष, टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी

### प्रवासी पक्षियों की साल में दो बार होती है आमद

प्रवासी पक्षियों पर लंबे समय से स्टडी करने वाली संस्था टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के मुताबिक, पीलीभीत टाइगर रिजर्व समेत आसपास के क्षेत्र में सात समंदर पार समेत देश के विभिन्न राज्यों से 100 के अधिक पक्षियों की प्रजातियां प्रवास के लिए आती हैं। ये पक्षी साल भर में दो बार अपनी आमद दर्ज कराते हैं, मानसून से पहले और मानसून के बाद। मानसून के बाद आने वाले प्रवासी नवंबर में आना शुरू कर देते हैं। तकरीबन चार माह के प्रवास के बाद यह फरवरी के अंतिम दिनों में वतन वापसी शुरू कर देते हैं। इन शरदकालीन प्रवासी पक्षियों की वतन वापसी के बीच ही मानसून से पहले आने वाले ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षियों की आमद शुरू होती है।

एक नजर

## संपर्क मार्ग बनाने को लेकर फूंका एनएचएआई का पुतला

**शाहजहांपुर।** कोरोकुईया के पास संपर्क मार्ग न बनाने के चलते तमाम लोगों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट गेट पर एनएचएआई का पुतला दहन किया।

लोगों का कहना था कि संपर्क मार्ग न बनने से ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। शिकायत के बावजूद एनएचएआई ध्यान नहीं दे रहा। संपर्क मार्ग बनवाए जाने के लिए कोरोकुईया गांव के रहने वाले लोग पिछले कई दिनों से विरोध जता रहे हैं। धरना-प्रदर्शन और घेराव के बाद भी जब बात नहीं बनी तो हिंदूवादी नेता राजेश अवस्थी के नेतृत्व में लोग सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर एनएचएआई के विरोध में नारेबाजी की और इसके बाद एनएचएआई अफसरों के पुतले को आग के हवाले कर दिया।

अफसरों की अनदेखी पर ग्रामीण आक्रोशित थे। प्रदर्शन करने वालों में राजेंद्र पटवा, अमन, रमेश, गोविंद, ऋतिक, अनमोल आदि मौजूद रहे।

# हर साल बढ़ रहे एचआईवी मरीज, पुरुषों में संक्रमण दर महिलाओं से दोगुनी

### 9 साल में हर साल महिलाओं से ज्यादा पुरुषों में हुआ एचआईवी संक्रमण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में एचआईवी संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बीते नौ वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो कुल 365 मरीजों में से 260 पुरुष और 105 महिलाएं एचआईवी संक्रमित पाए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग की जागरूकता मुहिम के बावजूद 2022 और 2023 में एचआईवी मामलों में अचानक उछाल आया है। विभाग का मानना है कि इसका कारण एचआईवी जांच का दायरा बढ़ना भी हो सकता है, लेकिन संक्रमण की रफ्तार और आंकड़े चिंताजनक संकेत दे रहे हैं। 2014 में शुरू हुई जांच, 2023 में 17,000 से ज्यादा लोगों की हुई वर्ष 2015 से एड्स नियंत्रण अभियान के तहत एचआईवी जांच को बढ़ावा देने के लिए जिला अस्पताल और तिलहर सीएचसी में इंट्रीग्रेटेड काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर की स्थापना की गई। पहले लोगों ने संकोच किया। 2014 में पहली बार 6,400 लोगों की जांच हुई, जिसमें 19 लोग एचआईवी संक्रमित पाए गए। 2023 में यह आंकड़ा 17,339 तक पहुंच गया, जिसमें 8,888 पुरुष और 8,451 महिलाएं शामिल रहीं। 2024 में जनवरी से अक्टूबर तक ही करीब 17,000 लोगों की जांच हो चुकी है। इसका असर यह रहा कि संक्रमितों की पहचान समय रहते होने लगी और उन्हें एआरटी (एंटी रेट्रो वायरल थेरेपी) के तहत मुफ्त दवाएं दी जाने लगीं।

**वर्षवार मिले महिला-पुरुष रोगी**

| वर्ष | मिले कुल रोगी | पुरुष रोगी | महिला रोगी |
|---|---|---|---|
| 2016 | 22 | 14 | 08 |
| 2017 | 39 | 26 | 13 |
| 2018 | 37 | 28 | 09 |
| 2019 | 46 | 35 | 11 |
| 2020 | 26 | 19 | 07 |
| 2021 | 38 | 30 | 08 |
| 2022 | 38 | 27 | 11 |
| 2023 | 59 | 44 | 15 |
| 2024 | 60 | 37 | 23 |
| कुल/ | 365 | 260 | 105 |

- **365 लोगों को हुआ बीते नौ साल में एचआईवी**
- **सरकार की ओर से चलाए जा रहे हैं जागरूकता कार्यक्रम**

### महिलाओं में यौन संक्रमण अधिक, फिर भी एचआईवी संक्रमण कम

आईसीटीसी केंद्रों पर हर दिन 50-60 लोग यौन संक्रमण की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। दिलचस्प तथ्य यह है कि जहां महिलाओं में यौन जनित संक्रमण ज्यादा पाया जा रहा है, वहीं एचआईवी संक्रमण पुरुषों में कहीं अधिक है। मेडिकल विशेषज्ञों के अनुसार यौन संक्रमण होने पर एड्स की संभावना 10 गुना बढ़ जाती है, ऐसे में पुरुषों में लगातार बढ़ती संक्रमण दर चिंता का विषय है।

### बढ़ती संख्या से चिंता गहराई

हर साल एचआईवी मरीजों की बढ़ती संख्या यह स्पष्ट करती है कि जागरूकता अभियान के बावजूद जोखिम भरे व्यवहार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। यदि यही रफ्तार रही तो आने वाले वर्षों में एचआईवी संक्रमण और एड्स दोनों गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बन सकते हैं। जरूरत है ज्यादा संवाद, सुरक्षा और समय पर जांच की, ताकि संक्रमण को जड़ से रोका जा सके और मरीजों को समय पर इलाज मिल सके।

लोगों में एचआईवी के प्रति जागरूकता आए और कम से कम लोग इस रोग का शिकार हों इसके लिए वृहद स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। जहां तक मरीजों की संख्या में वृद्धि होने की बात है तो ऐसा जांच का दायरा बढ़ने के कारण हुआ है, ऐसा माना जा रहा है। – **महावीर सिंह**, परीक्षण व परामर्श केंद्र प्रभारी

# समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सर्वधर्म एकता समिति की महिला इकाई ने समस्याओं को लेकर डीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में समिति की सदस्यों ने कहा है कि शहर में अधिकतर ई-रिक्शा रात में बगैर हेडलाइट के दौड़ रहे हैं। इससे हादसे की आशंका बनी रहती है। ज्ञापन देकर समिति के सदस्यों ने बताया कि वृद्धावस्था और विधवा पेंशन तीन महीने में दी जाती है। इसे महीने दिया जाना चाहिए। कोटेदार पांच किलो राशन देने की बजाय चार किलो ही देते हैं। इस घटतौली पर रोक लगाई जाए। शहर के कुछ व्यस्त इलाकों में ई-रिक्शा संचालन बंद करा दिया गया है। यहां पर लोगों खासतौर पर महिलाओं को आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। पाइप लाइन डाले जाने के लिए खोदी गईं सड़कों को ठीक कराया जाए। इस दौरान प्रदेश महामंत्री नीलम हांडा, प्रदेश अध्यक्ष रीना शर्मा, शर्मीला, पूजा, शिल्पी शुक्ला आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

## महिला शिकायतों की राज्य महिला आयोग की सदस्य कल करेंगी जनसुनवाई

**शाहजहांपुर।** राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी कल 25 जून को को जनसुनवाई करेंगी। इसके अलावा वह जेल में महिला बैरक का निरीक्षण, सखी वन स्टॉप सेंटर पर निरीक्षण करेंगी। पुवायां सीएचसी पर आयोजित कन्या जन्मोत्सव के कार्यक्रम का भी निरीक्षण करेंगी। पुवाया ब्लॉक पर महिलाओं को दी जा रही योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक भी करेंगी। राज्य महिला आयोग की ओर से महिलाओं की शिकायतों व समस्याओं के समाधान के लिए 25 जून को सुबह 11:00 बजे कलेक्ट्रेट या विकास भवन सभागार पर जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इस जनसुनवाई में आयोग की सदस्य व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। किसी महिला को कोई शिकायत दर्ज करानी हो तो वह अपने प्रार्थना पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ जनसुनवाई में उपस्थित हो सकती है।

# रोजगार मेले में 245 अभ्यर्थियों का चयन

**शाहजहांपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से कौशल विकास केन्द्र तिलहर परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें निजी क्षेत्र की 8 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। मेले में लगभग 490 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। सभी का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण भी किया गया। बाद में 245 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। जिसमें एलआईसी द्वारा 39 ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल द्वारा 28 न्यू जीवनदीप इन्टर प्राइजेज द्वारा 40 पथ फाइंडर एचआर सेलुशन द्वारा 32, क्विस कॉर्प लिमिटेड द्वारा 36 गुडवेल मैनेजमेंट ग्रुप ऑफ कम्पनीज द्वारा 37 पुखराज हेल्थ केयर द्वारा 21 एवं डायोक्शान कम्पनी द्वारा 12 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेला में केन्द्र प्रबंधक इन्द्रजीत और उनके स्टाफ का सहयोग रहा। जिला सेवायोजन कार्यालय के कर्मचारी विश्वमोहन नवनीत शुक्ला राकेश चन्द्र गोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# वित्त मंत्री से की मंडी सचिव को हटाने की मांग



वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से मिलते व्यापारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

- **भाजपा नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में व्यापारियों ने वित्त मंत्री को दिया सचिव के खिलाफ पत्र**

**अमृत विचार:** सोमवार को भाजपा नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियों ने वित्त मंत्री को पत्र देकर मंडी सचिव के खिलाफ राजस्व घोटाला व व्यापारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मंडी सचिव हटाए जाने की मांग की है।

भाजपा नगर अध्यक्ष साहू रोहित गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियों ने वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को पत्र देकर मंडी सचिव शिवेंद्र कुमार के खिलाफ कटरा तिलहर मंडी राजस्व क्षति पहुंचकर शुल्क घोटाला, मोटी रकम चोरी और व्यापारियों से लाइसेंस रिनुअल और नए लाइसेंस के लिए अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए मंडी के व्यापारियों ने मंडी सचिव को हटाए जाने की वित्त मंत्री से मांग की। इस दौरानमंडी, प्रिंस गुप्ता, सुशील बाबू गुप्ता, नवनीत खन्ना, संजीव अग्रवाल उर्फ गुड्डू सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे। मंडी सचिव शिवेंद्र कुमार ने बताया कि मंडी में व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण किया गया है। अतिक्रमण हटाने के लिए व्यापारियों को नोटिस देने के बाद व्यापारियों ने आरोप लगाएं हैं।

# योग प्रशिक्षक को किया सम्मानित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** योग सप्ताह के समापन के बाद अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला प्रशासन के मुख्य आयोजन में प्रमुख योग प्रशिक्षक की भूमिका का निर्वाह करते आ रहे योग गुरु योग विज्ञान संस्थान के जिला प्रधान व आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी की खिरनी बाग स्थित उनके चिकित्सालय पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने मेडल पहनाकर शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

- **रेड क्रॉस की ओर से डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी को सम्मानित किया**

इस अवसर पर रेडक्रॉस के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने बताया कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी और योग में समन्वय है। इस अवसर पर कवि डॉ. इंदु अजनबी, डॉ. जिया खान, अग्रज जौहरी, अनुज जौहरी, डॉ. हमेंद्र वर्मा, डॉ एसपी कौशल, डॉ. डीपी सिंह, डॉ. शाहिद अख्तर, डॉ. हरचरण सिंह दुआ, डॉ. उत्तम रस्तोगी, डॉ. अंकित गुप्ता, डॉ. आरपी सक्सेना, डॉ.जावेद अहमद, डॉ. राशिद आदि चिकित्सक मौजूद रहे।

# विकास कार्यों के लिए आए दो करोड़ शासन को वापस

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** नगर पालिका प्रशासन की अनदेखी के चलते बैंक खाता सुचारू न होने पर शासन की ओर से विकास कार्यों के तहत भेजी गई करीब दो करोड़ की धनराशि शासन को वापस कर दी गई। पालिका तंत्र का कहना है कि धनराशि शीघ्र ही पालिका खाते में मंगा ली जाएगी।

जानकारी के मुताबिक शासन की निधि से नगर पालिका प्रशासन को तीन मदों के मद्देनजर करीब तीन लाख रुपए धनराशि स्वीकृत किए गए थे । जिसमें करीब दो करोड़ लागत से नगर की जल निकासी के लिए नालों का निर्माण, 50 लाख की लागत से पोखर सौंदर्यीकरण तथा 42 लाख की लागत से दोदराज पुर मोक्षधाम जीर्णोद्धार किया जाना शामिल था। गौरतलब है कि नाला निर्माण की आधी किश्त बतौर एक करोड़ तथा मोक्षधाम व पोखर की पूरी रकम यानी करीब दो करोड़ रुपए ट्रेज़री में भेज दिए गए। पालिका सूत्रों के मुताबिक जब ट्रेज़री से धनराशि पालिका के खाते में भेजी गई तो खाता सुचारू न होने के कारण उक्त धनराशि शासन को लौटा दी गई।

बताया जा रहा है कि नालों का निर्माण ठेकेदारों द्वारा शुरू किया जा चुका है। जिसके भुगतान की ठेकेदारों द्वारा मांग किए जाने पर पालिका प्रशासन ने जब उक्त धनराशि का संज्ञान लिया तो बड़ी चूक सामने आने से हड़कंप मच गया। फिलहाल पालिका प्रशासन की ओर से यह धनराशि दोबारा प्राप्त करने का उपक्रम शुरू किए जाने की बात सामने आई है।

# 1 जुलाई से नए नियम से होंगे आरक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



नए नियम से रिजर्वेशन काउंटर पसरा सन्नाटा।

- **रिजर्वेशन कराने वाले यात्री वापस लौट जाते, टिकट घर पर सन्नाटा पसरा रहता**

**अमृत विचार:** रेल प्रशासन ने ट्रेनों में वेटिंग टिकट को लेकर बदलाव किया है। अब किसी भी ट्रेन के स्लीपर और एसी स्लीपर आदि श्रेणियों में कुल बर्थ में से केवल 25 प्रतिशत तक ही वेटिंग टिकट जारी किए जाएगे। त्यौहार और गर्मी की छुट्टी में स्लीपर कोच की वेटिंग करीब 100 तक पहुंच जाती थी। अब इस नए नियम से स्टेशन पर रिजर्वेशन काउंटर पर सन्नाटा पसरा रहता है।

ट्रेनों में स्लीपर कोच की वेटिंग 100 तक पहुंच जाती थी। पंजाब और दिल्ली की वेटिंग काफी लंबी पहुंच जाती थी। यात्री वेटिंग टिकट लेकर सीट कंफर्म न होने पर स्लीपर कोच में घुस जाता था। स्लीपर कोच में बर्थ पर बैठे रिजर्वेशन वाले यात्रियों को काफी दिक्कत होती थी और जबरन वेटिंग टिकट वाले उसकी बर्थ पर बैठ जाते थे। वेटिंग टिकट लेकर लोग कोच की गैलरी में बैठकर सफर करते थे। रिजर्वेशन वाले यात्रियों को कोच की लॉबी में आने-जाने में काफी दिक्कत होती थी। रेल प्रशासन ने अब ट्रेनों में 25 प्रतिशत वेटिंग टिकट जारी किए जाने का आदेश पारित कर दिया है। यदि किसी ट्रेन में 200 बर्थ बुकिंग के लिए उपलब्ध है तो 25 प्रतिशत तक वेटिंग सीमित रहेगी। यह नियम ट्रेन के स्लीपर कोच, एसी फर्स्ट, चेयर कार, एसी स्लीपर आदि श्रेणियों में लागू होगा। इसमें वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं, दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित सीटें शामिल नहीं है। इस नियम से स्टेशन पर यात्री वेटिंग टिकट के लिए आते है तो कंप्यूटर नो वेटिंग दिखा देता है। रिजर्वेशन काउंटर पर सन्नाटा पसरा पड़ा रहता है। इस नियम से कंफर्म टिकट वालों को राहत मिली है। सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया कि एक जुलाई से ट्रेनों की वेटिंग के नया नियम लागू हो जाएगा। अब किसी ट्रेन में 25 प्रतिशत टिकट वेटिंग जारी किए जाएगे।

# अफसरों की बुद्धि शुद्धि के लिए किया हवन

संवाददाता, तिलहर



तहसील प्रशासन की बुद्धि शुद्धि के लिए हवन करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार


- **10 सूत्रीय मांगों को लेकर चीनी मिल में धरना नौवें दिन भी जारी**
- **अफसरों की सदबुद्धि के लिए किसानों ने हवन किया**

**अमृत विचार:** भाकिमयू (राष्ट्रवादी) ने तहसील प्रशासन की बुद्धि शुद्धि के लिए हवन पूजन किया। भारतीय किसान मजदूर यूनियन (राष्ट्रवादी) के तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा के नेतृत्व में किसानों का मजदूरों की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चीनी मिल ग्राउंड में चलाया जा रहा धरना नौवें दिन भी जारी रहा। धरने पर प्रमोद कुमार वर्मा, नेत्रपाल मौर्य, भवानी प्रसाद मिश्रा, रक्षपाल,लाला आदि लोग बैठे। यहां अफसरों की हठधर्मिता और उन्हें सदबुद्धि प्रदान करने के लिए किसानों ने हवन किया।

धरना स्थल पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने तहसील प्रशासन की हठधर्मिता के कारण किसानों व मजदूरों की जायज समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहे हैं। इस अवसर पर अनिल कुमार वर्मा, मनवीर वर्मा, रक्षपाल वीरेश कश्यप, भगवानदास गंगवार, राधेश्याम, महेश सिंह यादव, रामू वर्मा, राहुल वर्मा, परविंदर कुशवाहा, धीर सिंह, मोहन लाल, मुन्नालाल, जगतपाल, राजीव सिंह, योगेंद्र पाल, सर्वेश कुमार, प्रतिपाल, रामगोपाल, नेत्रपाल मौर्य, सोमेंद्र,राजवर्धन उर्फ लाला, सर्वेश कुमार गंगवार,हरीश कुमार गंगवार आदि मौजूद रहे।

# ऑनलाइन एवं वर्चुअल लैब से भौतिकी सीखें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



अतिथि व्याख्यान देते प्रो . सुधीर कुमार।

**अमृत विचार:** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के भौतिकी विभाग के द्वारा भौतिकी कैसे सीखें विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय के प्रो. सुधीर कुमार मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीकी एवं डिजिटल शिक्षा का समय है। विद्यार्थियों को भौतिकी सीखने के लिए तकनीकी का सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को एनपीटीईएल, स्वयम, नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी आदि अनेक ऐसे प्लेटफॉर्मों से परिचित कराया, जिनके माध्यम से भौतिकी के विषय में निशुल्क ज्ञानार्जन किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि यदि वह अपरिहार्य कारणों से नियमित कॉलेज आकर पढ़ने में असमर्थ है तो भी वह विभिन्न ऑनलाइन व्याख्यानों के माध्यम से विषय को समझ सकता है। विभागाध्यक्ष शिशिर शुक्ला के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम में राजनंदन सिंह राजपूत, हर्ष पाराशरी, सत्येंद्र कुमार सिंह, सुधाकर गुप्ता, प्रशांत शर्मा, रजनीश दीक्षित, देवेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बीच सड़क पर बाइक खड़ी कर बाधित किया आवागमन



बीच सड़क पर खड़ी बाइक। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** एक युवक ने सोमवार को अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने सड़क पर बाइक खड़ी कर दी, जिससे राहगीरों का आवागमन बाधित हो गया। नगर के पूर्वी भक्सी तिराहे पर अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने बीच सड़क पर शाम 6:30 बजे एक युवक ने बाइक को बीच सड़क पर खड़ा कर दिया। जिससे पूर्वी भक्सी तिराहे से नगर को आने जाने वाले राहगीरों का आवागमन बाधित हो गया। पुलिस ने खड़ी बाइक का चालान कर दिया।

एसआई जयप्रकाश भारती ने बताया खड़ी बाइक का चालान करके बाइक चालक को सख्त हिदायत दे कर जाने दिया गया।

# नालों की तली-झाड़ सफाई नहीं

संवाददाता, तिलहर



कचरे से पटा नाला।



नालों में भरा गंदा पानी ।

- **बारिश होने पर जलभराव की स्थिति से नहीं किया जा सकता इनकार**

**अमृत विचार:** बरसात मौसम की शुरुआत होने के बाबजूद नगर में नालों की तली झाड़ सफाई का कार्य नगण्य है। नालों की सफाई न हो पाने से बरसात के चलते जल निकासी की व्यवस्था चरमराने के साथ ही जलभराव की समस्या से इनकार नहीं किया जा सकता।

अमूमन 15 जून से मानसून सक्रिय होने से पूर्व ही नगरीय नालों की तली झाड़ सफाई कराई जाती रही है। विगत वर्ष नालों की सफाई टेंडर प्रक्रिया के तहत करीब 24 लाख धनराशि से नगर के नालों की सफाई कराई गई थी, लेकिन इस मानसून सत्र में पालिका प्रशासन ने स्वयं की व्यवस्था के मुताबिक नालों की सफाई करवाने की कमान संभाली है। इसके लिए मई माह में छह सफाई कर्मियों की अतिरिक्त व्यवस्था की गई। जबकि आउट सोर्सिंग के जरिए करीब ढाई सौ कर्मी पहले से ही नियुक्त हैं। इस बार बरसात सही समय पर शुरू हो जाने से नगर में घंटे, दो घंटे की मूसलाधार बरसात से नगर की सड़कों व गलियों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। सफाई निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि पालिका द्वारा गैंग लगाकर नस्लों की सफाई का कार्य कराया जा रहा। बकौल सफाई निरीक्षक नगर में करीब 50 फीसदी नालों की सफाई की जा चुकी है। ईओ कल्पना शर्मा ने बताया कि नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। ताकि नगर में बरसाती जल भराव की समस्या से बचा जा सके।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in Any Stream | 2 Years |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in Any Stream | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| M.Sc. (Medical Anatomy)<br>M.Sc. (Medical Biochemistry)<br>M.Sc. (Medical Microbiology)<br>M.Sc. (Medical Physiology)<br>M.Sc. (Medical Pharmacology) | Candidate must have passed three years undergraduate program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) with Biological Sciences as one of the subjects or MBBS, BDS, BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. Nursing must have passed from a recognized University. | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M with Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (with English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : info.vacps@vau.edu.in

ADMISSIONS NOW!




## एक नजर

### तिलहर में महिला के गले से चेन चोरी

**तिलहर।** सोमवार को महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह रिश्तेदारी में बारात गई थी। इसी दौरान रात में महिला पर गले से सोने की चेन चोरी हो गई। महिला ने पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। जनपद बदायूं थाना उसहैत क्षेत्र के गांव खेड़ाजलालपुर निवासी गुड्डी ने बताया वह 5 जून को थाना तिलहर क्षेत्र के गांव गुवरसरा रिश्तेदारी की बारात में शामिल होने आए। तभी रात गांव की एक महिला ने गले से सोने की चेन चुरा ली। महिला ने थाना उसहैत में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने जहां घटना हुई उसी थाने में जाकर तहरीर देने को कहा। जिसके बाद वह तिलहर पहुंची और तहरीर दी। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर :** कलान थाना प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद्र ने बताया कि 8 सितंबर 24 को एक व्यक्ति के खाते से धोखाधड़ी करके 54200 रुपये निकाल लिए थे। थाना में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने आरोपी श्याम निवासी बेहटी थाना कलान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

### बाइक से गिरकर महिला की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बंडा थाना क्षेत्र के गांव वेलावती निवासी 50 वर्षीय जगदेई अपने गांव के रंजीत के साथ दांत दिखाने के लिए बाइक पर बैठकर पुवायां अस्पताल में आ रही थी। सिंघापुर गांव के सामने अचानक महिला बाइक से नीचे गिर गयी और घायल हो गयी। घायल महिला को पुवायां सीएचसी पर लाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। वह अपने पीछे दो बेटे और दो बेटियां छोड़ गयी है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### कटरा में युवती तीसरे दिन बरामद

**शाहजहांपुर।** कटरा थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की विधवा ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि 21 जून को उसकी 19 वर्षीय पुत्री को कटरा क्षेत्र का शोएब अगवा करके ले गया था। पुलिस ने युवती को खैरपुर चौराहे से बरामद कर लिया। पुलिस ने युवती को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# थाने के पास सर्राफा और मोबाइल की दुकान में चोरी

## सर्राफा की दुकान से दो लाख के जेवर चोरी, मुआयना किया

संवाददाता, कांट/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** थाने से चंद कदम की दूरी पर चोरों ने सर्राफा और मोबाइल की दुकानों को निशाना बना डाला। चोरों ने दोनों दुकानों के शटर के तोड़ दिए। चोर सर्राफा की दुकान से दो लाख के सोने व चांदी के जेवर और मोबाइल की दुकान से नगदी, मोबाइल समेत डेढ़ लाख रुपये का सामान चोरी हो गया है। एक ही रात में हुई दो चोरी की घटनाओं से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने दोनों दुकानों का मौका मुआयना किया।

चौक कोतवाली के मोहल्ला नकब मस्जिद कांच निवासी ज्ञान प्रकाश की कस्बा कांट में सर्राफा की दुकान है। वह शाम सात बजे दुकान बंद करके घर चले आए। चोरों ने रात ही में सर्राफा की दुकान का शटर तोड़ दिया और दुकान के अंदर घुस गए। चोरों ने तिजोरी का लॉक तोड़ दिया और तिजोरी में रखे सोने व चांदी के जेवर निकाल लिए। चोरों ने जेवर के डिब्बे दुकान में खाली करके फेंक दिए। सोमवार की सुबह लोगों ने देखा कि दुकान का शटर टूटा और दुकान में सामान बिखरा पड़ा है। लोगों ने दुकान मालिक को सूचना दी। सर्राफा व्यापारी ज्ञान प्रकाश दुकान पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि चोर सोने व चांदी के करीब दो लाख रुपये के जेवर ले गए है।

इसके बाद चोरों ने महुआ तिराहे पर एक मोबाइल की दुकान को भी निशाना बनाया था। मोबाइल शाप स्वामी शहजाद निवासी हिन्दू पट्टी थाना कांट सोमवार को चोरी की जानकारी मिलने पर दुकान पर पहुंचे। चोरों ने उनकी दुकान का शटर तोड़ दिया था। चोर उसकी दुकान से नए मोबाइल, पुराने मोबाइल, चार्जर समेत करीब डेढ़ लाख रुपये का सामान चुराकर ले गए है। पुलिस लाइन से फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और दोनों दुकानों पर जांच की। सीओ सदर प्रयांक जैन ने दोनों दुकानों का मुआयना किया। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह ने तहरीर मिल गयी है और जांच की जा रही है।


चोरों ने थाने से चंद कदम दूर इसी दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया।

- मोबाइल की दुकान से डेढ़ लाख का सामान उड़ाया

### आरोप रात में गश्त नहीं होती

व्यापारियों ने बताया कि दोनों दुकानों में चोरी थाना से चंद कदम की दूरी है। दोनों दुकान मुख्य रोड पर है। व्यापारियों का आरोप है कि रात में पुलिस की गश्त नहीं होती है। यदि पुलिस की रात में गश्त होती तो शायद दुकानों में चोरी नहीं पाती। चोरी की घटना को लेकर दुकानदारों में भय व्याप्त है। व्यापारियों ने मांग की है कि रात में बाजार में पुलिस की गश्त कराई जाए।

## अखिलेंद्र की मौत में हत्या की रिपोर्ट

**जैतीपुर/शाहजहांपुर, अमृत विचार:** बरेली जिले के थाना सुभाष नगर के मोहल्ला शांति विहार कालोनी निवासी मुनीश कुमार शर्मा ने बताया कि उसकी ससुराल गांव अवा थाना जैतीपुर में है। 20 दिसंबर 24 को उसके दो पुत्र अखिलेश व अखिलेंद्र अपने मामा घनश्याम के यहां जैतीपुर आए हुए थे।

21 दिसंबर को उसके पुत्र अखिलेंद्र का शव क्षत-विक्षत अवस्था में दातागंज रोड पर गांव नौगवां गोविंदपुर के सामने पड़ा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। उसे शक है कि उसके पुत्र अखिलेंद्र की हत्या हुई है। वह बरेली में बेलावती के मकान में किराए पर रह रहा है। उसी मकान में आशा निवासी बड़ागांव थाना आंवला जिला बरेली की किराए पर रहती थी। उसके बेटे के आशा से संबंध बन गए थे। इस बात की जानकारी आशा के पति वीरेंद्र को हुई। उसके बेटे से वीरेंद्र का विवाद हुआ था और उसके बेटे से रंजिश मानने लगा था। आरोप है कि उसके बेटे को आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप है कि वीरेंद्र ने उसके बेटे की हत्या की है।

वीरेंद्र ने इस घटना को अंजाम देने के लिए उसके रिश्तेदार प्रदीप और सुंधाशु से बैठना उठना था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि विवेचना की जा रही है।

# भैंसी नदी में फिर बहेगा पानी, अभियंता ने तैयार किया डायवर्जन प्लान


भैंसी नदी का निरीक्षण करते लघु सिंचाई विभाग के अभियंता। ● अमृत विचार

- डीएम को सौंपी जाएगी रिपोर्ट, शारदा नहर के रिसाव से लाया जाएगा भैंसी नदी में पानी
- पत्थरों की दीवार से रिसाव क्षेत्र में बनाए जा सकते हैं मजबूत बंधे

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी के निर्देश पर लघु सिंचाई अभियंता सुनील पाल ने सोमवार को भैंसी नदी क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शारदा नहर के रिसाव वाले क्षेत्र से भैंसी नदी तक पानी लाने की संभावनाओं का सर्वेक्षण किया और एक व्यापक खाका तैयार किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ अधीनस्थ जेई के अलावा लोकभारती के कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

बण्डा क्षेत्र में गहलुइया और लुहिची गांवों के पास शारदा नहर का वह स्थान चिन्हित किया गया, जहां से सीपेज का पानी डायवर्ट कर भैंसी नदी तक पहुंचाया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि लुहिची के समीप एक चेक डैम बनाकर पानी को मोड़ा जा सकता है, लेकिन वहां की दलदली जमीन पर दोनों किनारों में पक्की दीवार बनाना तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण है। इसके विकल्प के रूप में पत्थरों की दीवार बनाकर भी पानी का मार्ग सुनिश्चित किया जा सकता है, मगर इसमें भी काफी समय लग सकता है। लघु सिंचाई अभियंता ने बताया कि भैंसी नदी से रिसाव स्थल तक रास्ता न होने से यह कार्य और भी कठिन हो रहा है। अगर समय रहते उपयुक्त रास्ता बना लिया जाए, तो पानी का प्रवाह आसानी से शुरू हो सकता है। इस संबंध में उन्होंने लोकभारती के कार्यकर्ताओं से भी चर्चा की और सभी बिंदुओं पर विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रस्तुत करने की बात कही।

### पहले भी किए जा चुके हैं प्रयास

गौरतलब है कि वर्ष 2019 में भी लोकभारती के कार्यकर्ताओं ने भैंसी नदी में पानी लाने का प्रयास किया था। तब रिसाव क्षेत्र में कच्चा बंधा बनाकर पानी की धारा मोड़ी गई थी, लेकिन बंधा कमजोर होने के कारण कट गया और पानी का प्रवाह रुक गया।

### मौसम की भी है चुनौती

भैंसी नदी को शारदा नहर के रिसाव क्षेत्र में जोड़ने में होने वाली बरसात समस्या बनकर खड़ी हो सकती है। नहर किनारे पत्थरों और सामग्री को ले जाने के लिए मजबूत रास्ते की आवश्यकता है, जो फिलहाल मौजूद नहीं है। बरसात में यह कार्य कठिन हो जाएगा, इसलिए विशेषज्ञों का मानना है कि इस कार्य को बरसात के बाद ही अंजाम दिया जाना ज्यादा व्यावहारिक होगा।

# निगोही में ई-रिक्शे पर बैठी महिला के कुंडल लूटे

संवाददाता, निगोही/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** निगोही-तिलहर मार्ग पर पिपरिया खुशाली गांव के सामने बाइक पर सवार एक बदमाश ने ई-रिक्शे पर बैठी महिला के कान से सोने के कुंडल नोच लिए और बाइक से भाग गया। पुलिस ने घटनास्थल के आस-पास सीसीटीवी कैमरे चेक किए। पुलिस ने दावा किया है कि बदमाश शीघ्र पकड़ा जाएगा।


पीड़ित महिला

तिलहर थाना के गांव नवियापुर निवासी सीमा देवी पत्नी परागू लाल का मायका निगोही थाना क्षेत्र के गांव भुंडी में है। सोमवार की दोपहर महिला ई-रिक्शा से तिलहर से मायके निगोही जा रही थी। तिलहर-निगोही मार्ग पर पिपरिया खुशाली गांव के निकट बाइक पर सवार एक बदमाश पीछे से आया। बाइक पर सवार बदमाश ने ई-रिक्शा पर बैठी सीमा देवी के एक कान में झपट्टा मारकर सोने का कुंडल नोच लिया और बाइक से भाग गए। बाइक सवार बदमाश हेलमेट पहने हुए थे। महिला बदमाश को पहचान नहीं पायी थी। सूचना पर पुलिस मौके पर गयी और महिला व अन्य लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया। महिला ने थाना पर तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। बदमाश की तलाश की जा रही है।

# कोरोना काल में बेरोजगार हुआ पैथोलॉजिस्ट कार में छापता था नोट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** कोरोना महामारी ने कई लोगों की जिंदगी बदल दी, लेकिन पैथोलॉजिस्ट डॉ. नफीस अहमद की कहानी उन चेहरों को सामने लाती है जो बेरोजगारी में गलत रास्ते पर चल पड़े।

मुरादाबाद के कमालपुर गांव निवासी नफीस ने तमिलनाडु से पैथोलॉजी की पढ़ाई की, लेकिन कोरोना लॉकडाउन में सब कुछ ठप हो गया और वह आर्थिक तंगी से जूझने लगा। इसी दौरान उसने आपराधिक दुनिया में कदम रखा और नकली नोट छापने वाले गिरोह का सरगना बन बैठा।


गिरोह के सदस्यों से पूछताछ करते एसपी राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

- कोरोना लॉकडाउन में बेरोजगारी ने धकेला अपराध की ओर
- फोटोशॉप और लेमिनेशन से बनते थे नकली नोट
- 15 लाख रुपये के नकली नोट बाजार में खपा चुका है गिरोह
- पुलिस ने गिरोह का भंडाफोड़ कर तीन को दबोचा, टीम को 20 हजार का इनाम

### सफलता की भूख ने बनाया अपराधी

पैथोलॉजिस्ट की दुकान चलाने में असफल रहे नफीस ने पहले नकली चांदी बनाने का धंधा किया, लेकिन उसमें भी असफल रहा। लॉकडाउन के दौरान वह एक-एक पैसे का मोहताज हो गया, तभी उसकी मुलाकात रामपुर निवासी जाकिर से हुई, जिसने उसे नकली नोट बनाने की ट्रेनिंग दी। गुरु की मौत के बाद उसने खुद यह काम शुरू किया और धीरे-धीरे अपने साथियों पंकज गंगवार और निखिल को जोड़ा।

### चलती कार में बनते थे नकली नोट

गिरोह के पास फोटोशॉप, प्रिंटर और लेमिनेशन मशीन जैसे उपकरण थे, जिससे वह चलती कार में ही नकली नोट तैयार कर लेता था। पंकज ने लोन पर कार खरीदी थी, जिससे वे अलग-अलग जिलों में घूम-घूमकर नकली नोट खपाते थे।

### 15 लाख के नकली नोट खपा चुका है गिरोह

पूछताछ में नफीस ने बताया कि अब तक गिरोह करीब 15 लाख रुपये के नकली नोट बाजार में चला चुका है। वह पंकज और निखिल को 30 फीसदी कमीशन पर नकली नोट देता था लेकिन नोट छापने की तकनीक किसी को नहीं बताता था, ताकि कोई उसका कॉम्पिटिटर न बन जाए।

### एसपी ने सराहना करते हुए किया इनाम घोषित

चौक कोतवाली पुलिस की इस बड़ी कामयाबी पर एसपी राजेश द्विवेदी ने पुलिस टीम को 20 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गिरोह के अन्य संपर्कों की जांच की जा रही है और जल्द ही पूरे नेटवर्क को तोड़ा जाएगा।

# तीन घंटे में गुमशुदा बुजुर्ग को पुलिस ने पहुंचाया घर

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** घर से टहलने की बात कहकर निकले बुजुर्ग तीन घंटे तक घर नहीं पहुंचा तो पुत्र ने गुमशुदा होने की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने तीन घंटे के भीतर ही बुजुर्ग को तलाश कर उसके परिजनों से मिला दिया।

बीती रात नगर के शास्त्री नगर निवासी इंद्रेश गुप्ता ने पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके 85 वर्षीय पिता घर से रात 10 बजे टहलने की बात कहकर निकले थे, जो घर वापस नहीं पहुंचे। पुलिस ने बुजुर्ग की तलाश में टीमें दौड़ाई। उधर अपराध निरीक्षक राकेश सिंह पुलिस बल के साथ खुटार रोड पर गश्त कर रहे थे, इसी दौरान उन्हें गांव करनापुर के पास एक बुजुर्ग व्यक्ति खुटार की ओर जाता दिखा। पूछने पर उन्होंने अपना नाम ओमप्रकाश बताया।

उन्होंने परिजनों से सम्पर्क बनाया लेकिन बात नहीं हो सकी तो वह स्वयं गाड़ी में बिठाकर उन्हें परिजनों के पास घर ले गए। उन्हें वापस देखकर परिजन खुश हो गए। इस दौरान उनके साथ सिपाही अक्षय बालियान व इलियास अहमद रहे।

## रेल फाटक पर आवागमन बंद

**शाहजहांपुर।** रोजा और शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन के बीच गेट नंबर 321 पर सोमवार से मरम्मत का कार्य शुरू हो दिया है। कार्य के चलते फाटक को बंद कर दिया। रास्ता बंद होने से गुजरने वाले छात्र-छात्राओं व आमजन को दुश्वारियों से दो-चार होना पड़ा। सोमवार सुबह करीब दस बजे से रेलवे फाटक को बंद कर काम को शुरू कराया गया। डाउन लाइन पर रेलवे लाइन पर खोदाई का काम कराया गया। कर्मियों ने खोदाई करने से आवागमन बंद हो गया। डिग्री कॉलेज और कांवेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं को फाटक बंद होने से काफी दुश्वारी हुई।

# दहेज के लिए बहू को कमरे में बंद करके पीटा, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला तारीन गाड़ीपुरा निवासी शबनम ने बताया कि उसकी शादी कई साल पहले वाजिद निवासी मोहल्ला तारीन गाड़ीपुरा थाना रामचंद्र मिशन के साथ हुई थी। उसके पति का उसके साथ दूसरी शादी हुई थी। वाजिद की पहली पत्नी का निधन हो चुका है। उसका पति अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। पति ने कहा कि मायके से बाइक, फ्रिज, कूलर आदि सामान मंगा कर दो। पीड़िता ने कहा कि उसके मायके वाले अब सामान नहीं दे पाएगे। इस बात से पति व अन्य लोग प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि 19 जून को दिन में तीन बजे उसके पति वाजिद और वाजिद की पहली पत्नी का भाई राजू उसके साथ मारपीट करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि कमरे में बंद करके जान से मारने की नीयत से चाकू से प्रहार किया।

वह अपनी जान बचाकर भागी। पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## गैंगरेप का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कटरा पुलिस ने गैंगरेप के मुकदमे फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कटरा प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर ने बताया कि 12 जून को बरेली की एक युवती ने पांच लोगों के खिलाफ गैंगरेप का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी कुलदीप निवासी खुदागंज को दोपहर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि 10 जून को रात में उसके साथी सुधीर कुमार, अनिल कुमार, संदीप कुमार, राजीव कुमार पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। पुलिस अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

## लोक अदालत में पेशकार पद के लिए आवेदन 17 जुलाई तक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण संचालित स्थायी लोक अदालत में पेशकार के पद पर नियुक्ति की जानी है।

स्थायी लोक अदालत में पेशकार के पद पर संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए दीवानी न्यायालय के सेवानिवृत्त तृतीय श्रेणी के कर्मचारी जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो, पेशकार पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। स्थायी लोक अदालत में पेशकार के पद पर 9000 प्रतिमाह नियत पारिश्रमिक देय होगा। इच्छुक व्यक्ति अपना प्रार्थना पत्र 17 जुलाई तक तक किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में स्वयं अथवा पंजीकृत डाक से प्रेषित कर सकते हैं। आवेदन पत्र की प्रति जनपद न्यायालय की वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। इच्छुक व्यक्ति को निर्धारित आवेदन पत्र पर आवेदन करना होगा। साक्षात्कार में भाग लेने के लिए आवेदकों को कोई भत्ता देय नहीं होगा।

# हाथीथान में हुआ विधिक सहायता शिविर व युवा संवाद का आयोजन


सदस्यता लेने वालों के साथ युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- युवा कांग्रेस की ओर से किया गया आयोजन

**अमृत विचार:** हाथीथान में जिला युवा कांग्रेस की ओर से एक विधिक सहायता शिविर और युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान कई स्थानीय लोगों ने कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कार्यकम का संयोजन उस्मान शाह के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ''मुन्ना'' ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से समाज के हर वर्ग के उत्थान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। इस विधिक सहायता शिविर के माध्यम से हमने जरूरतमंद लोगों को मुफ्त कानूनी सलाह प्रदान की, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट राम जी अवस्थी ने कहा कि शिविर में न केवल कानूनी सहायता प्रदान की गई, बल्कि युवा संवाद के माध्यम से युवाओं के विचारों और आकांक्षाओं को समझने का प्रयास भी किया गया। इस दौरान एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी उल हसन, अनिल कुमार श्रीवास्तव, सुधांशु मिश्रा, फरमान खान, शिवओम मिश्रा, जितेंद्र पाल, परवेज अहमद, शाश्वत मिश्रा, नावेद हसन खान, मोहम्मद इस्माइल शाह, आदि रहे।

### पत्थर फेंकने पर पुलिस ने उठाया


**पुवायां।** भैंसी नदी खुदाई अभियान के दौरान कुछ युवकों ने उदण्डता दिखाते हुए जेसीबी पर पत्थर फेंक दिए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एक युवक को पकड़ कर अपने साथ ले गई। नदी पुनर्जीवन अभियान के तहत पुवायां क्षेत्र की भैंसी नदी में खुदाई का काम जोरों पर चल रहा है। कई स्थानों पर नदी को जोतकर खेत बनाए जाने के मामले सामने आ चुके हैं, हालांकि नाप के बाद उन स्थानों पर छिटपुट दिक्कत के बाद खुदाई शुरू हो रही है। बण्डा के कर्रखेड़ा के पास भी कुछ ऐसा ही मामला सामने आया, जहां नाप होने पर खेत से नदी के क्षेत्र को खाली कराया जा रहा था। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ शरारती तत्वों ने जेसीबी पर पत्थर फेंक दिए, । सूचना पर पहुंची पुलिस को देख आरोपी वहां से भाग खड़े हुए लेकिन पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया ।

### तीन वारंटी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** तिलहर थाना के उप निरीक्षक रजनीश कुमार ने बताया कि अभियुक्त विमलेश, प्रमोद व सुरेंद्र पाल निवासी गोपालपुर थाना तिलहर के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने तीनों वारंटी को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

### युवक को पीटकर किया घायल

**रोजा।** सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव नवादा शहबाजपुर निवासी आकाश वर्मा रामचंद्र मिशन में दनियापुर गांव में एक बारात में शामिल होने के लिए आए थे। दनियापुर गांव के उमेंद्र, त्रिलोक व आलोक से विवाद हो गया। आरोप है कि तीनों लोगों ने उसे रौसर कोठी चौराहे पर पीटकर घायल कर दिया।



# ठेका प्रथा के विरोध में सफाईकर्मियों का प्रदर्शन

## सफाई व्यवस्था के लिए टेंडर निकाले जाने का विरोध कर रहे हैं निगम में तैनात सफाई कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



सफाई कर्मचारी मांगों को लेकर सुदामा प्रसाद चौराहे पर बैठ गए, जिसके चलते जाम लग गया। ● अमृत विचार

● पुरानी व्यवस्था को दोबारा शुरू करने की उठाई मांग

**अमृत विचार:** ठेका प्रथा के खिलाफ सोमवार को सफाई कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने सुदामा प्रसाद चौराहे पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने ठेका प्रथा समाप्त करने की मांग की।

महानगर में सफाई कार्य का ठेका होने वाला है। इसके लिए जल्द टेंडर जारी होगा। इसके विरोध में सफाई कर्मचारी नगर निगम में एकत्रित हुए तथा धरना प्रदर्शन करते हुए कचहरी चौराहे पर प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम किया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज मिश्रा तत्काल मौके पर पहुंचे और उन्होंने वार्ता के लिए गांधी भवन में नगर आयुक्त का न्यौता आंदोलनरत कर्मचारियों को दिया। कर्मचारी वार्ता के लिए पहुंचे। वहां हुई वार्ता में कर्मचारियों के नेताओं ने अपना एक सूत्रीय मांग पत्र नगर आयुक्त को सौंपा, जिसमें 13 जून को निगम को चार जोनों में बांटकर ठेका प्रथा के द्वारा सफाई कार्य कराने की बात का विरोध किया।

ज्ञापन में कहा गया कि तत्काल इस विज्ञप्ति को या ठेका प्रथा को निरस्त करें और पूर्व की भांति जैसा चल रहा है वैसा चलाया जाए। नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि सफाई कर्मचारियों को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। उनका पूरा ध्यान रखकर कार्य किया जाएगा। सही समय पर आप लोगों ने अवगत कराया है।

बाद में सभा को संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि ने कहा सफाई कर्मचारी सबसे निचले स्तर पर खड़ा है। कांग्रेस शासन में हमेशा स्थाई नौकरियां दी जाती थी। जिस पर सपा सरकार ने संविदा पर लाकर खड़ा कर दिया और भाजपा सरकार ने उसी को ठेका पर लाकर खड़ा कर दिया। यह भाजपा सरकार की सोची समझी रणनीति है ताकि उनके बच्चे पढ़ लिख ना सकें। उन्होंने ठेका प्रथा को खत्म करने की बात कही। संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष मुरारी लाल भास्कर ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान अमित वाल्मीकि, रमेश चंद सेठ, अजय प्रधान, रमेश चंद कटारिया, रामकृपाल, मनोज, गंगा, विकास चंद्र, संजीव चौधरी, रेनू, संगीता, सुलोचना, सोनम, राधा, बिठौली देवी, विनीता, सीमा आदि रहे।



नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट जाते सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

### शहर में 1200 कर्मी लगाने का दावा

नेताओं ने बताया कि नई व्यवस्था में 60 वार्डों में 1200 कर्मचारी लगाने का दावा किया जा रहा है लेकिन यह केवल कागजों में ही काम करेंगे। मोहल्लों में हर समय कर्मचारी की कमी रहेगी। निगम कर्मियों पर अफसरों का नियंत्रण रहता है।उन पर नियंत्रण नहीं रहेगा।

# ओशीन ने शूटिंग में दिखाया दम, एक दिन की रही थीं एसपी




मेडल पाने के बाद ओशीन। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** ओशीन अनेजा ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। हाल ही में गाज़ियाबाद के इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल में आयोजित श्री अजीत कुमार सिंह मेमोरियल ऑल इंडिया ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में ओशीन ने जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीता है।

इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ओशीन को जूनियर श्रेणी में गोल्ड मेडल, ट्रॉफी व 7100 नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ, जबकि सीनियर कैटेगरी में भी उन्होंने गोल्ड मेडल के साथ ट्रॉफी और प्रमाणपत्र अपने नाम किया। प्रतियोगिता के चैम्पियन ऑफ चैम्पियन्स' टॉप 8 शूटर्स मुकाबले में भी ओशीन ने चौथा स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी, 5100 नकद और सर्टिफिकेट जीता है। जोकि देशभर के अनुभवी निशानेबाजों के बीच एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इसके पहले पिछले माह देशभर के 56 जिलों के प्रतिभागियों की प्रतियोगिता में ओशीन ने दो स्वर्ण पदक हासिल किए। ओशीन अनेजा की यह सफलता सिर्फ खेल जगत में ही नहीं, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी एक मिसाल है। उनकी प्रतिभा को देखते हुए कुछ समय पूर्व उन्हें जिले में एक दिन की एसपी बनने का सम्मान भी मिल चुका है। शाहजहांपुर से निकलकर राष्ट्रीय मंचों पर छा जाने वाली ओशीन को जिलेवासियों और खेल प्रेमियों की ओर से ढेरों बधाइयां मिल रही हैं।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA EYE AND LASER CENTRE
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# व्यक्ति ने तीन फर्जी लोन की दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चौक कोतवाली मोहल्ला कच्चा कटरा निवासी रवि कुमार ने बताया कि 05 जून को बैंक से हाउस लोन के लिए अप्लाई किया था।

उसे पता चला कि सिबिल ठीक नहीं होने से लोन नहीं होगा। तब उन्होंने अपना सिबिल स्कोर चेक किया। उनको पता चला कि उसके नाम पर तीन फर्जी लोन चल रहे है। पहला फर्जी लोन आदित्य बिरला फाइनेंस लिमिटेड से पर्सनल लोन 49 हजार रुपये, दूसरा फर्जी लोन चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से टू व्हीलर लोन 80200 रुपये ओर तीसरा फर्जी लोन एम पॉकेट फाइनेंस एप से पर्सनल लोन 2000 का चल रहा है। पीड़ित ने बताया कि तीन फर्जी लोन की वजह से उसका सिबिल स्कोर काफी डाउन हो गया। बैंक की नजर में डिफाल्टर साबित हो रहा है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना की जा रही है।

# सीएचओ की लापरवाही पर सख्त हुई सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



विकास भवन में अधिकारियों के साथ बैठक करतीं सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह। ● अमृत विचार

● कृषि और सिंचाई विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर वेतन रोकने के निर्देश
● योजनाओं की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी ,संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक जुलाई से
● कृषि और सिंचाई विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर वेतन रोकने के निर्देश

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति, नियमित टीकाकरण, संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीडीओ ने जिले में स्वास्थ्य योजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए सुधार के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर, ज्योति अभियान, और ई-संजीवनी योजना की समीक्षा करते हुए संतोषजनक प्रगति न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो सीएचओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर) कार्य में लापरवाही कर रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर सेवा से बाहर किया जाए। साथ ही आभा आईडी निर्माण में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। बैठक में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रणनीति पर भी चर्चा हुई। सीडीओ ने सभी संबंधित विभागों को 27 जून तक कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बुखार एवं डायरिया प्रभावित क्षेत्रों की पहचान की जाए, और स्कूलों में बच्चों के माध्यम से संचारी रोग नियंत्रण विषयक प्रतियोगिताएं कराई जाएं। विजेताओं को सम्मानित किया जाए, ताकि जागरूकता का संदेश अधिक प्रभावी रूप से फैले।

कृषि और सिंचाई विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर सीडीओ ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्टीकरण मांगने और वेतन रोकने की कार्रवाई करने को कहा।

सीडीओ ने आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की नियमित मॉनीटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कहीं लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित पर कठोर कार्रवाई हो। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि एमओआईसी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की जांच करें और गांवों में भ्रमण कर कार्यों का सत्यापन व फीडबैक लें।

इस दौरान सीएमओ डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने जानकारी दी कि एक से 31 जुलाई तक जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान चलाया जाएगा। 11 से 31 जुलाई के बीच दस्तक अभियान के अंतर्गत विभागीय समन्वय से जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा, जिसमें वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम, उपचार और बचाव की जानकारी आमजन को दी जाएगी।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### वित्त मंत्री ने किया राधा कृष्ण ज्वैलर्स का शुभारंभ



**शाहजहांपुर अमृत विचार :** सदर बाजार टाउनहाल रोड स्थित मै. राधा कृष्ण ज्वैलर्स शोरूम का उद्घाटन वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रविवार को फीता खोल कर किया। वित्त मंत्री ने कहा कि इस तरह के प्रतिष्ठान की महानगर में आवश्यकता थी। यह शोरूम खुलने से लोग अपनी पसंदीदा ज्वेलरी मुनासिब दामों पर खरीद पाएंगे। उन्होंने शोरूम स्वामी विरेंद्र रस्तोगी और चंदन रस्तोगी को प्रतिष्ठान के शुभारंभ के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान वीरेंद्र पाल सिंह यादव, माधव गोपाल, सुरेश सिंघल, चंदन रस्तोगी, जगदीश बाबू गुप्ता, त्रिभुवन खन्ना, राजेंद्र कटियार आदि मौजूद रहे।

### महिला को ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार

**रोजा/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन पुलिस ने महिला को ब्लैक कर रंगदारी वसूलने के आरोप में राजस्थान के युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने महिला को बदनाम करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया था।

थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने 26 मार्च को रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि करीब तीन साल से एक युवक ने फर्जी आइडी से उसके नंबर पर कॉल की। आरोपी उसके पास गलत मैसेज भेजने लगा। महिला ने विरोध किया तो आरोपी रिश्तेदारों को फोन करके बदनाम करने लगा। 14 फरवरी को आरोपी एक धर्मशाला में आया और फोन करके पीछा छोड़ने के नाम 30 हजार रुपये मांगे। महिला ने धर्मशाला में जाकर उसे रुपये दे दिए। उसके बाद दो लाख रुपये और मांगने लगा। न देने पर आरोपी ने पूरे परिवार को तेजाब डालकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी अश्वनी प्रजापति निवासी राजस्थान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### नाली के विवाद में चली गोली, एक घायल

**मूड़ा सवारान,खीरी** कोतवाली गोला क्षेत्र के गांव रायपुर में सोमवार सुबह खेत में पानी की नाली के विवाद में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर तमंचे से गोली चला दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल को परिजनों ने आनन-फानन में ओयल ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

# बाघ के हमले में किशोर घायल

**बांकेगंज/कुकरा ,:** गोला वन रेंज के पश्चिमी बीट के रत्नापुर गांव के निकट सड़क के किनारे घास काट रहे 12 वर्षीय प्रदीप कुमार निवासी कुकरा पर बाघ ने हमलाकर गंभीर घायल कर दिया। सोमवार शाम पांच बजे कुकरा निवासी प्रदीप कुमार (12) अपने छोटे भाई के साथ पशुओं के लिए चारा काटने के लिए रत्नापुर के पास गया था। रत्नापुर को जाने वाली पक्की सड़क के किनारे गन्ने के खेत के नजदीक प्रदीप कुमार घास काट रहा था। अचानक गन्ने के खेत से निकलकर बाघ ने उस पर हमला कर दिया। किसानों को देखकर किशोर को छोड़कर भाग गया।

# बारिश के बाद निकली धूप, बढ़ी उमस

**शाहजहांपुर।** बारिश के बाद दिन में धूप निकलने से लोगों को उमस में परेशानी का सामना करना पड़ा। अभी बारिश की संभावना बनी रही। बारिश होने पर किसानों ने धान की पौध लगाने का काम तेज कर दिया है। दो दिन उमस के बाद रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे तेज बारिश शुरू हो गई। रात करीब 11 बजे तक लगातार तेज बारिश हुई। इसके बाद भी रुक-रुक कर बारिश होती रही। सोमवार को भी सुबह दस बजे तक हल्के बादल छाए रहे। बाद में तेज धूप निकलने से उमस बढ़ गई। इस दौरान बिजली कौंधने से लोग सहम गए। गन्ना शोध परिषद के मौसम वैज्ञानिक डॉ. मनमोहन सिंह ने बताया कि 26 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। अभी बारिश की संभावना बनी हुई है। दक्षिण-पूर्वी दिशा से हवा चल रही है। आर्द्रता 77 प्रतिशत बनी हुई है। बारिश से खेत लबालब होने के कारण धान की रोपाई में तेजी आई है। इस समय अधिकतर किसान धान रोपने में लगे हुए हैं। जून के तीसरे हफ्ते में ही अच्छी बारिश होने से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं।

# छोटी काशी में सेवादार की करंट से मौत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



घटना के बाद मौजूद पुलिस और नगर के लोग। ● अमृत विचार

● मंदिर के सामने पानी की टोटियों पर जल लेते समय हुआ हादसा

**अमृत विचार:** छोटी काशी के पौराणिक शिव मंदिर पर सोमवार सुबह पानी की टोटियों पर जल लेने गए शिव मंदिर के सेवादार हरिपाल की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मृतक हरिपाल

नगर से सटे मोहल्ला लाल्हापुर निवासी हरिपाल (50) पुत्र नरायनलाल छोटी काशी के पौराणिक शिव मंदिर में 25 वर्षों से सेवादार थे। वह मंदिर की साफ सफाई और पूजन में सहयोग करते थे। सोमवार की सुबह शिव मंदिर खुलने पर आरती हुई, उसके बाद करीब छह बजे हरिपाल मंदिर के सामने पानी की टोटियों पर जल लेने गए, जहां नंगा तार होने से उन्हें करंट लग गया। श्रद्धालुओं ने जब उन्हें वहां पड़ा देखा तो शिव मंदिर कमेटी के लोगों को जानकारी दी। आनन फानन में हरिपाल को सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हर कोई हरपाल के मृदु स्वभाव का कायल था। घटना की सूचना होते ही नगर के तमाम लोगों की भीड़ अस्पताल में जमा हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।


मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली



सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरुवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
• हिस्टीरिया, मिर्गी
• सिर दर्द, माइग्रेन
• डिप्रेशन, घबराहट
• पागलपन
• बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
• शीघ्र पतन, तनाव न आना
• स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
• नशे की आदत
• याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
• बच्चों में चंचलता
• बिस्तर गीला करना
• नींद न आना, ज्यादा आना
• बार-बार हाथ धोना OCD
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai





मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाइट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

**अमृत विचार आपके साथ....**

प्रिय पाठक, आपके घर के आसपास या क्षेत्र में कोई ऐसी समस्या जो तमाम लोगों को प्रभावित करती है, परेशानी में डालती है फोटो के साथ हमें भेजें। हम उसे प्रकाशित कर आपकी समस्या संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे।
ईमेल :budaun@amritvichar.com

**शहर में आज**

- राजकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह दोपहर 12 बजे।

# गांधी ग्राउंड के मेला में तीन सिलेंडरों में ब्लास्ट, 25 दुकानें जलकर राख

## एक दुकान में लगी आग तो हवा से पास के दुकानों तक पहुंचीं लपटें, अग्निशमन विभाग की पांच गाड़ियों ने काबू पाया, मेला किया निरस्त

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गांधी ग्राउंड में लगे मेला में सोमवार सुबह अचानक आग लग गई। हवा की वजह से आग ने विकराल रूप ले लिया। धीरे-धीरे पास की दुकानों को चपेट में आ गई। आग से गैस के तीन छोटे सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। धमाकों की आवाज से भगदड़ मच गई। मेला के बाहर सड़क से गुजर रहे लोगों की भीड़ लग गई। तकरीबन एक घंटे के बाद अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन तक 20 से 25 दुकानें जलकर राख हो गई। दो दुकानदार मामूली रूप से झुलस गए।

शहर के बीच गांधी ग्राउंड में मेला लगा हुआ है। यहां बदायूं शहर के अलावा अलीगढ़, सहसवान, एटा, इटावा, बरेली आदि के लोगों की तकरीबन 100 दुकानें हैं। घरेलू उपयोग के अलावा सज्जा का ज्यादातर सामान मेला में बेचा जा रहा है। सोमवार सुबह अचानक एक दुकान में आग लग गई। इससे दुकान में रखे पांच किग्रा के छोटे तीन गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। आग की वजह से एक कमिर्शयल सिलेंडर टेढ़ा हो गया। गनीमत रही उसमें ब्लास्ट नहीं हुआ। दुकानदारों ने अपने स्तर से समरसेबिल चलाकर मेला में जमीन पर पड़ा पानी डालकर और अग्निशमन यंत्र से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग के विकराल रूप की वजह से असफल रहे। आग की वजह से दुकानों के बाहर खड़े पेड़ तक जल गए। दुकानदार दूर भाग गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

अग्निशमन विभाग की पांच गाड़ियों पर आग पर काबू पाया। आग बुझाने के प्रयास में चूड़ी व कपड़ा विक्रेता नरेंद्र कश्यप, सहसवान निवासी मोहम्मद शारिक झुलस गए। आयोजन से पहले फायर एनओसी ली गई थी। अग्निकांड के बाद मेला निरस्त कर दिया गया है। एडीएम प्रशासन अरुण कुमार, एसपी सिटी विजेंद्र द्विवेदी, सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय, जिला राजस्व अधिकारी प्रवर्धन शर्मा, एसडीएम मोहित सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी आग बुझाने तक पूरा समय मेला में रुके रहे। दुकानदारों का कहना है कि कुछ लोग आग बुझाने में उनकी मदद करने की बजाय वीडियो बनाकर सोशल साइट्स पर वायरल करते रहे। दुकानदारों ने प्राकृतिक आपदा मानकर मुआवजा दिलाने की मांग की। बताया जा रहा है कि मेला परिसर में अग्निशमन की गाड़ी थी लेकिन प्रेशर कम होने की वजह से आग नहीं बुझा सकी।


गांधी ग्राउंड में दुकानों पर धहकती आग की लपटें। ● अमृत विचार


मौके पर पहुंचे एडीएम प्रशासन, एसपी सिटी, जिला राजस्व अधिकारी, सीओ सिटी व अन्य।


ब्लास्ट के बाद पड़े छोटे गैस सिलेंडर।


दुकान जलने के बाद रोता दुकानदार।


आग पर काबू पाता अग्निशमन विभाग का कर्मचारी। ● अमृत विचार

- **दो दुकानदार मामूली रूप से झुलसे, दुकानों के अलावा जल गए आसपास के पेड़**

> मेला की दुकानों में अज्ञात कारणों से आग लग गई थी। शॉर्टसर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। आग से लगभग 20 दुकानें जल गई हैं। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। मामले की जांच की जा रही है।
>
> **– अरुण कुमार**, एडीएम प्रशासन।

### हाथ में अग्निशमन यंत्र लेकर रोते रहे दुकानदार

मेला में कुछ दुकानदारों के पास ही अग्निशमन यंत्र थे। आग लगने पर उन्होंने अग्निशमन यंत्र से बुझाने का प्रयास, किया लेकिन वह असफल रहे। बेबस दुकानदार अपना सामान जलते हुए देखे रहे। चंद मिनटों में भी सामान खाक हो गया तो दुकान अग्निशमन यंत्र लेकर किनारे पर परेशान होकर बैठ गए तो किसी के आंसू छलकते रहे।

### सदर विधायक ने दुकानदारों से की बात



**बदायूं, अमृत विचार :** दुकानों में आग लगने की सूचना पर सदर विधायक व पूर्व राज्यमंत्री महेश चंद्र गुप्ता गांधी ग्राउंड पहुंचे। दुकानदारों से बात करते हरसंभव मदद आश्वासन दिया। सदर विधायक ने कहा कि इन छोटे दुकानदारों को बहुत नुकसान हुआ है। जिससे दुकानदारों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। उन्होंने भरोसा दिया कि वह डीएम से मिलकर दुकानदारों को मदद दिलाने का प्रयास करेंगे। जिससे दुकानदारों को राहत मिल सके।

## जेई वीके प्रजापति ने उसहैत बिजली घर का संभाला अतिरिक्त चार्ज

**उसहैत, अमृत विचार :** स्थानीय विद्युत उपकेंद्र पर तैनात अबर अभियंता विनोद कुमार गौतम का दूसरे जनपद को ट्रांसफर हो जाने के बाद उनके स्थान पर उसावा, म्याऊ, विद्युत उपकेंद्र पर तैनात वीके प्रजापति को उनके अच्छे कार्य को देखते हुए उसहैत विद्युत उपकेंद्र का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। उन्होंने विद्युत उपकेंद्र पर पहुंच कर कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने अबर अभियंता वीके प्रजापति ने विद्युत केंद्र पर कर्मचारियों की बैठक कर सख्त हिदायत दी कि उपभोक्ताओं को शेड्यूल के अनुसार बिजली दी जाए। इससे उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो।

# बरनी में फटा गैस सिलेंडर, दो मंजिला मकान ढहा

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव बरनी में सोमवार की सुबह हादसा हो गया। चाय बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लग गई। इसके बाद धमाका हो गया। धमाका इतना जोरदार था कि दो मंजिला मकान भरभराकर गिर गया। हादसे के समय घर के अंदर मौजूद महिला बाल-बाल बच गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद जांच शुरू कर दी है।

गांव बरनी निवासी शिवलाल ने बताया कि पत्नी कांती देवी उर्फ मार्ग श्री सुबह करीब सात बजे घर की दूसरी मंजिल पर कमरे के अंदर बनी रसोई में चाय बनाने के लिए गई थी। गैस पर पानी रख कर गैस चूल्हे चलाया। इसी दौरान सिलेंडर से गैस लीक होने से पाइप ने आग को पकड़ ली। धीरे-धीरे आग की लपेटे बढ़ती गई। इससे कांती देवी बुरी तरह घबरा गई। उन्होंने आनन-फानन में कपड़े को पानी से भिगोकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। मगर आग अपना भयंकर रुप धारण करती जा रही थी। सिलेंडर ने आग पूरी तरह पकड़ ली तो कमरे के अंदर काला-काला धुंआ भर गया। कांती देवी घबराकर कमरे से बाहर निकाल कर नाचे आ गई और उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद घर के बाहर काफी भीड़ जमा हो गई। तभी कुछ ही देर में सिलेंडर जोरदार धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना भीषण था कि दो मंजिला मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया। मकान का मलबा पड़ोसी रविंद्र सिंह के मकान पर गिरा। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हादसे की जानकारी पीड़ित परिवार से लेकर जांच कर रही है।


गैस सिलेंडर फटने से गिरी मकान की छत। ● अमृत विचार


हादसे की जानकारी देती पीड़ित महिला

# अग्निकांड से कई व्यापारियों के आगे रोजी रोटी का संकट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ने की मुआवजा दिलाने की मांग**

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने अग्नि पीड़ित दुकानदारों से बात की। जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू और प्रदेश मंत्री पवन जैन ने दुकानदारों को सांत्वना देते हुए शासन से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

दुकानदारों ने जिलाध्यक्ष को अग्निकांड के बारे में बताया। कहा कि आग लगने से उनके दुकान में रखी नगदी और लाखों का सामान जला है। कई दुकानदारों ने रुपये उधार लेकर दुकान लगाई थी। अब नुकसान हो गया और उधारी भी चढ़ गई है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन उनके साथ खड़ा है। प्रशासन और शासन से व्यापारियों को मुआवजा दिलाने की मांग की जाएगी। इससे व्यापारियों को दोबारा पुर्नस्थापित किया जा सके। प्रदेश मंत्री ने कहा कि अग्निकांड से व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। कई परिवार सड़क पर आ जाएंगे। नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, नगर महामंत्री संजय रस्तोगी, नगर उपाध्यक्ष संजय शर्मा, जिला महामंत्री संजीव आहूजा, दीपक शर्मा, गुड्डू गुप्ता, दीपक सक्सेना आदि मौजूद रहे।

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
JCMST Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
M.Ed.
B.Ed
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

## ट्रक की टक्कर से शाहजहांपुर के युवक की जान गई

**बदायूं, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव पड़ौआ के पास हादसा हो हुआ। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान न होने पर शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।

सोमवार को मृतक की पहचान शाहजहांपुर के थाना मिर्जापुर क्षेत्र के गांव चकढाई निवासी अनिल वर्मा (30) के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। परिजन बदायूं आए। परिजनों ने बताया कि अनिल वर्मा शनिवार को दिल्ली से लौटे थे। उनकी पत्नी चार साल से अपने मायके में दिल्ली रह रही थी।

# अंडरपास के लिए दूसरी ओर से खुदाई शुरू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **रेलवे स्टेशन के निकट बन रहा सबसे बड़ा अंडरपास**
- **ढहाने के बाद ओवरहेड टैंक का हटाया जा रहा मलबा**

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर बनने वाले अंडरपास का निर्माण कार्य दूसरी ओर शुरू करा दिया गया है। अंडरपास निर्माण के लिए खुदाई शुरू कर दी गई है। सड़क की खुदाई एक माह में पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। यहां पर कुछ पुराना निर्माण भी हटाया गया है।

रेलवे स्टेशन और ओवरब्रिज के बीच में अंडरपास बनाया जा रहा है। इसके लिए प्लेटफार्म दो की ओर मिट्टी की खुदाई पूरी करने के बाद फाउंडेशन तैयार किया जा चुका है। रेलवे की ओर से एक माह में खुदाई पुरी करने के निर्देश दिए गए हैं। अंडरपास के लिए खुदाई करने वाले ठेकेदार का कहना है कि खुदाई में करीब 25 दिन का समय लग सकता है। जेसीबी से खुदाई की जाएगी। 20 मीटर सड़क तैयार की जाएगी इसके बाद बाहर की दीवार तैयार की जाएंगी। अंडरपास के लिए यहां पर बना पुराना निर्माण हटा गया है। करीब 50 साल पुराना बना ओवरहेड टैंक को ढहा दिया गया है। उसका मलबा हटा कर वहां से अंडरपास की खुदाई की गई है। रेलवे अधिकारियों की ओर से बताया गया है कि अंडरपास निर्माण के लिए रेल पटरी के दोनों ओर काम किया जा रहा है। एक ओर फाउंडेशन बन चुका है, जबकि दूसरी ओर मिट्टी की खुदाई कर फाउंडेशन तैयार किया जाएगा।


प्लेटफार्म एक की ओर अंडरपास की खुदाई शुरू। ● अमृत विचार

### मुख्य गेट से आवागमन

अंडरपास निर्माण के दौरान प्लेटफार्म एक पर जीआरपी थाने की ओर से आम लोगों का निकास बंद कर दिया जाएगा। रेलवे स्टेशन पर आने जाने के लिए केवल रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट से होकर ही आवागमन होगा। इसके लिए जीआरपी पुलिस को निर्देशित कर दिया गया है। प्लेटफार्म दो की ओर से गुजरने वाली सड़क पर भी आवागमन बंद किया जाएगा। इधर, अंडरपास निर्माण होने पर आम लोगों के आवागमन पर रोक लगा दी जाएगी।

## अंबियापुर गांव में जलभराव लोगों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी

**बिल्सी ,अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव अंबियापुर में गांव निवासी रचना ने बताया कि वर्तमान प्रधान के समय में उनकी गली में कोई भी विकास कार्य नहीं कराया गया है। गली में लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। इससे लोगों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद इसके कोई भी अधिकारी उनकी समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

तालेवर सिंह ने बताया कि गांव में लंबे समय से जलभराव की समस्या है जिसके चलते गांव की महिलाओं और बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि गांव निवासी नीरज का सात वर्षीय पुत्र अभिषेक पिछले दिनों इस जलभराव में गिर गया। जिसका एक पैर टूट गया। जिसका एक निजी चिकित्सक के यहां उपचार चल रहा है। रोहित कुमार ने बताया कि जलभराव की समस्या को लेकर कई बार अधिकारियों और ग्राम प्रधान से शिकायत की गई है। मगर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। इस मौके पर मीरा, रचना, गड्डो, मीरा देवी, रोहित कुमार, तालेवर सिंह, गंगा सहाय, शेरसिंह, आकाश कुमार, सुरेंद्र सिंह, भूप सिंह, रविंद्र, बृजेश आदि मौजूद रहे।

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com, M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History
नोटः- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश



# दिन भर उमस के बाद शाम को बारिश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **बरसात होने से मौसम बना सुहाना, लोगों को गर्मी से मिली राहत**

**अमृत विचार :** सोमवार को दिन भर उमस रहने के बाद शाम को रिमझिम बारिश हुई। इससे मौसम सुहाना हो गया। लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। बारिश से सड़कों पर जलभराव हो गया। फैली गंदगी की वजह से लोगों को आवागमन में दिक्कत हुई। मौसम में आए परिवर्तन से तापमान में भी गिरावट देखी गई।

सुबह के समय आसमान में बादल छाए हुए थे। दिन चढ़ने के बाद आसमान साफ हो गया है और चटक धूप खिल उठी। धूप खिलने पर उमस भरी गर्मी उत्पन्न हो गई। इससे लोग पसीना पसीना होने लगे। दोपहर के समय मौसम का रुख बदला। हल्की बूंदाबांदी हुई। 10 मिनट तक हुई बूंदाबांदी के बाद मौसम साफ हो गया, लेकिन उमस बरकरार रही। शाम पांच बजे के बाद फिर से काले बादल छा गए। देखते ही देखते बारिश शुरू हो गई। रिमझिम बारिश शुरू होते ही मौसम सुहाना हो गया। लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। सोमवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


बारिश में जाते स्कूटी सवार।

### झमाझम बारिश से खेत खलिहान हुए लबालब

**कादरचौक, अमृत विचार :** क्षेत्र में सोमवार की दोपहर झमाझम बारिश हुई। झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। खेतों और गांव की गलियों में पानी भर गया। बारिश होने से धान की बुवाई में लगे किसानों के चेहरों पर मुस्कान तैर गई। वहीं बच्चों ने उछल कूद कर बारिश का भरपूर आनंद लिया।

# करंट लगने से सात पशुओं की जान गई


संवाददाता, बिसौली/म्याऊं

- **बिसौली के गांव वीरमपुर और उसावां के कैलोठा में हुए हादसे**

**अमृत विचार :** बिसौली में हाईटेंशन लाइन के सपोर्टिंग तार में करंट आने से आधा दर्जन पालतू पशुओं की मौत हो गई। वहीं उसावां क्षेत्र में खंभों के तारों के संपर्क में आने से एक भैंस की मौत हो गई।

बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव वीरमपुर निवासी अवधेश कुमार और अनेक पाल पशु पालते हैं। वह अपने पशुओं को घेर में बांधते हैं। घेर के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। सोमवार रात तकरीबन तीन बजे हाईटेंशन लाइन के सपोर्टिंग वायर में करंट आ गया। जमीन गीली होने के कारण करंट पूरे घेर में फैल गया। करंट की चपेट में आने से अवधेश कुमार के पांच और अनेक पाल के एक पशु की मौत हो गई। दोनों पशु पालक मौके पर पहुंचे। उन्होंने सूचना देने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन किया। जिससे बिजली आपूर्ति बंद की जा सके लेकिन किसी ने भी फोन नहीं उठाया। तो उन्होंने डायल 112 पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने घटनास्थल का वीडियो बनाया। पशुओं का पोस्टमार्टम कराया गया। दोनों किसानों ने बिसौली एसडीएम राशि कृष्णा, अधिशासी अभियंता अमित कुमार को प्रार्थना पत्र देकर मुआवजा की मांग की। वहीं थाना उसावां क्षेत्र के गांव कैलोठा निवासी मुकेश पाल अपनी गाभिन भैंस सोमवार सुबह घर से अपने घेर में लेकर जा रहे थे। उसी समय उनकी भैंस गांव में लगे ट्रांसफार्मर के खंभों के तारों के संपर्क में आ गई। मुकेश पाल भैंस को बचाने के लिए दौड़े लेकिन ग्रामीणों ने उन्हें रोक लिया। करंट लगने से कुछ ही समय में भैंस की मौके पर मौत हो गई। जेई ने मौका मुआयना करके आर्थिक मदद का आश्वासन दिया।

SSVGI
SHRI SIDDHI VINAYAK
GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years Educational Exellence



ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT | B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM | MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H)
B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP | Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN | GNM • ANM
• SSVIP | D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS | Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care
X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education
• Best Placement In the Region
• High-Tech Academic Infrastructure
• Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC
4.5 LPA Average CTC
92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGlians Placed in Top MNC's
2000+ Placement Offers
550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

# शहर में धीमी गति से हो रहा नालों का निर्माण बना मुसीबत, यातायात बाधित

## नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने कच्चे नालों की खुदाई कर मिट्टी सड़कों पर डाली

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



इंदिरा चौक रोड पर नाला खुदाई की पड़ी मिट्टी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पिछले 45 दिनों से शहर के नालों की सफाई और निर्माण कार्य किया जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन पुराने कच्चे नालों की खुदाई कर मिट्टी निकाल कर सड़कों पर डाल रहा है। इससे जगह-जगह जाम लग रहा है। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य धीमी गति से होने के कारण आवागमन में परेशानी हो रही है।

- **इंदिरा चौक पर लग रहा वाहनों का लंबा जाम राहगीर हो रहे परेशान**

पिछले एक माह से गद्दी चौक से इंदिरा चौक तक नाले की खुदाई और निर्माण कार्य किया जा रहा है। गद्दी चौक से आंवला बस स्टेंड तक नाला निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि पुराने आंवला बस स्टेंड से आगे का हिस्सा तैयार किया जा रहा है। नाले की खुदाई 15 दिन से हो रही है। नाले की खुदाई में निकली मिट्टी सड़क पर डाल दी गई है। इससे दुकानदारों को भारी परेशानी हो रही है। एक साइड से बाहर निकल रहे हैं, जबकि दूसरी साइड पर मिट्टी पड़ी होने से रोड बंद कर दिया गया है। करीब 100 मीटर तक मिट्टी रोड पर पड़ी है। पालिका प्रशासन का कहना है कि मिट्टी सूखने पर उठाई जाएगी। नाला निर्माण किया जा रहा है बीच के कुछ हिस्से में नाले का निर्माण किया जा रहा है। इससे ऑटो, ई-रिक्शा व कार चालकों को काफी दूर तक चक्कर लगाना पड़ता है। दुकानदारों फल बेचने वालों का कहना है कि कार्य धीमी गति से हो रहा है जिससे उनकी रोजी रोटी पर असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका प्रशासन इस बार शहर के सभी नालों की सफाई करा रहा है। पुराने कच्चे नालों की खुदाई की जा रही है। उनकी मिट्टी निकाल कर सड़कों पर डाली जा रही है जिससे शहरी आवागमन में दिक्कत हो रही है।



इतने छोटे से कार्य में एक माह से अधिक का समय लग गया। पालिका का ठेकेदार मनमानी कर रहा है जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोग परेशान है। - उपेंद्र, दुकानदार



गद्दी चौक से इंदिरा चौक तक पूरा रोड बंद है। एक साइड पर मिट्टी डाल दी गई है। इससे वाहन नहीं निकल रहे हैं। लोगों को परेशानी हो रही है। कार्य धीमी गति से होने के कारण शहर के लोगों को परेशानी हो रही है। - रोहित, दुकानदार



नगर पालिका प्रशासन की मनमानी के चलते नाला निर्माण में एक माह से अधिक का समय लगा। दुकान के आगे नाले की खुदाई होने से दुकानदारी बंद हो गई। यह कार्य मात्र 10 दिन में पूरा होना था।

**- नलिन कांत शर्मा**, दुकानदार



छोले भटूरे का ठेला लगा कर रोजी रोटी कमाते हैं। कई दिन से रोड पर मिट्टी पड़ी है जिससे ठेला खड़ा करने को जगह भी नहीं है। रास्ता बंद कर दिया है। अब दिक्कत हो रही है। कोई देखने वाला नहीं है। - अजय कश्यप, भटूरे विक्रेता

## गांव में विवाद के बाद सीएचसी पर भिड़े दो पक्ष, मारपीट

**बदायूं, अमृत विचार :** बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के दौरान दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों में मारपीट हुई। मामला लड़कियों से अभद्रता का बताया जा रहा है।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव अजनावर में एक युवक ने घर में घुसकर लड़कियों से अभद्रता की थी। लड़कियों के परिजनों से युवक का विवाद हो गया था। वहीं युवक पक्ष विरोध में आ गया। दोनों पक्ष में कहासुनी और मारपीट हुई थी। मारपीट में कुछ लोग घायल हो गए थे। घायलों को बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया था। यहां भी आरोपी युवक और लड़की पक्ष में विवाद होने लगा। एक-दूसरे से गाली-गलौज करने लगे। वह लोग मारपीट करने लगे। एक दूसरे पर पूरी से हावी हो गए। इससे वहां मौजूद मरीजों में भी अफरा तफरी मच गई। अस्पताल का स्टाफ और मरीज बचकर भागने लगे। होमगार्ड ने बीच बचाव का प्रयास किया, लेकिन असफल रहा। सीएचसी के स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। मौके मौके पर पहुंची लेकिन तब तक विवाद शांत हो गया था। बिसौली कोतवाल हरेंद्र सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे चेक किए जाएंगे। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जाएगी।

## चिकित्सालय में बिक रही शराब वीडियो वायरल

**उसहैत, अमृत विचार :** पशु चिकित्सालय शराबियों का अड्डा बन चुका है। यहां अस्पताल के कर्मचारी शराब की बिक्री करते हैं। इसके अलावा अस्पताल के कक्षों में उपले भरे हुए हैं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

वायरल वीडियो में राजकीय पशु चिकित्सालय के एक कक्ष में उपले भरे दिख रहे हैं। उसमें एक कट्टा रखा हुआ है। इसमें बिक्री के लिए रखी गई शराब पौवे भी दिख रहे हैं। वायरल वीडियो में अस्पताल के कक्ष और परिसर में गंदगी फैली हुई है। वायरल वीडियो जब थाना पुलिस के पास पहुंचा तो पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं पशु चिकित्सालय में शराब बिक्री का वीडियो वायरल होने पर युवा संगठन ने विरोध जताया है। साथ ही जांच की मांग की है।



पशु चिकित्सालय में रखे उपले और कट्टे में रखी शराब

# स्कूलों में खरीदे बर्तनों की डीएम स्तर से हो रही जांच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **जिले के 1700 से अधिक स्कूलों में खरीदे गए नए बर्तन**
- **बर्तन खरीदने को शासन ने भेजी थी 365 लाख की ग्रांट**

**अमृत विचार :** पीएम पोषण योजना के तहत परिषदीय स्कूलों में खरीदे गए बर्तनों की जांच डीएम स्तर से कराई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में खरीदे गए बर्तनों की रिपोर्ट खंड शिक्षा अधिकारी और नगर में अधिशासी अधिकारी से मांगी है।

शासन की ओर से जिले के 1956 परिषदीय स्कूलों में बर्तन खरीद के लिए बेसिक शिक्षा विभाग को 365 लाख रुपये की ग्रांट भेजी गई थी। इससे स्कूलों में आदर्श रसोई विकसित की जा सके। राज्य परियोजना निदेशक द्वारा निर्देश दिए गए थे कि एल्यूमीनियम के बर्तन न खरीदे जाएं। भोजन में एल्यूमीनियम की लीचिंग का खतरा रहता है। इसलिए स्टेनलेस स्टील के बर्तन क्रय किए जाएं।

इसके अलावा आवश्यकता के अनुसार गैस, भट्ठी सिलेंडर आदि की भी खरीदारी करने को कहा गया था। ग्रांट मिलने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा धनराशि स्कूलों को छात्र संख्या के आधार पर भेज दी गई। एक से 50 बच्चे वाले स्कूलों को 10 हजार, 51 से 150 को 15 हजार और 251 से अधिक वाले स्कूलों को 25 हजार रुपये भेजे गए। कई जिलों में बर्तन खरीद में अनियमितताएं बरती गईं। इसकी शिकायत शासन स्तर पर पहुंची। उन शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण के द्वारा सभी जिलों के डीएम को जांच कराने के आदेश कर दिए।

> बर्तन खरीद का सत्यापन कराया जा रहा है। सभी बीईओ और अधिशासी अधिकारी से सत्यापन रिपोर्ट मिलने के बाद डीएम को भेजी जाएगी। साथ ही शासन में भी रिपोर्ट भेजी जाएगी।
> **- वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

राज्य परियोजना निदेशक से प्राप्त निर्देश पर बर्तनों की जांच के आदेश कर दिए। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में खंड शिक्षा अधिकारी और नगर क्षेत्र के स्कूलों में खरीदे गए बर्तनों की जांच अधिशासी अधिकारी को करने के लिए नामित किया गया है। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि जिन स्कूलों में मानक के अनुरूप बर्तनों की खरीद नहीं की गई है वहां के प्रधानाध्यापक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

# साल के अंत तक तैयार होंगे छात्रावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



मेडिकल कॉलेज में बन रहा पुरुष छात्रावास। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास तैयार किए जा रहे हैं। कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया है कि साल के अंत तक दोनों छात्रावास बन कर तैयार हो जाएंगे।

शहर के उझानी रोड स्थित ग्राम नौशेरा पर बने राजकीय मेडिकल कॉलेज में सैकड़ों छात्र-छात्राएं मेडिकल की पढ़ाई करते हैं। यह छात्र छात्राएं दूसरे जनपदों से आने वाले हैं, जबकि स्थानीय छात्र-छात्राएं बहुत कम हैं। बाहर से आने वाले मेडिकल छात्र-छात्राओं को रहने के लिए छात्रावास नहीं थे। हालांकि एक बड़ी बिल्डिंग में उसको रखा गया था। कॉलेज प्रशासन की ओर से छात्रावास बनवाने को शासन को लिखा गया था। शासन ने छात्रावास की मांग स्वीकार कर छात्रावास बनाने के निर्देश दिए। शासन ने छात्रावास निर्माण के लिए राज्य निर्माण निगम का काम सौंपा है। अब शासन से स्वीकृति मिलने के बाद छात्राओं को पचास रूम का छात्रावास तैयार किया जा रहा है, जबकि पुरुष छात्रों को भी 50 रूम का अलग छात्रावास बनाया जा रहा है।कॉलेज प्रशासन की ओर से कहा गया है कि दोनों छात्रावास इस साल के अंत में बन कर तैयार हो जाएंगे। कार्य प्रगति पर है कुछ कार्य हो चुका है।राजकीय मेडिकल कालेज में करीब 200 छात्र-छात्राएं मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। इन छात्र छात्राओं को कॉलेज प्रांगण में ही छात्रावास बनाया जा रहा है जिससे उन्हें किसी तरह की दिक्कत न हो। नर्सिंग और एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राएं अब अपने छात्रावास में रहेंगे। जिससे वह समय पर कक्षा ज्वाइन कर सकें और कॉलेज परिसर में होने वाली विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा ले सकें।

- **राजकीय मेडिकल कॉलेज में तैयार हो रहा भव्य भवन**

> राजकीय मेडिकल कॉलेज में कई बड़े कार्य शुरू करा दिए गए हैं। छात्र छात्राओं को अलग-अलग छात्रावास बनाया जा रहा है। इससे अब छात्रों को आवास की दिक्कत नहीं होगी। अब तक एक बिल्डिंग में आवास की व्यवस्था थी। मगर, अब अलग अलग छात्रावास बनाए जा रहे हैं। **- डॉ. अरूण कुमार**, प्राचार्य

## जर्जर सड़क ठीक कराने की मांग को लेकर दिया धरना

**बिल्सी ,अमृत विचार :** विकासखंड अंबियापुर के गांव सतेती में खराब सड़क को सही कराने की मांग को लेकर भारतीय हलधर किसान यूनियन ने गांव में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

यूनियन के जिलाध्यक्ष राहुल सोलंकी का कहना है कि ब्लॉक के अधिकारी लगातार उन्हें गुमराह कर रहे हैं। आश्वासन के बाद भी अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। ग्रामीणों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इससे यहां कीचड़ हो जाती है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराए जाने की मांग की। कहा कि धरना प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो जाता। धरना देने वालों में बिजनेस सोलंकी, अजीत गुर्जर, विवेक चौहान, उमेश बाबू वार्ष्णेय, नरेश चंद्र, विवेक सिंह चौहान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लेखपालों की लॉगिंग आईडी से मुंशी लगा रहे आवेदनों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **लेखपालों ने लगा रखे हैं प्राइवेट कर्मचारी, लगाते हैं मनमानी रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** जिले की तहसीलों में कार्यरत लेखपालों ने कामकाज निपटाने के लिए निजी कर्मचारी लगा रहे हैं। इसका वह भरपूर लाभ उठा रहे हैं। वह बेधड़क मनमाने ढंग से आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र जारी कर रहे हैं।

तहसीलों में कार्यरत लेखपालों ने अधिवक्ताओं के माफिक अपने असिस्टेंट यानि मुंशी रख रखे हैं। वह लेखपालों का सारा कामकाज देखते है। सदर तहसील में कार्यरत कई लेखपालों के कक्ष में निजी कर्मचारी कार्य करते हुए देखे जा सकते हैं। लेखपालों ने रखे गए निजी कर्मचारियों को लॉगिंग आईडी देख रखी है। लेखपालों से मिली लॉगिंग आईडी से वह आय, जाति, मूल निवास आदि पर रिपोर्ट लगाकर जारी कर रहे हैं। शासन-प्रशासन से साफ तौर पर निर्देश हैं कि कार्यालय में किसी प्राइवेट कर्मचारी से कोई काम न कराया जाए। इसके बावजूद लेखपाल निजी कर्मचारी रखकर सरकारी आदेशों की खुलेआम अवहेलना कर रहे हैं। निजी कर्मचारियों के द्वारा मनमाने ढंग से रिपोर्ट लगाए जाने के मामले पकड़ में आने पर लेखपालों पर कार्रवाई भी हुई है। दो माह पूर्व सदर तहसील क्षेत्र में कार्यरत लेखपाल के निजी कर्मचारी ने लॉगिंग आईडी से एक ही व्यक्ति के तीन आय प्रमाण पत्र जारी कर दिए। साथ की विरासत पर गलत रिपोर्ट लगा दी। वहीं तहसील बिल्सी क्षेत्र में निजी कर्मचारी ने लेखपाल की लॉगिंग आईडी से गलत आय प्रमाण पत्र जारी कर दिया। तमाम घटनाओं के बाद भी तहसीलों में लेखपालों के मुंशी उनकी लॉगिंग आईडी से मनमाने ढंग से आय, जाति, मूल निवास प्रमाण पत्र जारी कर रहे हैं। जिसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

> निजी कर्मचारियों को तहसील में कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन लेखपालों ने निजी कर्मचारी रखे हैं उनकी पहचान कर सख्त कार्रवाई होगी।
> **- मोहित कुमार**, एसडीएम सदर

## सार-संक्षेप

### व्यापारी पर हमले की निंदा, सीएम को भेजा ज्ञापन



**बदायूं, अमृत विचार :** बरेली के थाना नवाबगंज के व्यापारी राजीव गुप्ता पर हमले के विरोध में अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की शाखा बदायूं के जिला अध्यक्ष केबी गुप्ता के नेतृत्व में डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में व्यापारी नेता पर हुए हमले की निंदा करते हुए अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की गई। कहा गया कि इस तरह की घटनाओं से व्यापारियों में दहशत है। सरकार को इस घटना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए दोषी लोगों को जेल भिजवाया जाए। ज्ञापन देने वालों में चंद्र प्रकाश गुप्ता, वैभव गुप्ता, दीपक राज महाजन, पंकज गुप्ता, शेखर साहू, राहुल रावत, जितेन्द्र साहू, मुकेश गुप्ता, अंश गुप्ता, रजत गुप्ता और जय प्रकाश गुप्ता आदि वैश्य बंधु उपस्थित रहे।

### सिविल पेंशनर्स परिषद ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन



**बदायूं, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद के वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान की शाखा ने संयुक्त बैठक कर डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि विधेयक नियमावली में किए गए संशोधनों से पेंशनर्स के हितों का नुकसान होगा। सोमवार को आयोजित संयुक्त बैठक में पेंशनर्स ने कहा कि केंद्र सरकार ने विधेयक नियमावली में जो संशोधन किया गया है वह ठीक नहीं है। इस पर उन्होंने विरोध व्यक्त किया गया। बताया कि केंद्र सरकार की वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप पेंशन भोगियों को मिलने वाले अधिकारों को समाप्त होने की प्रबल संभावना है। भविष्य में मिलने वाले लाभों के समाप्त होने की आशंका है। इससे पेंशन भोगियों में आक्रोश व्याप्त है। बैठक में अध्यक्ष प्यारे सिंह यादव, महामंत्री सुजान सिंह राठौर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा सहित अनेक पेंशनर्स मौजूद रहे।

### शाहिद अली सपा के प्रदेश सचिव मनोनीत



**सहसवान, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने सहसवान के मोहल्ला शहवाजपुर निवासी शाहिद अली खान को प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। नवनियुक्त प्रदेश सचिव शाहिद अली खान ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे पूर्ण निष्ठा और लगन से निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी समस्या होगी हर समस्या का निस्तारण कराने का प्रयास किया जाएगा। सोमवार को समर्थकों ने नवनियुक्त प्रदेश सचिव के आवास पर पहुंचकर फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश सचिव शाहिद अली खान ने कहा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी का हाथ मजबूत करेंगे। इस मौके सपा नेता जमालुद्दीन एवं अन्य कार्यकर्ता एवं मौजूद रहे।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनाई पुण्यतिथि



**बिल्सी, अमृत विचार :** भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई। पुण्य तिथि पर भाजपा के नगर अध्यक्ष के आवास पर कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें उपस्थिति भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भाजपा नेता विवेक राठी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को सदैव श्रद्धा के साथ याद किया जाएगा। मुखर्जी ने देश की अखंडता को बनाए रखने के लिए अतुलनीय साहस और शक्ति का परिचय दिया था। इस मौके पर आदित्य माहेश्वरी, सुधीर सोमानी, निखिल सक्सेना, अनुराग शाक्य, मधुप राठी, प्रखर माहेश्वरी, प्रमोद तोमर, तेज प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रसाद के रूप में राहगीरों में बांटी खीर और पूड़ी



**बिल्सी, अमृत विचार :** सिरासौल के वन बेहटा रोड पर सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का आयोजन भगत कुमार पाल ने कराया। वन बेहटा रोड पर पीपल महाराज स्थित मंदिर पर किए गए भंडारे में खीर और पूड़ी का प्रसाद बांटा गया। मंदिर के पुजारी और सहयोगियों ने श्रद्धालुओं को खीर और पूड़ी का प्रसाद बांटा गया।

## सालारपुर ब्लॉक में लगा मेला साक्षात्कार के बाद हुआ चयन

**बदायूं, अमृत विचार:** बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ब्लॉक मुख्यालयों पर रोजगार मेला लगाया जाएगा। इसकी तिथियां घोषित कर दी गई है। सोमवार को सालारपुर ब्लॉक में मेला लगा। इसमें उपस्थिति युवाओं का साक्षात्कार लेने के बाद चयन किया गया।

रोजगार मेला देहरादून की कंपनी एसएससीआई लगा रही है। इसमें उन्हें प्रशिक्षण दिए जाएगा। प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थियों को 10500 रुपये फीस जमा करनी होगी। साथ ही प्रोफाइल फीस के तौर पर 350 रुपये अलग से देने होंगे। रोजगार मेला 23 जून से शुरू हो गए हैं। यह 25 जुलाई तक जारी रहेंगे। जिसकी तिथियां जारी कर दी गई हैं। सोमवार को सालारपुर ब्लॉक में लगे रोजगार मेला में एक दर्जन से अधिक बेरोजगार युवा शामिल हुए। इनमें से आधा दर्जन का चयन किया गया।

## छात्राओं को दी ओलंपिक पदक विजेताओं की जानकारी

**बदायूं, अमृत विचार :** पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में सोमवार को ओलंपिक दिवस का आयोजन किया गया। छात्राओं को ओलंपिक के इतिहास, आंदोलन और उसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कॉलेज प्रधानाचार्य अल्पना कुमार ने छात्राओं को ओलंपिक पदक विजेता अभिनव बिंद्रा, नीरज चोपड़ा, मनु भास्कर, पीवी सिंधु, मैरी कॉम के जीवन परिचय से अवगत कराते हुए खेलों के प्रति मोटिवेट किया गया।

# दूसरे दिन भी जारी रहा कांग्रेस का अनशन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



जूस पिलाकर क्रमिक अनशन खत्म कराते राघवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ग्रामों में उझानी नगर पालिका के नालों का पानी छोड़ा जा रहा है। जिस कारण फसलें बर्बाद हो रही है। इसके विरोध में तीसरे दिन भी कांग्रेस और ग्राम वासियों का क्रमिक अनशन जारी रहा। धरना स्थल पर पूर्व सांसद स्व. संजय गांधी की 45वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई।

कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह के नेतृत्व में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व सदस्य मुन्नालाल सागर व ग्रामवासी अजीत यादव, नेपाल सिंह, सचिन चौहान, मोतीराम क्रमिक अनशन पर बैठे। शाम को अनशन कर्मियों को जूस पिलाकर राघवेंद्र सिंह सोलंकी, प्रभाशंकर शर्मा ने क्रमिक अनशन खत्म कराया। ओमकार सिंह ने कहा कि लड़ाई लड़े बिना हक नहीं मिलेगा। उझानी क्षेत्र के कई गांवों में नगर पालिका उझानी का पानी जा रहा है जिससे किसानों की फसलें नष्ट हो रहीं हैं। मामले के निस्तारण तक क्रमिक अनशन जारी रहेगा। उझानी नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरुण पाराशर ने धरना स्थल पर स्वर्गीय संजय गांधी को याद करते हुए कहा कि अगर संजय गांधी जीवित होते तो उनके द्वारा चलाए गए पांच सूत्रीय कार्यक्रम से देश प्रगति पर होता। पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लोकेश गौड़, संघर्ष समिति के सदस्य योगेंद्र सोलंकी, कमल प्रताप सोलंकी तेजेंद्र कश्यप, नेपाल सिंह, राजाराम बलवीर रिंकू, गोविंद सिंह रामलाल कश्यप, प्रेम शंकर मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, देशराज सिंह सचिन राघव, लीलाधर, अंशु सोलंकी, दिनेश राघव, मोतीराम, सचिन चौहान व ग्रामीण मौजूद रहे।

- **नालों के पानी से फसलें बर्बाद होने पर ग्रामीणों में रोष**

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### राजकीय महाविद्यालय में कल होंगी स्नातक की मौखिक परीक्षाएं

**बदायूं, अमृत विचार** : आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र बत्रा ने बताया कि बीकॉम दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 25 जून को सुबह 11 बजे से शुरू होगी। सभी परीक्षार्थियों को समय से यूनिफार्म में उपस्थित होना अनिवार्य है। अनुपस्थित रहने पर परीक्षार्थी अपने परीक्षा परिणाम के लिए खुद ही जिम्मेदार होंगे। वहीं स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान के अंतिम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह 24 जून की दोपहर 12 बजे महाविद्यालय के सभागार में होगा।

### पानी में आया करंट बैल की जान गई

**बदायूं, अमृत विचार** : सोमवार शाम बारिश के दौरान उसहैत थाना क्षेत्र के गांव कटरा सआदतगंज की गलियों में पानी भर गया। इसमें करंट आ गया। गली से डनलप में जुड़कर चल रहे बैल की करंट से मौत हो गई। पानी में करंट से कई बच्चे और महिलाओं को भी करंट लगा।

# शासन से मिला लक्ष्य, जिले में खुलेंगी 14 वन स्टॉप शॉप

## कृषि से स्नातक करने वाले बेरोजगारों को मिलेगा रोजगार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **एक ही छत के नीचे मिलेंगी सभी सुविधाएं और जानकारियां**
- **कुछ दिनों में शासन स्तर से आवेदन के लिए खुलेंगे पोर्टल**

**अमृत विचार** : जिले में 14 वन स्टॉप शॉप खोली जाएंगी। इन दुकानों को एग्री जंक्शन योजना के तहत खोला जाना है। इनके खुलने पर किसानों को एक ही छत के नीचे कृषि संबंधित जानकारी और अन्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। वन स्टॉप शॉप के माध्यम से कृषि से स्नातक करने वाले बेरोजगार युवाओं को रोजगार का मौका मिलेगा। हर बार वन स्टॉप शॉप के लिए ऑफलाइन आवेदन मांगे जाते थे, लेकिन इस बार ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे।

कृषि विभाग को एग्री जंक्शन योजना के तहत वन स्टॉप शॉप खोले जाने का लक्ष्य मिला है, जबकि गुजरे साल 41 दुकानों को खोले जाने का लक्ष्य मिला था। इस बार प्रक्रिया में बदलाव करते हुए लक्ष्य को कम कर दिया है। इस बार वन स्टॉप शॉप के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे जाएंगे। अब तक ऑफलाइन आवेदन लिए जाने के बाद वन स्टॉप शॉप खोलने के लिए आवेदकों का चयन किया जाता था। वन स्टॉप शॉप के लिए सरकार बैंक से ऋण दिलवाने में सहयोग करेगी। 7.5 प्रतिशत के ब्याज दर पर अनुदान भी चयनित लाभार्थी को दिलाया जाएगा। साथ ही किराए की दुकान के लिए एक वर्ष के लिए किराया के मद में 50 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी। जिले में खुलने वाली 14 वन स्टॉप शॉप के माध्यम से किसानों को प्रगतिशील खेती की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही किसानों को बीज, उर्वरक, माइक्रोन्यूट्रिएंट, वर्मी कंपोस्ट, कीटनाशक आदि कृषि सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएंगी। किराए पर लघु कृषि यंत्र देने की भी व्यवस्था की जाएगी। कृषि निवेश कृषि उपकरण, तकनीकी सहायता और अन्य आवश्यक सेवाएं भी प्राप्त कर सकेंगे। कृषि उप निदेशक के अनुसार लक्ष्य प्राप्त हो गया है। पोर्टल अभी बंद है। कुछ दिनों में शासन स्तर से पोर्टल खुलने पर आवेदन किए जा सकेंगे।

> भी जिले में इस बार 14 वन स्टॉप शॉप खोली जाएंगी। इस बार ऑफलाइन के स्थान पर ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। पोर्टल अभी शुरू नहीं हुआ है। जल्द ही शुरू हो जाएगा। इसके बाद इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकेंगे।
> **- मनोज कुमार**, उप कृषि निदेशक

## महिला को गलत नजर से देखा और पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**दबतोरी, अमृत विचार** : कोतवाली बिसौली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि उसके पति की पांच साल पहले मौत हो गई थी। उनके बच्चे बाहर रहते हैं। वह घर पर अकेली रहती है। महिला के जेठ की शादी नहीं हुई है। आरोप है कि पति की मौत के बाद से जेठ महिला पर गलत नजर रखता है। वह अपने साथ रहने का दवाब बनाता है। बात न मानने पर कई बार मारपीट कर चुका है। 13 जून की रात उसने गाली-गलौज करते हुए महिला के साथ हाथापाई की। महिला ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी पुलिस को देखकर भाग गया। पुलिस ने अगले दिन सुबह थाने आकर तहरीर देने को कहा। पुलिस के जाने के बाद आरोपी ने उसकी बात न मानने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। वहीं आरोपी ने आईजी से शिकायत की है। अपने ऊपर लिखा गया मुकदमा झूठा बताया है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर की संगोष्ठी



मंचासीन मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हर्षवर्धन आर्य व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : भाजपा कार्यालय पर जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हर्षवर्धन आर्य व जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने जनसंघ के संस्थापक के बारे में बताया।

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अधूरे सपने को निरंतर साकार कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अखंड भारत के जिस संकल्प के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया, वह आज राष्ट्र के नवनिर्माण के साथ साकार हो रहा है। उन्होंने कश्मीर को लेकर एक नारा दिया था, नहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश के अंदर एक नई राजनीतिक शुरुआत को आगे बढ़ाया था। ब्लॉक प्रमुख शिशुपाल शाक्य, वीरेंद्र राजपूत, विक्रांत यादव, अनेकपाल पटेल, चेयरमैन जगदीश लौनिया, बुद्धपाल सिंह, धीरज पटेल, सीमा राठौर, अनुराग दीक्षित, अचल शर्मा, आकाश पाल, सहदेव सागर, रचना शंखधार सहित आदि उपस्थित रहे।

## पति के साथ बाइक से जा रही महिला की गिरकर जान गई

**पीलीभीत, अमृत विचार** : चलती बाइक से गिरकर महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना जहानाबाद पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक शाहजहांपुर की निवासी है। महिला की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा रहा।

शाहजहांपुर के थाना निगोही क्षेत्र के ग्राम कुदिंना निवासी संतोष पाल ने बताया कि उसके भाई महेंद्र पाल अपने परिवार के साथ उत्तराखंड के रुद्रपुर में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। कुछ दिन पूर्व वह अपने घर पर आए हुए थे। रविवार दोपहर बाद भाई महेंद्र अपनी पत्नी 23 वर्षीय छाया के साथ उत्तराखंड के रुद्रपुर जाने के लिए बाइक से निकले थे। जहानाबाद क्षेत्र में दलकी रमपुरा के पास बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। इससे पीछे बैठी माया बाइक से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पुलिस को दी गई तो जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला को सीएचसी में भर्ती करवाया। सीएचसी में उपचार के दौरान महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक जहानाबाद मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## मृतक मुकेश के परिजनों का धरना छठे दिन भी रहा जारी

अमृत विचार, बदायूं

- **शराब की दुकान में गोली मारकर हत्या करने का मामला**

**अमृत विचार** : शराब की दुकान के सेल्समैन मुकेश यादव की हत्या के बाद उनके परिजनों ने छठे दिन मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में धरना दिया। कांग्रेस कार्यकर्ता परिजनों के साथ धरने पर बैठे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि धरना मुकेश यादव के मुख्य हत्यारोपियों की गिरफ्तारी, जज से जांच कराने, परिजनों की सुरक्षा व सहायता देने तक जारी रहेगा। सोमवार को कांग्रेस नेता हाजी नुसरत अली, बफाती मियां, बन्ने खान, अमित यादव, सोमवीर यादव, रामवीर सिंह, हरीश यादव, राघवेंद्र, हुकुम सिंह, सोपाल, राजेंद्र सिंह, भवनेश पाल आदि धरने पर बैठे। वहीं परिजनों ने पुलिस से जल्द से जल्द हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। उनका कहना है कि गिरफ्तारी न होने तक वह धरना जारी रखेंगे।

## बिजलीकर्मी को बनाया बंधक

**पूरनपुर, अमृत विचार:** घर की खराब बिजली सही न करने पर आरोपियों ने बिजली कर्मचारी को बंधक बना लिया। धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया। शोर मचाने पर ग्रामीणों ने बिजली कर्मचारी को बंधनमुक्त करा दिया। पुलिस ने दो महिलाओं समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना खुटार के गांव जादौंपुर हाशिम खां पुत्र इदरीश खां बिजली मैकेनिक हैं। चार दिन पहले हाशिम बाइक से गोरा गांव के निजामुदीन के घर के दरवाजे से निकल रहे थे। निजामुद्दीन ने हाशिम से घर बिजली सही करने को कहा। उसने मना कर दिया। इस पर निजामुदीन भड़क गया। आरोप है कि गाली गलौज करते हुए हाशिम पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। हाशिम की बाइक गिर गई। आरोप है कि निजामुद्दीन की पत्नी, बहन और एक अज्ञात व्यक्ति वहां आया। सभी ने हमला कर मारपीट की। कमरे में लेजाकर बंधक बना लिया। उसके बाइक में तोड़फोड़ की। आसपास के ग्रामीणों ने हाशिम को बंधनमुक्त कराया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## मृतकों के परिजनों से मिले सांसद आदित्य, दिया आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **शोक संवेदना व्यक्त कर हर संभव मदद का दिया भरोसा**
- **हादसे में हुई थी एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत**

**अमृत विचार** : बुलंदशहर के निकट जहांगीराबाद पर दिल्ली जाते समय हुए हादसे में सहसवान के एक परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई थी। सोमवार को पीड़ित परिवारों के घर सांसद आदित्य यादव व क्षेत्रीय विधायक वृजेश यादव पहुंचे। पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

समाजवादी पार्टी के सांसद आदित्य यादव ने सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा सहसवान के ग्राम हुमूपुर चमरपुरा में हाजी तनवीर अहमद और ग्राम खैर पुर बल्ली में औसत अली के घर जाकर परिजनों से मुलाकात की। शोक संवेदना व्यक्त की। बीते दिनों हाजी तनवीर अहमद और औसत अली के परिजन सहसवान से दिल्ली जा रहे थे। इनका जहांगीराबाद बुलंदशहर के पास एक्सीडेंट हो गया था। हादसे में इनके परिवार के पांच परिजनों की मृत्यु हो गई थी। इसके पश्चात बिल्सी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिचौला में प्रेमपाल सिंह यादव के आवास पर जाकर परिवारजनों से मुलाकात की। यहां पर शोक संवेदना व्यक्त की। कोतवाली उझानी के अंतर्गत ग्राम कूड़ा नरसिंहपुर स्थित भारत मिंट ऑयल फैक्ट्री में हुई दिल दहलाने वाली आग की घटना में प्रेमपाल सिंह यादव के बेटे मुनेंद्र यादव की मृत्यु हो गई थी। शेखूपुर विधानसभा के ग्राम बदरपुर में भूपेंद्र सिंह पटेल के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की। भूपेंद्र पटेल के पुत्र कर्तव्य पटेल का डीएम रोड सिविल लाइन पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सदर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह गांधी मैदान में लगे नुमाइश मेले में भीषण आग लग गई। आग ने नुमाइश मेले की 20 से अधिक दुकानों को चपेट में ले लिया। इसका सांसद ने मौके पर जाकर औचक निरीक्षण किया। इस अग्निकांड से पीड़ित लोगों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव अब मदद का आश्वासन भी दिया। पिछले दिनों ग्राम रंझोरा निवासी महेश यादव के पुत्र मुकेश यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सोमवार को उनके घर जाकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव, सहसवान विधायक ब्रजेश यादव, पूर्व मंत्री आबिद रजा, पूर्व विधायक हाजी बिट्टन, शेखपुर विधायक हिमांशु यादव, भूपेंद्र सिंह राठौर, रजनीश गुप्ता, उदयवीर सिंह शाक्य, सुनील यादव, रचित गुप्ता, सतीश यादव, किशोरी लाल शाक्य, ओमवीर सिंह यादव, नवाब सिंह यादव, अशोक यादव, राजू जाटव, संतोष कश्यप, फरहत अली, अनवर भाई परवेज बबलू, सहित प्रमुख लोग उपस्थित रहे।


हादसे के शिकार लोगों के परिजनों को सांत्वना देते सांसद आदित्य यादव। ● अमृत विचार


## कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली

पत्रांक : 1416/का0ब0वि0प्रा0/2025 दिनांक : 23.6.25

**"सार्वजनिक सूचना"**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रामगंगा नगर आवासीय योजना के सेक्टर-2 के दिनांक 12.02.2021 को स्वीकृत तलपट मानचित्र में अन्य भूखण्डों के अतिरिक्त Institutional Plot-1 क्षेत्रफल 11268.91 वर्गमीटर तथा Institutional Plot-2 क्षेत्रफल 1365.75 वर्गमीटर आरक्षित है। स्थलीय आवश्यकता के दृष्टिगत उक्त सेक्टर के पार्ट पुनर्नियोजन/संशोधन उपरान्त भूखण्ड का विवरण निम्नवत् है :- कॉमशियल भूखण्ड (क्षेत्रफल 6003.88 वर्गमीटर), ऑफिस-1 (क्षेत्रफल 2628.21 वर्गमीटर), ऑफिस-2 (क्षेत्रफल 335.93 वर्गमीटर), ऑफिस-3 (क्षेत्रफल 3254.88 वर्गमीटर), ट्रांजिट कैम्प फॉर एस.एस.बी. (क्षेत्रफल 5000.00 वर्गमीटर) एवं कॉमर्शियल शॉप (CS-1 से CS-6) (क्षेत्रफल 48.00 वर्गमीटर)।

उपरोक्तानुक्रम में उ.प्र. नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 की धारा-13(3) के अन्तर्गत जन-सामान्य से आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। यदि कोई व्यक्ति/संस्था अपनी आपत्ति/सुझाव देना चाहे, तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों की अवधि के अन्दर उपाध्यक्ष, बरेली विकास प्राधिकरण को सम्बोधित अपनी आपत्ति/सुझाव, प्राधिकरण कार्यालय में मानचित्र लिपिक श्री मोहित कुमार को दो प्रतियों में प्राप्त करा सकते हैं। नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति/सुझाव को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उपाध्यक्ष
बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली।



B.I.U. BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)

Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)

Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com

Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


## प्राकृतिक खेती के लिए आयोजित की कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : कृषि विज्ञान केंद्र उझानी में सोमवार को प्राकृतिक खेती पर नमामि गंगे एवं जिला गंगा समिति ने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। शुभारंभ बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने किया। विशिष्ट अतिथि नमामि गंगे एवं राज्य साक्षरता मिशन सोनालिका सिंह रहीं।

विधायक ने कहा कि आज प्राकृतिक खेती समय की आवश्यकता है। हम प्राचीन और प्राकृतिक खेती को भूल कर आधुनिक खेती पर आ गए। आधुनिक खेती से जहां खेतों में अनाज का उत्पादन बढ़ा है वहीं दूसरी ओर खाद ,कीटनाशक एवं अन्य जहरीली दवाइयों ने मानव स्वास्थ्य पर भी असर डाला है। प्रशिक्षक डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा, प्रशिक्षक कृषि वैज्ञानिक डॉ. सौहार्द दुबे, सचिन उपाध्याय, परियोजना अधिकारी अनुज प्रताप सिंह, जिला सामाजिक वानिकी अधिकारी प्रदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।


मां सरस्वती की पूजा करते विधायक।

## पत्नी से फोन पर की बात फिर फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, कुंवरगांव

- **कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव बनेई का मामला**
- **विवाद के बाद मायके चली गई महिला ससुराल नहीं लौटी**

**अमृत विचार** : कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव बनेई निवासी चंद्रकेश (35) पुत्र करन सिंह दिल्ली में रहकर सिलाई का कार्य करते थे। पत्नी बच्चों के साथ गांव में रहती थी। कुछ समय से चंद्रकेश का उनकी पत्नी से विवाद चल रहा था। इसके चलते पत्नी तकरीबन एक महीने पहले अपने माता-पिता के पास चंडीगढ़ चली गई थी। चंद्रकेश चार दिन पहले दिल्ली से गांव आए थे। सोमवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे उन्होंने फोन करके पत्नी से बात की। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच फोन पर भी कहासुनी हुई थी। इस दौरान युवक के पिता बाहर गए थे और माता पशुओं के लिए चारा लेने गई थीं। युवक ने अपने घर में कुंडे पर फंदे पर लटककर जान दे दी। युवक की मां घर पर पहुंची तो कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव को फंदे से उतार लिया। परिजनों ने युवक की पत्नी को फोन करके जानकारी दी। परिजनों के अनुसार युवक की पत्नी देर रात पहुंचेगी। इंस्पेक्टर वीपी सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क पर गोवंशों का डेरा, हादसे का डर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को कई बार लिखा पत्र**
- **किसी अधिकारी ने इस ओर नहीं दिया ध्यान**

**अमृत विचार** : जनपद में छुट्टा गोवंश की समस्या से हर कोई परेशान है। गांव से लेकर शहरों तक में छुट्टा गोवंश लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। हाईवे पर छुट्टा गोवंश दिन भर जमे रहते हैं जिससे वाहन चालक भी खतरे से बाहर नहीं हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को कई बार पत्र लिखे, लेकिन छुट्टा गोवंश की समस्या से निजात नहीं मिली।

मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाइवे स्थित ग्राम कुलचौरा में करीब 500 से अधिक छुट्टा गोवंश हैं। छुट्टा गोवंश गांव से लेकर खेतों में रात दिन घूमते हैं। इससे लोगों की फसलें नष्ट हो रही हैं। कुलचौरा गांव रोड पर है इसलिए इस हाईवे पर छुट्टा गोवंश हर समय खड़े रहते हैं। रोड से गुजरने वाले वाहन चालक छुट्टा गोवंश से बच कर निकलते हैं। बीच रोड पर सांड़ सुबह से शाम तक खड़े रहते हैं। बस और ट्रक जैसे बड़े वाहन भी कभी कभी काफी देर तक खड़े रहते हैं। जब गोवंश को लाठी लेकर दौड़ाया जाता है तो वाहन निकलते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि छुट्टा गोवंश की समस्या को लेकर जिला प्रशासन को कई बार पत्र दिए गए। गोवंश को गोशाला में संरक्षित कराने की मांग की गई, मगर किसी अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। उधर, मुरादाबाद रोड स्थित सिलहरी और बिसौली क्षेत्र में सैकड़ों गोवंश रात को हाईवे पर बैठते हैं जिससे वाहन चालकों को दिक्कत होती है। बिसौली निवासी राजीव गुप्ता ने बताया कि बिसौली से आसफपुर रोड पर दिन में गोवंश सड़क पर ही बैठते हैं। चार दिन पूर्व एक ई रिक्शा गोवंश को बचाने के चक्कर में पलट गया। इससे तीन लोग चोटिल हो गए। राजीव ने बताया कि स्थानीय दुकानदार दिन में गोवंश को दुकानों के आगे से हटाते रहते हैं, लेकिन गोवंश वहां पर कूड़ा कचरा खाते रहते हैं। इससे दुकानदारों को परेशानी होती है।

दातागंज रोड पर ही डहरपुर गांव के निकट सैकड़ों गोवंश का झुंड रहता है। पशुपालन विभाग का कहना है कि अभियान के तहत करीब 1100 से अधिक गोवंश विभिन्न गोशालाओं में संरक्षित किए गए थे, लेकिन जिले भर में छुट्टा गोवंश हैं जिन्हें पकड़ना संभव नहीं है।


मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाईवे पर छुट्टा घूमते गोवंश। ● अमृत विचार


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

### सूचना
मैंने अपने पुत्र अखिलेश कुमार गौतम एवं उसकी पत्नी सीमा को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **राजू पुत्र श्री भीमल नि. ग्राम मुजहा परगना व तह. पलिया जिला लखीमपुर खीरी**

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड संख्या 6618 5323 4453 में भूलवश नाम मो. अयान रजा दर्ज है जोकि गलत है जबकि उसका वास्तविक नाम अयान अली है। भविष्य में मेरे पुत्र को अयान अली के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **आलम अली पुत्र अबरार अली निवासी ग्राम मऊचन्दपुर तहसील आंवला जनपद बरेली।**

### सूचना
मैंने अपने पुत्र मो. अरबाज को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में यदि वह किसी के साथ शादी करता है या कोई भी कृत्य करता है तो उसका मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **मो. आजम पुत्र मो. उमर नि. गुड्डू आटा चक्की डेलापीर, थाना इज्जतनगर, जिला बरेली (उ.प्र.)**

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में भूलवश नाम अर्चिता दर्ज हो गया है जबकि उसका वास्तविक नाम नियति (NIYATI) है। भविष्य में मेरी पुत्री को नियति (NIYATI) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **प्रसून प्रताप सिंह पुत्र श्री शैलेश कुमार सिंह निवासी 31, आर.के. पुरम्, गैलाना रोड, आगरा।**

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र जाकिर हुसैन व उसकी पत्नी मीना को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **जरीना पत्नी स्व. असलम निवासी गिरधरपुर थाना दियोरनियां तह. बहेड़ी जिला बरेली।**

### सूचना
मैं माधव अग्रवाल भारतीय पासपोर्ट संख्या N3982057 निर्गत संख्या 12.11 .2015 का धारक हूं। मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम योगेश अग्रवाल गलत अंकित हो गया है मेरे पिता का वास्तविक नाम योगेश कुमार अग्रवाल है। भविष्य में इसी को सही व सत्य माना जाए। **दुर्गा इंडस्ट्रीज कैंपस अजीजगंज थाना कोतवाली शाहजहांपुर-(उ.प्र.) 242001**

### आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट बरेली

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते ।
मृजया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥

धर्म की रक्षा सत्य से होती है ,विद्या की रक्षा अभ्यास से ,सौंदर्य की रक्षा स्वच्छता से तथा कुल की रक्षा सदाचार से होती है।

## संपादकीय

# अनिश्चितता के बीच

इजराइल-ईरान संघर्ष काफी बढ़ गया है। अमेरिका सीधे तौर पर युद्ध में शामिल हो गया है। रविवार को ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के हमलों के बाद संयुक्त सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमला पहले से संकटग्रस्त क्षेत्र को और खतरनाक मोड़ पर ले आया है। उन्होंने चेताया था कि ईरान इन हमलों का प्रतिशोध ले सकता है। सोमवार को ईरान ने सीरिया में अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर हमला किया। यानी हालत काबू से बाहर जा रहे हैं। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तनाव बढ़ गया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव का असर विभिन्न क्षेत्रों में महसूस किया जा सकता है, जिसमें व्यापार, राजनीति, और सामाजिक-आर्थिक स्थितियां शामिल हैं। तनाव से वैश्विक व्यापार मार्ग बाधित हो सकता है। भू-राजनीतिक तनाव वैश्विक व्यापार गतिशीलता के लिए कुछ चुनौतियां पेश करते हैं। मध्य पूर्व में व्यापक संघर्ष का सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई से तेल आपूर्ति पर असर पड़ने की उम्मीद है, जिससे तेल की कीमतों में भारी उछाल आएगा। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का करीब 85 फीसदी हिस्सा आयात करता है।

भारत का आयात बिल तेजी से बढ़ सकता है, महंगाई बढ़ सकती है और देश की राजकोषीय स्थिति पर दबाव पड़ सकता है। हालात का असर निर्यात पर भी पड़ेगा। ढुलाई व्यवधान से निर्यातकों के समक्ष चुनौतियां बढ़ गई हैं। देश से ईरान को भेजी गई एक लाख टन बासमती चावल की खेप बंदरगाहों पर अटकी है। अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ का कहना है कि निर्यात खेप में देरी और भुगतान को लेकर अनिश्चितता वित्तीय तनाव पैदा कर सकती है। साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव मुद्रास्फीति और लॉजिस्टिक्स लागत दोनों को प्रभावित कर सकता है, लेकिन भारत की विविध ऊर्जा खरीद रणनीति और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई)का सक्रिय रुख नकदी और व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में मदद करता है। राहत की बात है कि भारत का निर्यात क्षेत्र लचीला और अनुकूलनशील बना हुआ है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) का कहना है कि ईरान और इज़राइल दोनों के साथ देश का व्यापार महत्वपूर्ण होने के बावजूद, कुल निर्यात-आयात टोकरी का एक छोटा हिस्सा है। महत्वपूर्ण है कि सरकार और उद्योग जगत संयुक्त रूप से व्यापार प्रभावित न हो इसके लिए कम से कम व्यवधान सुनिश्चित करने को घटनाक्रमों की निगरानी कर रहे हैं।

# कैसे उखड़ने लगे नक्सलियों के पांव



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

नक्सल प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में स्कूलों और स्वास्थ्य सेवा केंद्रों का व्यापक विस्तार किया गया। हथियार डाल चुके नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति अपनाकर माओवादियों को मुख्यधारा में फिर से शामिल होने का मार्ग प्रशस्त किया गया।

भारत में लंबे समय से नक्सलियों की हिंसा के कारण मासूम लोग अपनी जान से हाथ धोते रहे हैं। ये बीती सरकारों के लिए सिरदर्द रहे हैं। पर केन्द्र में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद इनके पैर उखड़ने लगे। वे कहते हैं कि नक्सलवाद यदि एक विचार है तो इसे बदलने के लिए काम करना चाहिए और यदि विद्रोह है तो इसे कुचलने के लिए काम करना चाहिए। 2014 में जब नरेंद्र मोदी को देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी बीजेपी ने दी तो उन्होंने अपनी दूसरी ही रैली में बस्तर में जाकर माओवादियों को ललकारते हुए कहा था- "लोकतंत्र को स्वीकार करिए। सभी समस्याओं का सबसे अच्छा समाधान यही है। बम, बंदूक और पिस्तौल खून-खराबा तो कर सकते हैं, लेकिन नया जीवन नहीं दे सकते। हमें खून नहीं, पसीना बहाना है। हमें इस धरती को हरा-भरा बनाना है, लाल नहीं।''

11 साल बाद जब गृह मंत्री अमित शाह यह घोषणा करते हैं कि 2026 तक देश से नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा । यह सही है कि पूर्वी भारत में नक्सल आंदोलन की शुरुआत मुख्य रूप से गरीबी के कारण हुई। तब की भारत सरकार ने राज्यों के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया। उन्हीं दिनों देश में जंगल माफिया, पत्थर माफिया, लकड़ी माफिया, खनिज माफिया पैदा होने लगे। धीरे-धीरे समस्या गहराई तक पहुंचने लगी। फिर यही माफिया अंतर-राज्यीय सीमाओं पर खुले आम अपनी गैरकानूनी गतिविधियों का संचालन करने लगे। खुफिया अड्डे बनाकर भारी मात्रा में असलहे जमा करने लगे और फिर सीधे सरकार को चुनौती देने लगे। हथियारों के बल पर अपने अपने क्षेत्र में साम्यवादी शासन भी चलाने लगे।

कहने की आवश्यकता नहीं कि नक्सली नेताओं ने राजनीतिक नेताओं को भी अपने दबाव में ले लिया और अपने लिए एक बौद्धिक गैंग की आड़ भी तैयार कर ली। यह बौद्धिक गैंग उनके हर खून खराबे को जमीनी संघर्ष का



स्वरूप प्रदान करने लगा, जहां हत्या और लूट मार को किसानों और गरीबों के प्रति शोषण के खिलाफ प्रतिक्रिया के रूप में प्रस्तुत किया जाने लगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे कथित बुद्धिजीवियों को ही शहरी नक्सली का नाम दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने यह कहने में कोई हिचक नहीं दिखाई कि कांग्रेस इन शहरी नक्सलियों को सरंक्षण देती रही है। बीजेपी नेतृत्व ने इन शहरी नक्सलियों के खतरनाक एजेंडे का पर्दाफाश पूरी दुनिया के सामने किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा - हर कोई देख सकता है कि कांग्रेस उन लोगों के साथ कितनी निकटता से खड़ी है, जो भारत के लिए अच्छे इरादे नहीं रखते हैं।"

बीजेपी नेतृत्व ने वाम विचार धारा को ध्वस्त करने के लिए लोकतांत्रिक तरीकों का बखूबी इस्तेमाल किया। उनके गढ़ में जाकर उनकी ही विचारधारा को चुनौती दी। जनता को पूरी तरह से जागरूक करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और अंत में उन्हें जनता के जरिए ही हाशिये पर बिठा दिया। 2014 के चुनाव में जब मोदी प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बने तो उसी साल वामपंथी सांसदों की संख्या 24 से घटकर 10 हो गई और फिर 2019 के आम चुनाव में लोकसभा में वामपंथियों संख्या 4 रह गई। राष्ट्रवाद के आगे दक्षिणपंथी विचारधारा धराशायी होने लगी। सीपीआई, सीपीआई-मार्क्सवादी और सीपीआई-मार्क्सवादी-लेनिनवादी की राजनीति को देश ने एक तरह

राजनीतिक रूप से एक विजय हासिल करने के साथ साथ प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने वाम रक्त क्रांति को भी देश से समाप्त करने का बीड़ा उठाया। सबसे पहले वामपंथ के पारंपरिक समर्थकों को उनसे अलग करने की रणनीति बनाई। खासकर ग्रामीण इलाकों में सुधार के कई कार्यक्रम शुरू किए गए।

से खारिज करना शुरू कर दिया। एक समय वह भी था जब 2004 के आम चुनाव में वामपंथियों ने लोकसभा की 61 सीटें जीती थी। अब केरल के अलावा वाम मोर्चा कहीं भी खड़ा होने की स्थिति में नहीं है। बीजेपी नेतृत्व ने वाम मोर्चे के अहंकार, आत्मसंतुष्टि, भ्रष्टाचार और उनकी राजनीतिक हिंसा को मुद्दा बनाया और उन्हें राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक बना दिया।

राजनीतिक रूप से एक विजय हासिल करने के साथ साथ प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने वाम रक्त क्रांति को भी देश से समाप्त करने का बीड़ा उठाया। सबसे पहले वामपंथ के पारंपरिक समर्थकों को उनसे अलग करने की रणनीति बनाई। खासकर ग्रामीण इलाकों में सुधार के कई कार्यक्रम शुरू किए गए। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई। फिर मोदी सरकार ने माओवादी उग्रवाद से निपटने के लिए व्यापक योजना बनाई। माओवादी विद्रोह का मुकाबला करने के लिए स्थानीय लोगों को सशक्त बनाया गया। मोदी सरकार ने स्पष्ट रूप से घोषणा की कि नक्सलवाद के प्रति ज़ीरो टोलेरेन्स रखेंगे। यह प्रण किया गया कि 31 मार्च, 2026 तक वामपंथी उग्रवाद को पूरी तरह से खत्म कर देंगे। फिर गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सुरक्षा अभियान, विकास और पुनर्वास एक एकीकृत योजना लागू की गई। ऑपरेशन कगार चला कर सैकड़ों नक्सलियों का खात्मा किया गया और हजारों को आत्मसमर्पण के लिए तैयार किया गया। परिणाम भी सामने आया। 2014 में जहां 126 जिले नक्सलवाद से प्रभावित थे वहीं 2025 में केवल 6 सबसे अधिक प्रभावित जिले ही बच गए हैं।

नक्सल प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में स्कूलों और स्वास्थ्य सेवा केंद्रों का व्यापक विस्तार किया गया। हथियार डाल चुके नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति अपनाकर माओवादियों को मुख्यधारा में फिर से शामिल होने का मार्ग प्रशस्त किया गया। गृह मंत्री अमित शाह ने बल, सुशासन और समावेशी आउटरीच का एक त्रिस्तरीय फार्मूला अपनाकर नक्सलवाद को खत्म करने का समयबद्ध कार्यक्रम तैयार कर लिया है। जो हथियार डालने के लिए तैयार नहीं हो रहे, उन्हें खत्म करने का अभियान दिन रात चलाया जा रहा है। केवल इसी साल 200 से अधिक हथियारबंद नक्सलियों का सफाया किया जा चुका है। इसके अलावा 600 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी किया है। आकड़े बताते हैं कि 30 मई 2025 तक 2824 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सलवाद के खिलाफ अभियान को सबसे बड़ी सफलता तब मिली जब 14 मई, 2025 को सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन चलाया। छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित कर्रेगुट्टालु हिल (केजीएच) पर किए गए इस अभियान में 31 नक्सली मारे गए।

ताजा हालत ये है कि मोदी सरकार ने नक्सलियों को तबाह कर दिया है। जो आदिवासी नक्सलियों के समर्थन में होने के लिए मजबूर किए गए थे वे ही अब नक्सल के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं। आदिवासी अधिकारों के लिए काम जिस गति से हो रहा है, उससे नक्सल समस्या को एक तय समय सीमा में हल करने के प्रति विश्वास पैदा होने लगा है केवल हथियारों से समाजवाद आ सकता है, इस धारणा को बदलने में सफलता मिल रही है।

## प्रसंगवश

# वैश्विक अशांति के बीच नेपाल शांति देशों में शुमार

जब दुनिया के तमाम देशों में मार काट मची हो, ये मेरा ये तेरा को लेकर युद्ध चल रहा हो तब बुद्ध की धरती नेपाल का दुनिया के शांति देशों में सम्मान जनक स्थान पर होना निश्चित ही नेपाल के लिए गर्व की बात है। सच मायने में यह इस बात का भी सबूत है कि नेपाल बुद्ध के पंचशील सिद्धांतों का अक्षरशः पालन करने वाला देश है।

यद्यपि कि नेपाल के कुछ पड़ोसी देश उसकी शांति प्रियता का बेजा फायदा उठाने की ताकत में रहते हैं। इस नन्हें राष्ट्र पर अपना प्रभुत्व जमाने के लिए तमाम तरह के प्रलोभन भी देते रहते हैं। लेकिन नेपाल में शासक कोई भी रहा हो, किसी के अधीन होना स्वीकार नहीं किया। इस होड़ में इस नन्हें राष्ट्र को अशांत करने की कोशिशें भी हुईं लेकिन नेपाल बेदाग का बेदाग बना रहा।

बता दें कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, युद्ध और आर्थिक अस्थिरता के बीच शांति सूचकांक 2025 में पिछले वर्ष की तुलना में 0.36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्था इंस्टिट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस द्वारा जारी ग्लोबल पीस इंडेक्स 2025 में दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद का यह समय विश्व का सबसे अशांत दौर माना गया है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

रिपोर्ट में आइसलैंड को लगातार 2025 में भी सबसे शांतिपूर्ण देश घोषित किया गया है, जबकि रूस को सबसे अशांत देश का दर्जा मिला है। आइसलैंड के बाद सूची में आयरलैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रिया, स्विट्जरलैंड, सिंगापुर, पुर्तगाल, डेनमार्क, स्लोवेनिया और फिनलैंड शामिल हैं। नेपाल को 76वें स्थान पर रखा गया है, जो दक्षिण एशिया में भूटान (21वां स्थान) के बाद दूसरा सबसे शांतिपूर्ण देश है। वहीं, भारत 115 वें और चीन 98 वें स्थान पर है।

सबसे अशांत देशों की सूची में क्रमशः रूस, यूक्रेन, सूडान, कांगो, यमन, अफगानिस्तान, सीरिया, दक्षिण सूडान, इज़राइल और माली शामिल है। यह



शांति का मतलब केवल संघर्ष से बचना नहीं, बल्कि न्याय, समानता और मानव सम्मान की रक्षा करना है। हमें शिक्षा, धार्मिक संस्थान, मीडिया और नीतियों में शांति को आधार बनाना होगा।

सूचकांक देशों में कानून व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा, राजनीतिक स्थिरता, हिंसक संघर्ष, सामाजिक न्याय और विदेश नीति के प्रभाव के आधार पर तैयार किया जाता है।

राष्ट्रीय मदरसा संघ नेपाल के महासचिव मौलाना मशहूद खां नेपाली सहित नेपाल के तमाम नामचीन लोगों ने इस रिपोर्ट में नेपाल की प्रगति को सकारात्मक संकेत बताते हुए कहा कि नेपाल का विश्व के शांतिपूर्ण देशों की सूची में शामिल होना गर्व का विषय है, लेकिन यह केवल उपलब्धि नहीं बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। शांति का मतलब केवल संघर्ष से बचना नहीं, बल्कि न्याय, समानता और मानव सम्मान की रक्षा करना है। हमें शिक्षा, धार्मिक संस्थान, मीडिया और नीतियों में शांति को आधार बनाना होगा। किसी भी देश को शांति प्रिय बनाए रखना सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, इसके लिए "मदरसों, स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, मंदिरों, मस्जिदों सहित सभी संस्थानों को शांति का संदेशवाहक बनना चाहिए। हमें बच्चों को केवल शिक्षा नहीं, बल्कि सहिष्णुता और सम्मान भी देना होगा। नेपाल एक ऐसा देश बन रहा है जहां शांति केवल एक रैंकिंग नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय भावना है। यह सफलता दिखाती है कि आर्थिक सीमाएं या क्षेत्रफल किसी देश की महानता का निर्धारण नहीं करते, बल्कि जागरूक और न्यायप्रिय लोग करते हैं।

# प्रकाश प्रदूषणः अदृश्य संकट की उभरती हुई रोशनी

विकास की रफ्तार और रोशनी की चमक ने अंधेरे के अस्तित्व को संकट में डाल दिया है। कभी रात का अंधकारधरती के संतुलन का एक स्वाभाविक हिस्सा हुआ करता था, लेकिन अब वह बिजली की पहुंच से बची-बचाई कुछ जगहों पर ही रह गया है। पहले जहां रातें गहरी होती थीं और आसमान तारों से भरा मिलता था, अब वहां कृत्रिम रोशनी की ऐसी परत चढ़ गई है कि आसमान में स्वाभाविक रूप से तारों का दिख जाना भी एक अनूठा और विशिष्ट अनुभव लगने लगता है। यह बदलाव जितना तकनीकी लगता है, उतना ही गहराई से यह हमारे पर्यावरण और जीवन के ताने-बाने को प्रभावित कर रहा है।

प्रकाश प्रदूषण अब तक हमारी सार्वजनिक चर्चा का हिस्सा नहीं बन पाया है, क्योंकि यह आंखों से दिखते हुए भी सीधे महसूस नहीं होता। लेकिन इसकी चुपचाप उपस्थिति हमारे आसपास के पेड़-पौधों, पक्षियों, कीटों और यहां तक कि हमारी अपनी नींद और जैविक घड़ी को गड़बड़ा रही है। वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि ज्यादा रोशनी से पक्षियों का प्रवास चक्र, प्रजनन और घोंसले बनाने की आदतें प्रभावित होती हैं। कुछ इलाकों में तो पेड़ों की पत्तियां समय से पहले झड़ने लगी हैं और मौसम के चक्र बिगड़ने लगे हैं। ये संकेत मामूली नहीं हैं- ये हमें बता रहे हैं कि प्रकृति की लय धीरे-धीरे असंतुलित हो रही है।

हमारे शहरों में यह रोशनी अब 'सुरक्षा' और 'सौंदर्यीकरण' के नाम पर योजनाओं का हिस्सा बन चुकी है। सड़कों, झीलों और स्मारकों को रात भर जगमग बनाए रखना अब 'विकास' की निशानी माना जाता है। लेकिन इन योजनाओं में शायद ही कभी यह



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

प्रकाश प्रदूषण कोई एक दिन में हल होने वाली समस्या नहीं है। यह कोई ऐसी चीज़ नहीं है, जिसका हल सिर्फ नई तकनीक से मिल जाए।



देखा जाता है कि उनके आसपास कितनी जैव विविधता है, और उस पर इसका क्या असर पड़ेगा। अंधकार को जैसे एक रुकावट की तरह देखा जाने लगा है-जबकि वह प्रकृति के लिए उतना ही ज़रूरी है जितनी रोशनी।

कुछ देश इस खतरे को पहले ही पहचान चुके हैं। फ्रांस, जर्मनी और जापान जैसे देशों ने सार्वजनिक स्थलों पर रात्रिकालीन रोशनी के नियम तय किए हैं। कुछ जगहों पर तो तय समय के बाद दुकानें और होर्डिंग्स की लाइट बंद कर दी जाती हैं। भारत में अभी इस दिशा में कोई विशेष कानून या नीति नहीं बनी है, जबकि हमारे यहां की पारिस्थितिक विविधता कहीं अधिक संवेदनशील है। पश्चिमी घाट, हिमालय और गंगा के मैदानों में रहने वाले रात्रिचर जीवों के लिए रात का अंधेरा जीवन का आधार है। जब वहां रोशनी पहुंचती है, तो वह उनकी आदतों और व्यवहारों को बदल देती है-और धीरे-धीरे उनके अस्तित्व को भी।

हमारे पारंपरिक समाजों में रात का अंधकार केवल एक समय नहीं था-वह विश्राम, मौन और आत्मचिंतन का प्रतीक भी था। अब वह मौन खो गया है। शहरों में रात बस एक और 'काम का समय' बन चुकी है। रोशनी वहां उत्पादकता का प्रतीक है, विश्राम का नहीं। और यही वह बुनियादी सोच है, जो हमारे जैविक, मानसिक और सामाजिक संतुलन को धीरे-धीरे कमजोर कर रही है।

प्रकाश प्रदूषण कोई एक दिन में हल होने वाली समस्या नहीं है। यह कोई ऐसी चीज़ नहीं है, जिसका हल सिर्फ नई तकनीक से मिल जाए। यह समझने की ज़रूरत है कि विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि सहयोगी होने चाहिए। रोशनी कितनी हो, कहां हो, कितनी देर तक हो- ये तय करना अब ज़रूरी हो गया है। अगर हम समय रहते नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ी शायद अंधेरे में झिलमिलाते तारों को सिर्फ किताबों या कहानियों में ही देख सकेगी।

इस संकट को स्वीकार करना पहला कदम है। जब तक हम इसे एक वास्तविक पर्यावरणीय समस्या की तरह नहीं समझेंगे, तब तक यह धीरे-धीरे हमारे जीवन की स्वाभाविकता को निगलता रहेगा। और सोचिए कि अगर एक दिन अंधकार भी कृत्रिम हो जाए-तो फिर जीवन की असल लय कहां बचेगी?

## सोशल फोरम

# जिंदगी से बड़ी है जिंदगी

हर व्यक्ति की अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग क्षमता होती है, प्रकृति प्रदत्त। सभी की क्षमता सभी क्षेत्रों में नहीं हो सकती। प्रकृति की योजना। यह योजना हमारे लिए अनुत्क्रमणीय है। इस सीमा को महसूस करना और क्षेत्र-सापेक्ष क्षमता का आकलन करना ही हमारे लिए शक्य है। यह जीवन की एक अकाट्य सीमा है।

दृढ़ संकल्प से क्षेत्र विशेष में सीमा के विस्तार की संभावना रहती है। किंतु कोई भी विस्तार असीमित नहीं है। इस दृश्य और गम्य संसार में कुछ भी असीमित नहीं है। वह वस्तु या पदार्थ हो, शक्ति या ऊर्जा हो, व्यक्ति या परिघटना हो, कुछ भी असीमित नहीं।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

संभवतः इसी रिक्ति को भरने के लिए परम, निःसीम, कालातीत, पूर्ण, अनादि-अनंत परम सत्ता, परम शक्ति, परम चेतना, परम सत्य, ईश्वर की अवधारणा विकसित हुई हो। लोकोत्तरवाद, स्वर्ग-नर्क, मोक्ष, रहस्यवाद, अंतिम फ़ैसला वगैरह की परिकल्पनाएं इसी रिक्ति से निकली हों। विडंबना यह है कि इन तमाम परिकल्पनाओं के बावजूद अपनी क्षमता का सीमांत किसी को ज्ञात नहीं। क्षमता हो, न हो, कुछ करने, कुछ पाने की आकांक्षा बनी रहनी है। अंतिम सांस तक बनी रहनी है। आकांक्षा और क्षमता के बीच द्वंद्व में तालमेल बिठाने का प्रयास ही ज़िंदगी है। यह प्रयास अंतिम सांस तक चलना है। एक वस्तुगत भुलावे को भुलावा न मानकर लगातार उसे धक्का देने, किसी न किसी प्राप्य को लक्ष्य बनाने और निरंतर उसको प्राप्त करने की ओर आगे बढ़ने के प्रयास का नाम ही ज़िंदगी है।

ज़िंदगी का अंत कब आएगा? पता नहीं। किंतु नए-नए मंसूबे बनाना, उनके लिए नई नई योजनाएं तैयार करना, उन पर आगे बढ़ने की कोशिश करना, ज़िंदगी के अंत तक जारी रहेगा। जीने की प्यास अंत तक बनी रहेगी। अपने सामर्थ्य के घिसते, बिखरते जाने के बावजूद बनी रहेगी। ज़िंदगी की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति के लिए किए गए प्रयास की आकांक्षाएं, प्रयास के सामर्थ्य की आकांक्षाएं... अंतिम सांस तक बनी रहेंगी। ज़िंदगी बीतते जाने के साथ आकांक्षा और क्षमता के बीच छाया अनिश्चितता का कोहरा घना होता जाएगा।

**-फेसबुक वॉल से**

# क्या होता है लिखने या बोलने से

जिन्हें लगता है कि ईरान-इज़राइल से हमें क्या वास्ता। जिनको लगता है कि दूसरों के मसलों पर बोलने की हमें क्या ज़रूरत, जिन्हें लगता है कि यार तुम्हारे लिखने, बोलने से उन पर क्या ही फ़र्क़ पड़ता है। जिन्हें लगता है कि हम क्यों इतना लिख-बोल रहे हैं, जबकि यह हमसे कोई बहुत जुड़ा हुआ मुद्दा नहीं है। उनसे हमें कुछ कहना है। जो आप सोचते हैं, हमें भी पता है। हमसे बेहतर कौन जानता है कि यहां लिखने-पढ़ने से उधर फ़र्क़ नहीं पड़ता मगर हम लिखते हैं। असल में दुनिया में कहीं भी कोई मसला गुज़रे और उसमें अगर आपको सही या ग़लत की समझ आए, तो बोलने में क्या बुराई है। ऐसे बहुत से मुद्दे हैं, जिन पर हमें नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि हमारा उनसे कोई जुड़ाव नहीं है। तो क्या बोलने के लिए किसी जुड़ाव की ज़रूरत है। हमें तो यही लगता है कि हमारे पास जो नज़रिया है, उससे टकराने वाली कोई भी बात या फिर उससे जुड़ी कोई भी बात कहीं भी हो, तो कहने में क्या ही जाता है।

हम न किसान हैं और न कभी किसानी की है, तो क्या हम इन पर न ही बोलें। हम तो औरत नहीं हैं, तो क्या जिस मुश्किल का सामना यह करती हैं, उसे न लिखे। एलजीबीटीक्यू समुदाय से जुड़े न होने पर क्या हम इनकी तक़लीफ़ पर न लिखें। हम तो हर चीज़ से



हफीज किदवई
लेखक

हमें दुनिया के किसी भी मसले पर अपनी पूरी समझ से एक राय देना ठीक लगता है। अपने नज़रिए को बताना सही लगता है। हम हिरोशिमा के परमाणु हमले की हर साल मज़म्मत करते हैं, क्योंकि हम नहीं चाहते दुनिया में यह कहीं दोबारा हो। जबकि हमें कभी हिरोशिमा नहीं जाना। हमारे बुज़ुर्ग रास्ता दिखा गए हैं कि कोई भी देश हो, कोई भी नस्ल हो, कोई भी रंग हो, कोई भी जाति हो, तुम यह देखो की तुम्हारे कदम से सबसे आख़री कमज़ोर व्यक्ति को क्या लाभ पहुंच सकता है, उसे लाभ पहुंचा दो।

पल्ला झाड़ सकते हैं यह कहकर कि इससे हमारा क्या मतलब, मगर यह तो हमसे नहीं हो सकेगा।

अफ्रीका हो, यूरोप हो, अमरीका हो, अस्ट्रेलिया हो, कोरिया हो, एशिया हो या कहीं भी हो,आपको बोलने में तक़लीफ़ क्यों होती है। सबसे आसान है कि मुंह पर चादर डालकर पड़े रहो। जब अपने पर आएगी, तब देखा जाएगा। हम तो उन घरों से आए लोग हैं, जो मोहल्ले या कॉलोनी में अगर कोई मर जाए, तो उसकी मय्यत को अपने घर की मय्यत समझ दुःखी होते है। दूर दराज़ कोई लड़की टॉप करती है, तो खुश होते हैं। सुनीता विलियम्स की सफ़लता पर मुस्कुराते हैं । कल्पना चावला की मौत पर दुःखी होते हैं।

हमें दूसरे मुल्कों की वर्तमान सत्ता तो छोड़िए, पुराने लीडर भी याद हैं। उनके कामों पर नज़र रखते हैं, तभी तो सोच पाते हैं कि हममे क्या बेहतर है या क्या कम है। दुनिया में आए हैं, तो दुनिया को समझिए, उसके लीजिये कुछ कीजिए। ग़लत का विरोध कीजिए, सही का साथ दीजिए, इसके लिए इतना सोचना विचारना क्या। हां जिनमें समझ ही नहीं है, उनसे इस बात की उम्मीद भी नहीं की जानी चाहिए।

यहां लिखने या बोलने से यह होता है कि हम भी अपनी आवाज़ उसमें शामिल कर देते हैं, जिसका रास्ता हमें सही लगता है। कुछ लोग तो ऐसे होते हैं कि उन्हें अपने सगे भाई की दिक्कत से कोई लेना देना नहीं,तो कुछ ऐसे हैं जो दिक्कत में फंसे किसी भी इंसान के लिए तड़प उठते हैं। यह तो इंसान इंसान की संवेदना का अंतर है। कोई है जो चिड़िया, जानवर बचाता है, मगर इंसान के मिटने पर खुश होता है, तो क्या किया जाए। वही कीजिए, जो आपको सही लगे, हमें यही सही लगता है ।

हमें दुनिया के किसी भी मसले पर अपनी पूरी समझ से एक राय देना ठीक लगता है। अपने नज़रिए को बताना सही लगता है। हम हिरोशिमा के परमाणु हमले की हर साल मज़म्मत करते हैं, क्योंकि हम नहीं चाहते दुनिया में यह कहीं दोबारा हो। जबकि हमें कभी हिरोशिमा नहीं जाना।

हमारे बुज़ुर्ग रास्ता दिखा गए हैं कि कोई भी देश हो, कोई भी नस्ल हो, कोई भी रंग हो, कोई भी जाति हो, तुम यह देखो की तुम्हारे कदम से सबसे आख़री कमज़ोर व्यक्ति को क्या लाभ पहुंच सकता है, उसे लाभ पहुंचा दो। ज़ालिम और मज़लूम में पहचान करो और मज़लूम के साथ खड़े हो जाओ। ज़ुल्म के दोस्त मत बनो। अब इन बेसिक समझ के लिए न कोई रॉकेट साइंस लगनी है और न ही सरहद....

तो भाई लिखने से कुछ होए या न होए, कम से कम तुम्हे यो पता चल रहा है कि किसका पक्ष क्या है, नज़रिया क्या है, सोच कैसी है। यही बहुत है। लिखने से तुम्हारी आंखों में तो कोई पर्दा नहीं रह जाएगा,समझ लो इसीलिए लिखते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# दो किलो अफीम के साथ 3 तस्करों को किया गिरफ्तार

## झारखंड से लाकर पंजाब के इलाकों में करते थे सप्लाई, भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** झारखंड से मादक पदार्थ लाकर बरेली समेत पंजाब में सप्लाई करने वाले तीन तस्करों को थाना बारादरी पुलिस ने दो किलो हाई ग्रेड अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। अफीम की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 40 लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मिलक मझरा थाना भमोरा निवासी कृष्ण कुमार उर्फ आशू, गांव खुर्द थाना फरीदपुर के तेजपाल और ताल गौटिया, फरीदपुर निवासी ताराचंद्र के रूप में हुई है।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि रविवार रात पुलिस ने गश्त के दौरान विकास भवन के पीछे वाली रोड से तीनों आरोपियों को दबोच लिया। सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि सभी झारखंड से अफीम मंगाते हैं। वहां का राहुल नाम ट्रेन से अफीम लाकर बरेली में देता है। आरोपी हर बार अलग-अलग ट्रेन से आते-जाते हैं। इस बार यह माल राहुल किसान एक्सप्रेस से लेकर आया था।



जानकारी देते एसपी सिटी मानुष पारीक व सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव।

> झारखंड से मादक पदार्थों को लाकर बरेली समेत पंजाब में सप्लाई करने वाले तीन तस्करों को दो किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया है। तीनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। साथ ही अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।
> –**मानुष पारीक**, एसपी सिटी

### धूप बत्ती मिलाकर अफीम को करते हैं दोगुना

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि झारखंड से अफीम लाने के बाद उसमें एनर्जी पाउडर, धूप बत्ती समेत अन्य सामान मिलाकर दोगुना कर देते हैं। जिसे ट्रक से लुधियाना समेत पूरे पंजाब में सप्लाई करते हैं। ताराचंद्र ट्रक ड्राइवर है। ट्रक से तीनों पंजाब में किराना समेत अन्य सामान को लेकर जाते हैं। जहां पर अलग-अलग तस्करों को सप्लाई करते हैं। ट्रक से अन्य माल के साथ छिपाकर अफीम ले जाने पर कोई शक नहीं करता और न ही ट्रक मालिक को पता चलता है।

## व्यापारी नेता पर हमले से आक्रोश कार्रवाई की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** मोहल्ला दयालपुरा निवासी राजीव गुप्ता ने बताया कि वह राष्ट्र जागरण उद्योग व्यापार मंडल के तहसील अध्यक्ष हैं। वह शुक्रवार को अपने दोस्त कपिल शर्मा का जन्मदिन मनाने के बाद कुछ मित्रों के साथ गरगड्या पेट्रोल पंप के पास एक ढाबे पर चाय पीने पहुंचे थे। उनके साथ आशीष गुप्ता, सोनू राठौर और अनिल गुप्ता भी मौजूद थे।

आरोप है कि इस बीच हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव सुड़ियावा निवासी दिनेश गंगवार और औरंगाबाद निवासी सूरज गंगवार अपने 3-4 साथियों के साथ वहां पहुंचे और बिना किसी विवाद के उनपर जानलेवा हमला कर दिया। दोस्तों ने बीच-बचाव की कोशिश की तो हमलावर और भी ज्यादा आक्रामक हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही शनिवार को कई व्यापारी संगठन के लोगों ने थाने पहुंच कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी न होने से व्यापारियों में रोष है। एसएसपी से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## सरदार जी-3 मूवी में पाकिस्तानी अभिनेत्री होने पर भड़के मौलाना

**बरेली, अमृत विचार :** पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर के साथ फिल्म 'सरदार जी 3' का ट्रेलर रिलीज करने के बाद पंजाबी सिंगर एवं अभिनेता दलजीत सिंह दोसांझ विवादों में घिर गए हैं। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक के बीच पैदा हुए हालात के बीच लोग भारतीय फिल्म में पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर के काम करने पर विरोध जता रहे हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन ने भी विरोध जताते हुए कहा कि क्या दलजीत को भारत में कोई अभिनेत्री नहीं मिली। मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा कि पाकिस्तानी अभिनेत्री को लेकर भारत में गलत संदेश जा रहा है। उन्होंने लोगों से सरदार जी-3 मूवी नहीं देखने की अपील की है। वहीं सरकार से इस फिल्म पर तत्काल रोक लगाने और दलजीत दोसांझ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कहा कि पहलगाम की आतंकी घटना के बाद भारत पाकिस्तान के बीच जंग के हालात पैदा हो गए थे। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर आतंकवादी अड्डों को नष्ट किया था।

# दुकानों के किराये में जीएसटी के साथ बढ़ोतरी पर व्यापारियों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मेयर को ज्ञापन सौंप कर बढ़ा किराया और जीएसटी वापस लेने की मांग
- मांगें नहीं मानीं तो वे अपनी दुकानों की चाबियां नगर निगम को सौंप देंगे
- मेयर ने कहा कि किसी से जीएसटी और गलत किराया नहीं लिया जाएगा

**अमृत विचार:** नगर निगम की दुकानों पर कई साल से काबिज दुकानदारों ने सोमवार को किराये में बढ़ोत्तरी और जीएसटी के साथ वसूली पर नगर निगम में प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने जमकर नारेबाजी करते हुए मेयर डॉ. उमेश गौतम को ज्ञापन सौंपा। इसमें दुकानदारों ने बताया है कि दुकानों का किराया 12 गुना बढ़ा दिया गया है और जीएसटी भी लगा दी गई है। इस पर मेयर ने आश्वासन दिया कि किसी से जीएसटी और गलत किराया नहीं लिया जाएगा।

पार्षद राजेश अग्रवाल की अगुवाई में पहुंचे दुकानदारों ने मेयर को बताया है कि करीब 1400 लोगों ने दुकान किराए पर ली हैं। बिना किसी सरकारी अधिनियम और आदेश के दुकानों का किराया अचानक से करीब 700 से 1000 से बढ़ाकर 8400 से 10 हजार रुपये महीना तक कर दिया गया है। इसके अलावा 18 प्रतिशत जीएसटी अलग से मांगी जा रही है।

सपा पार्षद राजेश अग्रवाल ने मेयर डॉ. उमेश गौतम को पूरी समस्या बताई। मेयर ने उन्हें आश्वासन दिया है कि उनके साथ कानून और नियमों के विरुद्ध कुछ नहीं किया जाएगा। दुकानदारों का कहना है कि 31 मार्च के बाद से उनका किराया जमा नहीं किया जा रहा है। इतना ही नहीं किराया बढ़ाने का कोई नोटिस नहीं दिया गया। सिर्फ एक इंस्पेक्टर आया और वह दुकानदारों को हड़काने लगा है। इससे सभी किराएदार परेशान हो गए हैं।पार्षद ने कहा कि नगर निगम की ओर से जब दुकान किराये पर दी गई थीं, तब एक इकरारनामा किया गया था। उसमें यह कहीं नहीं लिखा गया है कि दुकानों का किराया कभी भी अचानक से बढ़ाया दिया जाएगा। पुराने इकरारनामे की शर्तों में स्पष्ट रूप से यह लिखा है कि पांच वर्ष में एक बार पांच प्रतिशत किराया बढ़ाया जाएगा, जबकि नए इकरारनामे के अनुसार 12 प्रतिशत किराया बढ़ाया जा सकता है, लेकिन नगर निगम की नीति किसी भी सूरत में हम स्वीकार नहीं करेंगे। निगम बोर्ड की बैठक में बिना मंजूरी के अधिकारियों ने मनमाना प्रस्ताव तैयार किया है उसे हम किसी भी हाल में लागू नहीं होने देंगे। अगर नगर निगम ने मांगें नहीं मानीं तो दुकानदार अपनी दुकानों की चाबियां नगर निगम को सौंप देंगे। हम आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इस दौरान एसएस चावला, राजकुमार, संजय भानु, नरेंद्र कुमार, मोहम्मद जावेद, जसपाल सिंह, रमेश कुमार, अफजाल, आशु, पंकज, विशाल, मोहित अरोड़ा, जतिन यादव, विवेक गर्ग, अमन टंडन, मोहम्मद आजम, शिव चावला, रवि शंकर, राजाराम, सचिन कुमार गुप्ता, दर्शन कुमार, कैलाश चंद्र, वरुण, अमर सिंह, अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## अब सछास के जिलाध्यक्ष पर रंगदारी मांगने की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली कॉलेज के बीए के छात्र ने लगाया आरोप

**अमृत विचार :** समाजवादी छात्रसभा के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा पर बरेली कॉलेज के बीए के छात्र ने गालियां देने और रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मढ़ीनाथ निवासी प्रिंस यादव ने बताया कि वह बरेली कॉलेज में बीए का छात्र है। शनिवार देर रात उसके मोबाइल नंबर पर एक युवक ने कॉल की और खुद को समाजवादी छात्रसभा के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा बताते हुए गालीगलौज और धमकी देने लगा। उसने पांच हजार रुपये की रंगदारी मांगी। बताया कि आरोपी अविनाश मिश्रा इससे पहले भी कई लोगों को धमका चुका है। आरोपी ने धमकी दी है कि यदि रुपये नहीं दिए तो वह पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा, जिससे छात्र संगठन बदनाम हो जाएगा। छात्र की शिकायत पर बारादरी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार पिछले पांच महीने में आरोपी के खिलाफ पांच रिपोर्ट दर्ज हो चुकी हैं। बारादरी इंस्पेक्टर का कहना है रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच की जा रही है। वहीं सछास के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने मामले को झूठा बताया है। मैंने किसी से रंगदारी नहीं मांगी है। प्रिंस यादव एबीवीपी का पदाधिकारी है। वह राजनीतिक रूप से उनकी छवि को खराब करने के लिए सत्तापक्ष के दबाव में झूठे आरोप लगा रहा है।

# नवजात को ट्रेन में रखने वाले की हो रही तलाश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में चल रहा उपचार
- स्पेशल ट्रेन के एसी कोच में बैग में मिला था नवजात

**अमृत विचार:** पटना से चंडीगढ़ जा रही स्पेशल ट्रेन के सेकंड एसी कोच में रविवार को एक बैग में मिले नवजात का जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में उपचार चल रहा है। रेल पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल इस बात की जानकारी जुटा रही है कि नवजात को ट्रेन में किसने रखा है, जिसके लिए स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया जा रहा है।

रविवार को पटना से चंडीगढ़ जा रही स्पेशल ट्रेन के सेकंड एसी कोच में एक बैग में नवजात मिला था। मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और चाइल्ड लाइन की टीम ने उतारकर नवजात को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया था। नवजात को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, इसलिए उसे महिला अस्पताल के एसएनसीयू में रखा गया है। चाइल्ड लाइन के सुपरवाइजर विनीत चौधरी ने बताया कि आरपीएफ के मैसेज पर वह स्टेशन पर पहुंचे और रेलवे के डॉक्टरों के बुलाकर उनकी देखरेख में बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। नवजात एक माह तक महिला अस्पताल के एसएनसीयू में रहेगा। वहां अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ उसके स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे। इसके बाद उसे बाल कल्याण समिति को सौंप दिया जाएगा। वहीं सोमवार को अस्पताल में भर्ती नवजात की हालत में हल्का सुधार आया।

एसपी जीआरपी आशुतोष मिश्रा ने बताया कि नवजात को किसने रखा है, इसके लिए राजकीय रेल पुलिस व रेलवे सुरक्षा बल को लगाया है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से नवजात को बैग में करके ट्रेन में रखने वाले की तलाश की जा रही है। महिला जिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. निर्मला पाठक ने बताया कि नवजात गंभीर हालत में ही भर्ती कराया गया था। एसएनसीयू में रखा गया है। सांस लेने में दिक्कत न हो इसके लिए कंटीन्यूअस पॉजिटिव एयरवे प्रेशर (सीपैप) दिया जा रहा है।



जिला अस्पताल में भर्ती नवजात।

## एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा तिथि में बदलाव

**बरेली, अमृत विचार:** महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय ने 26 जून को होने वाली एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा तिथि में बदलाव कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर (पुराना एवं नया पाठ्यक्रम) के स्पेसिफिक कॉन्ट्रेक्ट्स के द्वितीय प्रश्नपत्र की परीक्षा, पहले 13 जून को आयोजित की जानी थी लेकिन इसे संशोधित कर 26 जून कर दिया गया था। अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। अब परीक्षा 27 जून को पूर्व निर्धारित समय सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। छात्रों को निर्देशित किया गया है कि वह अपना संशोधित प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर लें।

# शैक्षिक सत्र शुरू होने के बाद भी आवंटित नहीं हुआ बजट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 100 करोड़ की ग्रांट हुई थी स्वीकृत, रुविवि को नहीं मिली रकम
- एआर लैब समेत अन्य महत्वपूर्ण कार्य अभी तक नहीं हो पाए शुरू

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन केंद्र सरकार की पीएम-उषा (प्रधानमंत्री उच्च शिक्षा अभियान) योजना के तहत स्वीकृत 100 करोड़ रुपये की ग्रांट अभी तक नहीं मिल पाई है। इसकी वजह से एआर लैब समेत कई कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाए हैं।

दरअसल, शासन से अनुदान राशि की स्वीकृति के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने कई योजनाएं तैयार की थीं, जिनमें अत्याधुनिक एआर (ऑगमेंटेड रियलिटी) लैब, स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल पुस्तकालय और छात्र-छात्राओं के लिए आधुनिक सुविधाओं का विकास शामिल था। इनमें से अधिकांश परियोजनाएं अभी तक धरातल पर उतर नहीं पाई हैं। स्मार्ट क्लासरूम की प्रक्रिया में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है।

पीएम-उषा योजना का उद्देश्य देशभर में उच्च शिक्षा संस्थानों को आधुनिक तकनीकी संसाधनों से लैस करना और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है। रुविवि को इस योजना के तहत प्रदेश के चुनिंदा विश्वविद्यालयों में शामिल किया गया था।

# भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भाकियू का कमिश्नरी में प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली मंडल के चारों जिलों से पहुंचे किसान, कमिश्नर के आश्वासन पर शाम को धरना किया समाप्त

**अमृत विचार:** सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार से त्रस्त भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने सोमवार को कमिश्नरी पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने पंचायत कर पुलिस और प्रशासन को जमकर घेरा।

मंडल के बदायूं, बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर जिलों से पहुंचे किसानों ने अलग-अलग विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अपनी समस्याएं सिर्फ कमिश्नर को बताएंगे।

कमिश्नर के नहीं आने पर किसानों ने रात भर धरने की चेतावनी दी। इस पर कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने भाकियू के एक प्रतिनिधिमंडल को कार्यालय में बुलाकर वार्ता की। इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित 17 सूत्री मांगपत्र कमिश्नर को सौंपा। कमिश्नर ने अधिकांश मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद शाम करीब 5 बजे किसान नेता कमिश्नर के समझाने पर मान गए और वापस लौट गए। किसानों ने चेतावनी दी यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो 1 जुलाई से मंडल की सीमाएं बंद कर दी जाएंगी।

पिछले सप्ताह भाकियू के मंडल अध्यक्ष अरुण राठी ने मंडल के सभी जिलों के पदाधिकारियों से कमिश्नरी में पंचायत करने की घोषणा की थी। इसी के तहत सोमवार सुबह करीब 11 बजे से ही किसानों का कमिश्नरी में पहुंचना शुरू हो गया। मंडल अध्यक्ष अरुण राठी ने कमिश्नर को बताया कि हर विभाग में भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर है। गरीब और हाशिए पर खड़े किसानों की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बदायूं जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया सतासी निवासी हरिराम न्यायालय से मुकदमा जीत चुके हैं, बावजूद इसके पुलिस और प्रशासनिक अफसर उसकी जमीन पर कब्जा नहीं दिला रहे हैं।

### गन्ना भुगतान और खाद की किल्लत

किसानों ने खुसरो स्कूल के प्रबंधक शेर अली जाफरी की ओर से जिन छात्रों को फर्जी मार्कशीट दी गई, उनके पैसे वापस दिलाने, बहेड़ी की केसर शुगर मिल पर बकाया गन्ना किसानों का भुगतान, धान की रोपाई के समय डीएपी और एनपी खाद की भारी किल्लत को लेकर रोष जताया। इसी के साथ फतेहगंज पश्चिम के किसानों ने आरोप लगाया कि वैध कनेक्शन के बावजूद बिजली विभाग ने उनके खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज कर जुर्माना लगाया है। वहीं, फतेहगंज ब्लॉक के रसूला चौधरी गांव में भूमि विकास बैंक की ओर से किसानों पर लोन की रकम से 10 गुना वसूली का आरोप लगाया गया। मीरगंज तहसील के होसेपुर गांव में धारा 67 लगाकर की गई आरसी की जांच, कानूनगो और लेखपाल पर छात्र योगेंद्र कुमार का ईडब्लूएस प्रमाणपत्र न बनाने का आरोप लगाया। वहीं पीलीभीत की कलिनगर तहसील में 181 एकड़ सीलिंग की जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा कब्जा किए जाने का मुद्दा भी पंचायत में उठा। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा, प्रदेश उपाध्यक्ष मंजीत सिंह, जिलाध्यक्ष तेजपाल गंगवार, जिलाध्यक्ष पीलीभीत मंजीत सिंह, जिलाध्यक्ष शाहजहांपुर संदीप सिंह, जिलाध्यक्ष बदायूं रामचन्द्र, अंकित गंगवार आदि मौजूद रहे।

## जागरूक रहें और धोखाधड़ी से बचें

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सोमवार को राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र के वित्तीय शिक्षा प्रशिक्षक रचित दीक्षित ने छात्र-छात्राओं को बताया कि हम किस प्रकार से वित्तीय धोखाधड़ी से बच सकते हैं, अपने धन का सही तरीके कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं। कहा कि हमें अपने पैसों और अपने खर्चों के बीच सही तालमेल बैठाना चाहिए, जिससे हमारे बुढ़ापे के दिनों में आर्थिक रूप से कोई परेशानी न हो। जागरूक रहकर वित्तीय धोखाधड़ी से बचा जा सकता है। वित्तीय गतिविधि में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अध्यक्षता प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका ए मसीह और उप-प्रधानाचार्या डॉ. अनीता पी. ने की।

# शादी के बाद बना शिक्षक मांगा 50 लाख का दहेज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिंदा जलाने की कोशिश का भी आरोप, पति और ससुराल वालों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** बिहारमान नगला निवासी कुसुम ने बताया कि उसकी शादी कैंट थाना क्षेत्र के कांधरपुर निवासी आलोक कुमार भास्कर के साथ 18 जुलाई 2018 को हुई थी। शादी में परिजनों ने 11 लाख रुपये, एक मोटरसाइकिल समेत काफी सामान दिया।

शादी के दो महीने तक सब कुछ ठीक रहा। उसके बाद उसके पति की सरकारी शिक्षक की नौकरी लग गई। इसके बाद पति समेत पूरे परिवार का व्यवहार बदल गया। ससुराल वालों ने कहा कि उसके बेटे की शादी आ रही है, उसमें उसे 70 लाख रुपये मिल रहे हैं। ऐसे में 50 लाख रुपये अपने घरवालों से लाकर दे दो तो नहीं तो तलाक दिलवा दिया जाएगा। विरोध करने पर 10 मई को उसे घर में तेल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश की गई। वह किसी तरह जान बचाकर अपने मायके पहुंची।

घर वाले उसे लेकर ससुराल पहुंचे और काफी समझाया। जिस पर ससुराल वालों ने फिर से 50 लाख रुपये की मांग की। असमर्थता जताई तो मारपीट कर पूरे परिवार को जिंदा जलाने की धमकी दी। महिला शिकायत लेकर इज्जतनगर थाने पहुंची, जहां से उसे भगा दिया गया। इस पर मामले की शिकायत महिला आयोग में की गई। अब महिला आयोग के निर्देश पर पति, ससुर श्यामलाल, सास प्रभा देवी, देवर प्रवीन, ननद रीना, रीता समेत एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## चाइनीज मांझे से कटकर युवक घायल

**बरेली, अमृत विचार:** भुता थाना क्षेत्र के केसरपुर निवासी इश्तियाख अपने बेटे के साथ बाइक से शहर आए थे। जैसे ही वह थाना बारादरी क्षेत्र के मालियों की पुलिया के पास पहुंचे तभी अचानक से आगे चाइनीज मांझा आ गया।

हेलमेट लगा होने के बावजूद मांझे से कटकर उनके चेहरे पर गहरा घाव बन गया और काफी खून बह गया। अगर मांझा उनकी गर्दन पर पहुंचा जाता तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। शहर में आए दिन चाइनीज मांझे से हादसे होने के बाद भी उसकी बिक्री पर रोक नहीं लग पा रही है। इससे पहले किला में विस्फोटक मांझा बनाते समय हादसा होने से तीन लोगों की मौत के बाद चाइनीज मांझा बनाने और बेचने पर रोक लगा दी गई थी, लेकिन अब शहर में फिर से मांझे की बिक्री शुरू हो गई है।

# कोच में झूला बनाकर कर रहे यात्रा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में पैर रखने तक की जगह नहीं
- टॉयलेट में खड़े होकर सफर करने को मजबूर यात्री

**अमृत विचार:** गर्मी में दिल्ली जाने वाली ट्रेनों की हालत काफी खराब है। हालात ऐसे हैं कि ट्रेनों के जनरल कोच झूले में तब्दील हो गए हैं। हर स्टेशन पर ट्रेन के अंदर बढ़ती भीड़ के कारण यात्रियों को सांस लेना तक मुश्किल हो रहा है। जननायक, अवध असम समेत अन्य प्रमुख ट्रेनों के जनरल कोचों में भारी भीड़ के चलते यात्री टॉयलेट में खड़े होकर सफर करने को मजबूर हैं। सोमवार को भी कई ट्रेनों के अंदर की स्थिति ऐसी ही रही।

सोमवार को बरेली जंक्शन से गुजर रही जननायक एक्सप्रेस के जनरल कोचों में इतनी भीड़ थी कि लोग न केवल दरवाजों पर लटकते नजर आए, बल्कि कई यात्री टॉयलेट और कोने-कोने में किसी तरह खड़े होकर यात्रा कर रहे थे। गर्मी के कारण भीड़ में दम घुटने जैसी स्थिति बनी रही। बुजुर्ग और महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान दिखीं। जानकारी के अनुसार पूर्वांचल के स्टेशनों से बड़ी संख्या में यात्री दिल्ली के लिए रवाना हो रहे हैं। रिजर्वेशन फुल होने के कारण यात्रियों का जनरल कोचों पर ही दबाव है। खासकर प्रवासी मजदूर और दैनिक यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। यात्रियों ने रेलवे से मांग की है कि दिल्ली रूट पर अतिरिक्त कोच लगाए जाएं या फिर विशेष ट्रेनों का संचालन किया जाए। एक यात्री सुरेश पाल ने बताया लखनऊ से बरेली तक हम टॉयलेट में खड़े होकर पहुंचे हैं, क्योंकि कोच में पैर रखने तक की जगह नहीं थी।

वहीं पूजा देवी ने कहा कि जनरल कोच में महिलाओं के लिए कोई सुरक्षा नहीं है, हालत बेहद चिंताजनक हैं। जनरल कोचों में भारी भीड़ के चलते यात्री टॉयलेट में खड़े होकर सफर करने को मजबूर हैं। इस वजह से परेशानी हो रही है।

### 17 घंटे तक की देरी से पहुंचीं ट्रेनें

**बरेली, अमृत विचार :** रोजाना ट्रेनों के देरी से चलने से यात्री परेशान हो रहे हैं। सोमवार को बरेली जंक्शन पर कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं। 04503 चंडीगढ़ स्पेशल सात घंटे, 03223 हरिद्वार स्पेशल 20 घंटे, 04830 जोधपुर स्पेशल छह घंटे, 04025 दिल्ली स्पेशल दो घंटे, 12327 देहरादून दो घंटे 20 मिनट, 15075 टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस एक घंटे की देरी से पहुंची। इसके अलावा 03224 राजगीर स्पेशल 17 घंटे और 04606 गुवाहटी स्पेशल दो घंटे देरी से आई।

## बरेली कॉलेज में 21 जुलाई से शिक्षकों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम

**बरेली, अमृत विचार:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बरेली कॉलेज में शिक्षकों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम 21 जुलाई से शुरू किया जा रहा है। इसमें पहले चरण में कॉलेज के सौ शिक्षकों को शामिल किया जाएगा। प्राचार्य प्रो. ओपी राय के निर्देशन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति की मूल अवधारणाओं और लक्ष्यों से अवगत कराना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञों की ओर से एनईपी 2020 के तहत उच्च शिक्षा में लाए जा रहे बदलावों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसमें मल्टी-डिसिप्लिनरी एजुकेशन, क्रेडिट सिस्टम, चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम, कौशल विकास, शोध आधारित शिक्षा और डिजिटल लर्निंग जैसे विषयों को शामिल किया गया है। कॉलेज प्रशासन के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन चरणबद्ध तरीके से होगा।

# पुराने बकायेदारों के 1167 खाते सीज

अनुपम सिंह, बरेली

- अप्रैल से अब तक रेंज 1 और 2 ने बैंक अटैचमेंट की कार्रवाई कर होल्ड की रकम
- बैंकों के जरिए खातों से बकाया धनराशि की वसूली करेंगे जीएसटी विभाग के अफसर

**अमृत विचार :** राज्य कर नहीं जमा करने वाले व्यापारियों पर जीएसटी विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। व्यापारियों के खातों में पड़ी रकम को होल्ड कराने के लिए बैंक अटैचमेंट की कार्रवाई की जा रही है। अब तक पांच करोड़ रुपये से अधिक के बकायेदारों के 1167 खातों को सीज किया गया है। बैंक के जरिए व्यापारियों के खातों से धनराशि विभाग में जमा कराई जाएगी।

मंडल के बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत में बड़ी संख्या में ऐसे व्यापारी हैं, जिन पर कई साल की जीएसटी की बकायेदारी है। व्यापारियों को राहत देने के लिए सरकार की ओर से एमनेस्टी योजना भी लागू की गई है। 31 मार्च तक योजना के तहत बकाया टैक्स जमा कर व्यापारी लाभ उठा सकते थे। बड़ी संख्या में व्यापारियों ने योजना का लाभ उठाते हुए बकाया टैक्स जमा भी किया, मगर काफी संख्या उन व्यापारियों की भी है, जिन्होंने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखी।

जीएसटी विभाग के कागजों में ये बकायेदार की श्रेणी में शामिल हैं। ऐसे में विभाग ने बकायेदार व्यापारियों से वसूली के लिए डीआरसी-13 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। अफसरों के अनुसार अप्रैल से अब तक रेंज-1 के 348 मामलों में 457.11 लाख और रेंज-2 के 87.11 लाख रुपये के बकायेदारी के मामले में बैंक अटैचमेंट की कार्रवाई की गई है। इस तरह से 1167 व्यापारियों के खातों को विभाग ने सीज किया है। इसमें बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत के व्यापारी भी शामिल हैं। अधिकतम संख्या बरेली के व्यापारियों की है।

> बकाया राज्यकर नहीं जमा करने वालों पर डीआरसी-13 की कार्रवाई की जा रही है। सीज खातों को खंगाला जाएगा। बकायेदारी के हिसाब से क्या उसके खाते में उतनी धनराशि पर्याप्त है। उपलब्ध होने पर वसूली होगी और अगर नहीं होगी तो भू राजस्व की तरह चल-अचल संपत्ति को कुर्क करने की भी कार्रवाई की जाएगी। –**आशीष निरंजन**, अपर आयुक्त ग्रेड-2 एसआईबी

### 2017 से 2021 तक के हैं बकायदोर

जिन व्यापारियों के खातों को सीज किया गया है, वे 2017-18 से लेकर 2020-21 तक के बकायेदार हैं। इसमें वे मामले भी शामिल हो सकते हैं, जिसमें तमाम व्यापारी अपील में भी जा चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी क्योंकि कई बार मौके और राहत दिए जाने के बाद भी बकायेदार धनराशि को जमा नहीं करते हैं। अभी सैकड़ों और व्यापारी हैं, जिन पर कार्रवाई की तैयारी चल रही है।

## नायब नाजिर और साथी ने कानूनगो को पीटा

**रामपुर, अमृत विचार :** सोमवार सुबह तहसील सदर में नियुक्त नायब नाजिर शाहिद अली खां अपने साथी समीर पुत्र जमीर खान निवासी नालापार थाना कोतवाली के द्वारा कार्यालय तहसील सदर के अन्दर ही राजस्व निरीक्षक दिलीप कुमार के गाली गलौज करते हुए मारपीट की और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र संख्या–1**

**ई–निविदा संख्या** : उप मु०इं०–नि०–1–जीकेपी–पी एम एस– 3–2025 खुलने की तिथि : 23.07.2025, **कार्य का नाम** – "पूर्वोत्तर रेलवे के आनंद नगर – घुघुली नई बीजी रेलवे लाइन परियोजना के संबंध में घुघुली (छोड़कर) और महराजगंज (सहित) खंड (लंबाई: 24.500 किमी) की नई सिंगल ब्रॉड गेज लाइन के सिविल इंजीनियरिंग कार्यों, विद्युतीकरण कार्यों और सिग्नलिंग कार्यों के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राधिकरण इंजीनियर की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव का अनुरोध (आरएफपी)" के सम्बन्ध में आमंत्रित उपरोक्त निविदा हेतु शुद्धि पत्र संख्या 1 जारी कर दिया गया है। इससे सम्बन्धित विवरण के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।

उप मुख्य इंजीनियर/ निर्माण–1/ गोरखपुर

मुजाधि/डब्ल्यू – 129

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## एक नजर

### रिटायर्ड राज्य कर्मियों ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय वित्त विधेयक में पेंशनरों के प्रति किये गये प्रतिकूल प्रावधानों के विरोध में अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया और जिलाधिकारियों के जरिये प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक एनपी त्रिपाठी, सह संयोजक क्षमा नाथ दुबे व सह-संयोजक (प्रचार) ओंकारनाथ तिवारी ने बताया कि ज्ञापन के जरिये रिटायर्ड कर्मियों ने अपना सख्त विरोध जताया।

### योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाएं: आनंदीबेन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का कार्य करें। राज्यपाल ने सोमवार को ग्रेटर नोएडा स्थित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर राज्यपाल ने गौतमबुद्धनगर पुलिस की कार्यप्रणाली में निर्धारित 15 श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 17 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों से शिक्षा, नवाचार और महिला सशक्तिकरण की दिशा में सजग भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि समग्र विकास और संवेदनशील नागरिक निर्माण होना चाहिए।

### बिजली अभियंताओं के स्थानांतरण पर उठाए सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने ऊर्जा निगमों में भारी पैमाने पर बिजली अभियंताओं के स्थानांतरण पर सवाल उठाए हैं। प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग की है। समिति ने कहा कि गर्मी के मौसम में लड़खड़ाई बिजली आपूर्ति के दौरान तबादले अव्यवहारिक हैं। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर स्थानांतरण आदेश जारी कर पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने बिजली व्यवस्था को पटरी से उतारने का कार्य किया है।

# आमजन की समस्याओं पर हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं : योगी

## मुख्यमंत्री ने लखनऊ में सरकारी आवास पर जनता दर्शन में सुनी लोगों की फरियाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया। इस दौरान प्रदेश भर से आए करीब 65 लोगों की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर नागरिक की सेवा, सुरक्षा और सम्मान सरकार की पहली प्राथमिकता है। अधिकारियों को कहा कि, हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इसमें हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनता दर्शन में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, शिक्षा, आवास, आंगनबाड़ी, कब्जा आदि से जुड़े मामले आए। प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। योगी ने ''जनता दर्शन'' में आए बच्चों को दुलारा और पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। चॉकलेट, बिस्कुट और टॉफी देकर आशीर्वाद दिया।



जनता दर्शन में एक महिला की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### मुख्यमंत्री योगी ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत माता के महान सपूत भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 23 जून 1953 को अखंड भारत के लिए अपना बलिदान दिया। वह महान शिक्षाविद, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और एक भारत श्रेष्ठ भारत के स्वप्न दृष्टा थे। उन्होंने स्वतंत्र भारत में कैबिनेट मंत्री के रूप में देश को अपने विजनरी नेतृत्व से लाभान्वित करके बड़ी भूमिका निभाई थी। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सिविल अस्पताल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में कही। योगी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने पंडित नेहरू के नेतृत्व की सरकार द्वारा राष्ट्रीय एकता और अखंडता के साथ किए जा रहे खिलवाड़ को देखते हुए इस्तीफा दे दिया था।

# भदोही को दी विकास की सौगात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीतामढ़ी के पास डेंगुरपुर में गंगा नदी पर ब्रिज को दी मंजूरी
- गोपीगंज-मीरजापुर के बीच रेलवे लाइन पर आरओबी स्वीकृत

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को भदोही में जनप्रतिनिधियों के साथ जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों की मांग पर विकास को लेकर कई सौगात दीं। उन्होंने सीतामढ़ी के पास डेंगुरपुर में गंगा नदी पर ब्रिज और गोपीगंज-मीरजापुर के बीच रेलवे लाइन पर आरओबी के निर्माण की मांग को तत्काल का स्वीकृति देने का एलान किया।

सीएम योगी ने कहा कि मुख्यालय पर ऑडिटोरियम पहले से स्वीकृत है, लेकिन इसे मल्टीपर्पज हॉल के रूप में प्रस्तावित किया गया है। जिला मुख्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। पंचायतीराज विभाग से आउटसोर्सेज सफाईकर्मियों का स्टेट्स मांगा गया है। मुख्यालय से जुड़ने वाले मार्गों की कनेक्टिविटी को तेज करने, अच्छा बनाने और पहले से स्वीकृत मिनी स्टेडियम को आगे बढ़ा सकें, इसके लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

योगी ने कहा कि कॉरपेट उद्योग आज से 10 वर्ष पहले बहुत खराब स्थिति में था, लेकिन पीएम मोदी की प्रेरणा से यहां के हस्तशिल्पियों को जो प्रोत्साहन दिया गया। उसका परिणाम है कि यहां के कॉरपेट उद्योग के कारण देश में एक्सपोर्ट में 60 फीसदी योगदान यूपी का है। यूपी में जो एक्सपोर्ट हो रहा है, उसमें 60 फीसदी से अधिक शेयर अकेले भदोही का है। मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया। कहा कि आने वाले समय में भदोही में पीपीपी मोड में मेडिकल कॉलेज स्थापित होगा।

### पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ सुनवाई पूरी, फैसला 5 जुलाई को

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** वर्ष 1996 के विधानसभा चुनाव के दौरान बैलेट पेपर गायब होने के 29 साल पुराने बहुचर्चित मामले में नामजद आरोपी पूर्व विधायक सफदर रजा की ओर से सोमवार को अंतिम बहस पूरी कर ली गई। विशेष कोर्ट एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने बहस सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रखते हुए पांच जुलाई की तिथि नियत की है।

यह मामला 6 अक्टूबर 1996 को पीपरपुर थाना क्षेत्र के देहली मुबारकपुर स्थित मतदान केंद्र पर बैलेट पेपर गायब होने से जुड़ा है। इस मामले में उप जिला निर्वाचन अधिकारी विमल चंद्र श्रीवास्तव की ओर से तहरीर दी गई थी, जिस पर पूर्व विधायक सफदर रजा, तत्कालीन सपा जिलाध्यक्ष कमरुज्जमा फौजी (अब दिवंगत), ग्राम प्रधान के पति सहित 10-12 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। विवेचना में सफदर रजा के साथ अबाद उल्ला व अबरार अहमद को भी आरोपी बनाया गया।

# तीन चरणों में लागू होगी जीसीएम प्रणाली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नगर विकास विभाग की पहल तीन स्तर पर होगी समीक्षा

**अमृत विचार:** प्रदेश में तीन चरणों में जीसीएम प्रणाली लागू होगी। शहरों को 'ग्रीन रैंकिंग' मिलेगी। नगर विकास विभाग की हरित पहल के तहत जीसीएम प्रणाली के लिए तीन स्तरीय समीक्षा होगी।

शासन के अधिकारियों के अनुसार नगर विकास विभाग ने शहरी हरित नीति के तहत एक महत्वाकांक्षी पहल शुरू की है। इसके अंतर्गत प्रदेश के शहरों में ग्रीन कवर की निगरानी के लिए ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग (जीसीएम) प्रणाली विकसित की जाएगी। नगर विकास विभाग जीसीएम प्रणाली के तहत प्रदेश के शहरों के ग्रीन कवर और पर्यावरण संरक्षण के लिए किये गये कार्यों के आधार पर तीन स्तरीय समीक्षा करेगा। ये प्रक्रिया पूरे प्रदेश में तीन चरणों में पूरी होगी। वर्ष 2025 से शुरू होकर 2030 तक पूरे प्रदेश में यह प्रणाली लागू की जाएगी। जीसीएम प्रणाली के तहत प्रदेश के शहरों के ग्रीन कवर की तीन स्तरों निकाय स्तर, राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर समीक्षा की जाएगी। निकाय स्तर पर नगर आयुक्त या जिला अधिकारी जिला पर्यावरण समिति का गठन कर हरित कार्यों की त्रैमासिक और वार्षिक रिपोर्ट स्टेट पोर्टल पर अपलोड करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि राज्य स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत राज्य स्तरीय तकनीकी समिति और एक समर्पित निगरानी टीम समीक्षा का कार्य करेगी। तीसरे स्तर पर राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थान थर्ड पार्टी निरीक्षण के माध्यम से शहरों के कार्यों का सत्यापन किया जाएगा। यह निगरानी भू-संदर्भित उपकरणों, मोबाइल एप्लिकेशन, उपग्रहीय आंकड़ों और वनस्पति सूचकांक के उपयोग से होगी।

### सरकारी अस्पतालों में स्टाफ नर्स होंगी नर्सिंग अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में स्टाफ नर्स को अब नर्सिंग अधिकारी एवं नर्सिंग सिस्टर, नर्सिंग वार्ड मास्टर को सीनियर नर्सिंग अधिकारी के नाम से संबोधित किया जाएगा। यह नाम परिवर्तन केंद्र सरकार की समरूपता के परिप्रेक्ष्य में किया गया है। उप मुख्यमंत्री बताया कि राजकीय नर्सेज संघ द्वारा इस संबंध में पूर्व में ज्ञापन दिया गया था, जिस पर निर्णय लिया गया है।

### श्रम विभाग ने निवेश मित्र पोर्टल पर निपटाई शिकायतें

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार निवेशकों और उद्यमियों को अनुकूल वातावरण देने के साथ ही उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रही है। श्रम विभाग ने 'निवेश मित्र पोर्टल' पर दर्ज 99 फीसदी शिकायतें निस्तारण की है, जबकि आईजीआरएस पर दर्ज सभी शिकायतों का निस्तारण हुआ है। 89.60 प्रतिशत यूजर्स ने सेवाओं को संतोषजनक भी बताया है।

# बबीना विधायक और मथुरा की पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष को नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा ने दोनों के कृत्य को अनुशासनहीनता माना
- विधायक समर्थकों ने ट्रेन में की थी यात्री की पिटाई
- मधु शर्मा ने हेमा मालिनी पर की थी तल्ख टिप्पणी

**अमृत विचार:** भाजपा के झांसी के बबीना क्षेत्र से विधायक राजीव सिंह पारीछा और मथुरा की पूर्व जिलाध्यक्ष मधु शर्मा को अलग-अलग मामलों में पार्टी की ओर से अनुशासनहीनता के आरोप में नोटिस देकर 7 दिन में जवाब मांगा गया है। विधायक से झांसी से भोपाल जा रही वंदे भारत ट्रेन में एक यात्री की उनके समर्थकों द्वारा जमकर पिटाई करने के मामले में उनके कृत्य से नाराजगी जताई गई है। जबकि मधु शर्मा ने वृंदावन कॉरिडोर को लेकर सांसद हेमा मालिनी पर अपमानजनक तल्ख टिप्पणी की थी।

भाजपा के बबीना क्षेत्र से विधायक राजीव सिंह पारीछा का मामला तीन दिन पुराना है। दिल्ली से भोपाल जा रही वंदे भारत भारत एक्सप्रेस के एक्जीक्यूटिव कोच में भोपाल निवासी यात्री राज प्रकाश पर सीट को लेकर उनके समर्थकों ने हमला कर दिया था। तब विधायक अपने परिवार के साथ झांसी से सवार हुए थे। मामले में विधायक की ओर से यात्री के खिलाफ उनसे व परिवार से दुर्व्यवहार की शिकायत जीआरपी में की गई थी, जबकि लहूलुहान यात्री की पिटाई करते कई वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। इससे भाजपा की जमकर किरकिरी हुई। यात्री ने भोपाल पहुंचकर एफआईआर भी दर्ज कराई थी। भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के निर्देशानुसार कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए लिखा है कि विधायक के आचरण से पार्टी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जो अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। चेतावनी दी गई है कि 7 दिन में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर पार्टी की ओर से कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। दूसरा मामला मथुरा की पूर्व जिलाध्यक्ष मधु शर्मा का है। वह बांके बिहारी कॉरिडोर और न्यास के ख़िलाफ़ विरोध प्रदर्शन में 18 जून को शामिल होकर गोस्वामी समाज की महिलाओं के साथ खून से सीएम और पीएम पत्र लिखने में शामिल थीं। सांसद हेमा मालिनी पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि धिक्कार है ऐसी सांसद पर जो महिला सांसद होते हुए महिलाएं खून से पत्र लिख रहीं हैं। एक बार भी वह यहां ख़ुद नहीं आईं। उन्हें ख़ुद यहां आकर बैठना चाहिए था, समस्या का समाधान हो जाएगा। उनके बयान को गंभीरता से लेते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी है कि 7 दिन में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने की प्रोफेसर रविकांत से मुलाकात

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश अध्यक्ष ने सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यरत आंबेडकरवादी प्रोफेसर रविकांत से मुलाकात की। प्रोफेसर को प्रताड़ित किये जाने के मामले में न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने प्रोफेसर रविकांत के आवास पर मिलकर इस प्रकरण पर उनसे बातचीत की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर कानूनी लड़ाई के साथ-साथ प्रशासन का घेराव भी किया जाएगा। मालूम हो कि उन्हें प्रताड़ित करने के क्रम में तीन साल पुराने मुकदमे में अभियोग पंजीकृत करने के लिए स्वीकृत दी गई है, जबकि उन पर जो आरोप लगाए गए थे, उसे जांच कमेटी ने निराधार पाया था।

# 88 उपनिबंधकों व 114 कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण निरस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्टांप पंजीयन मंत्री ने खुद मुख्यमंत्री से की थी गड़बड़ी की शिकायत
- प्रमुख सचिव स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अमित गुप्ता ने जारी किया आदेश

**अमृत विचार:** स्टांप तथा पंजीयन विभाग में बीते दिनों हुए उपनिबंधकों तथा कनिष्ठ सहायकों के सभी स्थानांतरण निरस्त कर दिए गए हैं। इस संबंध में प्रमुख सचिव स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अमित गुप्ता ने आदेश जारी कर दिया है। ये जानकारी सोमवार को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने साझा की।

उन्होंने विभाग में 59 कार्यरत तथा 29 नव-प्रोन्नत उप-निबंधकों तथा 114 कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण में अनियमितता की शिकायत पत्र लिखकर मुख्यमंत्री से की थी।

प्रकरण का गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने सभी स्थानांतरण तत्काल स्थगित करने और मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। यहां तक कि आईजी निबंधन समीर वर्मा को पद से हटाकर शासन ने प्रतीक्षारत कर दिया है। इस पूरे मामले में स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रविंद्र जायसवाल ने सीधा मोर्चा खोल दिया था। हाल ही में उन्होंने बताया था कि बाबू स्तर के कर्मचारियों को सब रजिस्ट्रार बनाया गया। मेरिट पर तबादला नहीं किए गए जिसमें भ्रष्टाचार की आशंका है। मंत्री ने स्पष्ट कहा था कि आयुक्त स्तर पर यह गड़बड़ की गई है, जिसकी जांच होगी।

### क्या था प्रकरण

महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा 13 जून को तीन अलग-अलग पत्रों के माध्यम से 58 उपनिबंधकों, एक अन्य उपनिबंधक तथा 29 नव-प्रोन्नत उपनिबंधकों के तबादले व तैनाती आदेश जारी किए गए थे। इसके अतिरिक्त, 14 जून को जारी एक अन्य आदेश के तहत 114 कनिष्ठ सहायक (लिपिक) का स्थानांतरण किया गया था, हालांकि, तबादलों में व्यापक अनियमितता और रिश्वत के आरोप सामने आने के बाद शासन ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है।

### कई अधिकारियों, कर्मियों की भूमिका संदिग्ध

सूत्रों की मानें तो इस पूरे घटनाक्रम में विभाग के दो अपर महानिरीक्षक (एआईजी) सहित करीब आधा दर्जन अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। मामले की उच्च स्तरीय जांच संभव है। शासन स्तर से स्पष्ट कर दिया गया है कि जब तक पूरी प्रक्रिया की जांच नहीं हो जाती, तब तक किसी भी स्थानांतरण आदेश को लागू नहीं किया जाएगा।

## धर्म दर्शन

# कृष्ण काली: समय और अनंत काल का दिव्य नृत्य




शिवानंद मिश्रा
वरिष्ठ लेखक

वेदान्तिक ज्ञान के रहस्यमय आवरण में, दो विरोधाभासी शक्तियां एक पारलौकिक सत्य के रूप में उभरती हैं: कृष्ण, दिव्य प्रेम के मोहक बांसुरीधारी, और काली, समय और परिवर्तन की उग्र देवी। यह गहन एकता केवल उन्हीं के लिए प्रकट होती है जो द्वैत के आवरण को भेदते हैं और सृजन और विघटन के शाश्वत नृत्य की झलक देखते हैं।

कृष्ण काली, देवत्व, पुरुष और प्रकृति के पुरुषत्व और स्त्रीत्व के परम संश्लेषण को उनकी सबसे उदात्त अभिव्यक्ति में दर्शाती हैं। कृष्ण शाश्वत साक्षी, अपरिवर्तनीय चेतना का प्रतीक हैं जो समय से परे रहते हैं, जबकि काली समय की गतिशील शक्ति के रूप में प्रकट होती हैं। वह शक्ति जो ब्रह्मांडीय चक्र में सृजन और विनाश दोनों करती हैं। साथ में, वे प्रकट करते हैं कि प्रेम और समय अलग-अलग शक्तियां नहीं हैं, बल्कि एक ही दिव्य वास्तविकता के जुड़वां पहलू हैं।

भगवद गीता में कृष्ण के बारे में कहा गया है कि, "मैं काल हूं, संसार का संहारक और निर्माता" (कालोऽस्मि लोकक्षयकृत प्रवृद्धो),

जो काली के व्यक्तित्व के साथ अपनी पहचान को प्रकट करता है। यह केवल दार्शनिक अमूर्तता नहीं है, बल्कि एक जीवंत सत्य है कि सर्वोच्च प्रिय और भयानक मां एक ही चेतना हैं, जो अस्तित्व की भूलभुलैया के माध्यम से आत्माओं का मार्गदर्शन करने के लिए विभिन्न रूपों में प्रकट होती हैं।



हृदय के गुप्त कक्षों में, भक्तों ने लंबे समय से यह पहचान लिया है कि कृष्ण की दिव्य लीला और काली का ब्रह्मांडीय नृत्य अविभाज्य हैं। मिट्टी के बर्तनों से मक्खन चुराने वाला गोविंदा वही शक्ति है जो अहंकार की आसक्तियों को चुरा लेती है। अपने भक्तों को अपनी बांसुरी की मधुर धुन से बुलाने वाला प्रेमी ग्वाला, विवेक की तलवार से भ्रम को काटने वाली उग्र माता के समान है।

यह दिव्य एकता रहस्यवादी के अनुभव में इस मान्यता के रूप में प्रकट होती है कि प्रेम के प्रति समर्पण और काल के अटल प्रवाह के प्रति समर्पण एक ही समर्पण हैं।

जो भक्त कृष्ण के प्रेम में खुद को खो देता है, वह पाता है कि उसे काली की परिवर्तनकारी शक्ति ने गले लगा लिया है। जो साधक काली की भयानक दया के आगे झुकता है, वह खुद को कृष्ण के शाश्वत आनंद में नाचता हुआ पाता है।


## वर्ग पहेली-11

**बाएं से दाएं**

1. पानी उलीचने या डालने के लिए एक कृषि उपकरण; हाथा।
4. 1. गली, कूचा 2. सड़कों पर वाहनों के सुचारु यातायात
5. संन्यासी या अतिथि के लिए निकाला हुआ भोजन।
8. 1. मचना या फैलना 2. उठना।
9. 1. भुरकने की क्रिया या भाव 2. कुल्हड़, कूजा 3. मिट्टी की दवात 4. मिट्टी का प्याला, कसोरा 5. चूर्ण, बुकनी।
11. 1. विलक्षण; अद्भुत 2. श्रेष्ठ 3. अजीबोगरीब।

**ऊपर से नीचे**

1. एकत्रित जनसमूह, भीड़।
2. 1. जिसके बारे में जानकारी न हो, अपरिचित 2. जिसे जानकारी न हो, अनभिज्ञ 3. निश्छल, भोला
3. कुआं बनाने या कुआं खोदने वाला आदमी।
6. 1. श्रेणी, वर्ग, दरजा 2. विभाग, खंड 3. गिरोह, समूह।
7. 1. आगे की ओर फिसलना, सरकना 2. ऊपर से नीचे की ओर फिसलते हुए आना।
10. 1. समुद्र का कोई विशेष खंड 2. ताल, झील 3. क्रिकेट खेल में बल्लेबाज़ के द्वारा एक विकेट से दूसरे विकेट तक बिना बहिर्गत हुए दौड़ लगाना।



### वर्ग पहेली -10 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 त | ■ | 2 अ | ■ | 3 ची | नी |
| 4 त | रं | ग | व | ती | ■ | ■ |
| ■ | गी | ■ | ले | ■ | ■ | 5 उ |
| 6 छु | ■ | 7 उ | ख | म | ■ | त |
| 8 आ | कं | प | न | ■ | 9 दू | र |
| छू | ■ | वे | ■ | ■ | ■ | वा |
| त | ■ | 10 द | ल | म | ल | ना |

## सुडोकू -18

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 2 | | 9 | 4 | 1 | | |
| | | 3 | | 8 | | | | 5 |
| | | 9 | 6 | | 7 | | | |
| 3 | | | | 6 | | 7 | | 9 |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| 8 | | 6 | | 5 | | | | 2 |
| | | | 3 | | 8 | 5 | | |
| 5 | | | | 2 | | 4 | | |
| | | 7 | 9 | 1 | | 8 | 6 | |

### सुडोकू - 17 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 7 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 |
| 1 | 9 | 2 | 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 7 | 9 | 1 |
| 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 9 | 1 | 2 | 8 | 7 |
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 1 | 2 | 7 | 5 | 3 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी-18.59 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 12.54 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष** - आज शेयर मार्केट और बैंकिंग से जुड़े लोगों को उत्तम लाभ प्राप्त होगा। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। राजनीतिक संपर्कों का आप लाभ उठा पायेंगे। संतान के व्यवहार से आप अति प्रसन्न रहेंगे। लोग आपसे मार्गदर्शन की अपेक्षा रखेंगे।

**वृष** - आज आप लोगों की काफी सहायता करेंगे जिससे आपका यश बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। व्यापार में आप काफी व्यस्त रहेंगे। बुजुर्ग लोगों से आपको काफी अच्छा सहयोग मिलेगा।

**मिथुन** - आज दांपत्य जीवन में अनबन हो सकती है। घर में अचानक अतिथियों के आगमन से परेशान हो सकते हैं। सरकारी कार्यों में थोड़ी बाधा आ सकती है। विरोधी आपका मजाक उड़ा सकते हैं। आज उधार देने से आपका धन फंस सकता है।

**कर्क** - आज आपकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की प्रशंसा हो सकती है। मन में कुछ नया और प्रयोगात्मक करने की इच्छा होगी। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। नई परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने में आसानी होगी।

**सिंह** - आज प्रतियोगी परीक्षा में शानदार परिणाम मिलेंगे। दोस्तों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग के लोगों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। कारोबार में आ रही अड़चनें पूरी तरह से दूर होंगी। घर का वातावरण अत्यंत शांत रहेगा।

**कन्या** - आज आपको कर्ज लेना पड़ सकता है। जिसके कारण थोड़ा तनाव रहेगा। अपने सिद्धान्तों के साथ समझौता न करें। अति आत्मविश्वास में आकर कोई बड़ा निर्णय लेना उचित नहीं होगा। अपने मन की आवाज को सुनें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में काफी ध्यान रखना पड़ेगा।

**तुला** - आज व्यस्तता के बावजूद आपको परिवार को समय अवश्य देना चाहिए। अजनबियों पर अधिक विश्वास न करें। नौकरी में स्थान परिवर्तन का विचार बना सकते हैं। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय बहुत ही अच्छा है। आपके मान-सम्मान में कुछ कमी आ सकती है।

**वृश्चिक** - आज व्यवसाय में आपको काफी बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। यदि आपके ऊपर काम का दबाव है तो उसे दूसरों में बांट दें। आज आप काफी तनावमुक्त महसूस करेंगे। लवमेट्स के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों को धोखा मिलने की संभावना है।

**धनु** - आज साझेदारी वाले कारोबार में पारदर्शिता रखें। संतान की तरक्की से आप उत्साहित रहेंगे। दिनचर्या कुछ अस्त-व्यस्त हो सकती है। अत्यधिक भावुकता और दयालु व्यवहार का लोग लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। दूसरों पर अधिक विश्वास न करें।

**मकर** - आज पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र में सुखद अनुभव प्राप्त होंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से शानदार मुलाकात होगी। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। बच्चों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें। आपकी मन:स्थिति थोड़ी विचलित हो सकती है।

**कुंभ** - आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं है। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ायेगा। दूसरों से अधिक अपेक्षा न करें। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। लेखन से जुड़े लोग कुछ नया प्रयास कर सकते हैं।

**मीन** - आज कार्यक्षेत्र में मनोवाञ्छित परिणाम मिलने से उत्साहित रहेंगे। विवाह योग्य जातकों को उत्तम रिश्ते मिल सकते हैं। साहित्य और संगीत में आप रुचि लेंगे। लंबी यात्रा पर जाने का विचार बनायेंगे। आपकी आय में वृद्धि होगी।

# पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सहमा बाजार

## आईटी, प्रौद्योगिकी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स में 511 तो निफ्टी में 140 अंक की गिरावट

मुंबई, एजेंसी

ईरान के तीन प्रमुख परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी बमबारी के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार में खासी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 511 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 140 अंक से अधिक का नुकसान रहा।

विश्लेषकों ने कहा कि ईरान और इजराइल के बीच जारी संघर्ष में अमेरिकी दखल ने पश्चिम एशिया को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), प्रौद्योगिकी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा। बीएसई का सेंसेक्स उतार-चढ़ाव से भरे कारोबार में 511.38 अंक की गिरावट के साथ 81,896.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 931.41 अंक यानी 1.13 प्रतिशत गिरकर 81,476.76 अंक पर आ गया था लेकिन बाद में इसने कुछ नुकसान की भरपाई की। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.50 अंक गिरकर 24,971.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में एचसीएल टेक, इन्फोसिस, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और मारुति में सबसे ज्यादा गिरावट रही। इसके उलट, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त में रहे।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि इजराइल-ईरान संघर्ष में अमेरिकी दस्तक ने तनाव बढ़ा दिया है, जिससे घबराए निवेशकों ने शुरुआती घंटे में जमकर बिकवाली की। अगर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो हमारा आयात बिल बढ़ेगा और स्थानीय मुद्रा में तेज गिरावट आएगी। इससे महंगाई बढ़ने का भी जोखिम होगा। हालांकि, तापसे ने कहा कि चार सत्रों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की लिवाली करने से अनिश्चितता के दौर में भारत की मजबूत बुनियाद का पता चलता है। प. एशिया में संकट गहराने के बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.49 प्रतिशत बढ़कर 77.39 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों- फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर बमबारी की है। इससे होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते होने वाले कच्चे तेल कारोबार पर अनिश्चितता बनी है। हालांकि, व्यापक बाजार में तेजी का माहौल रहा।



● कारोबार के दौरान सेंसेक्स में आई थी 931.41 अंक की गिरावट

### स्मॉलकैप और मिडकैप में रही बढ़त, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल

बीएसई का स्मॉलकैप में 0.57 और मिडकैप में 0.20 प्रतिशत की बढ़त रही। बीएसई में सूचीबद्ध 2,204 कंपनियों के शेयर गिरावट पर रहे जबकि 1,854 शेयरों में तेजी रही और 182 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, शुक्रवार को प. एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद में बाजार में तेजी आई थी, लेकिन सप्ताहांत में ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अप्रत्याशित अमेरिकी हवाई हमले ने इन उम्मीदों को तोड़ दिया। इससे कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया और घरेलू शेयर बाजार सीमित दायरे में रहा। शुरुआती झटके के बावजूद, पूंजीगत वस्तुओं और धातु शेयरों में बढ़त से बाजार ने अपने नुकसान की कुछ भरपाई की, क्योंकि तेल आपूर्ति में तत्काल किसी व्यवधान की आशंका कम रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 7,940.70 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी।

# डेरिवेटिव : निवेश का संतुलित दृष्टिकोण



डेरिवेटिव वित्तीय बाजार का जटिल लेकिन महत्वपूर्ण साधन है, जिसकी कीमत किसी अन्य संपत्ति जैसे शेयर, बॉण्ड, कमोडिटी, करेंसी या सूचकांक पर आधारित होती है। यह अनुबंध है, जो दो पक्षों के बीच भविष्य में किसी निश्चित तिथि पर, किसी निश्चित कीमत पर उस संपत्ति को खरीदने या बेचने के लिए किया जाता है। निवेशक डेरिवेटिव का उपयोग हेजिंग (जोखिम कम करने), सट्टा, और पोर्टफोलियो विविधता के लिए करते हैं। हालांकि इसमें अधिक लाभ की संभावना होती है, लेकिन अत्यधिक जोखिम भी है।

### क्या है डेरिवेटिव

● डेरिवेटिव वित्तीय अनुबंध है, जिसकी कीमत किसी वास्तविक संपत्ति पर आधारित होती है। उदाहरण के लिए, यदि किसी स्टॉक का डेरिवेटिव खरीदा गया है, तो उसका मूल्य उस स्टॉक की कीमत में हुए उतार-चढ़ाव पर निर्भर करेगा। यह मुख्यतः चार प्रकार के होते हैं : फॉरवर्ड, फ्यूचर्स, ऑप्शंस, स्वैप्स।

### निवेशकों को संभावित लाभ

- **जोखिम प्रबंधन :** डेरिवेटिव का उपयोग जोखिम को हेज करने में किया जा सकता है।
- **कम पूंजी में उच्च लाभ :** निवेशक कम पूंजी में बड़ा सौदा कर सकते हैं।
- **पोर्टफोलियो विविधता :** इससे विभिन्न बाजारों में निवेश करना आसान होता है।
- **लिक्विडिटी :** प्रमुख डेरिवेटिव्स एक्सचेंज में आसानी से खरीदे-बेचे जा सकते हैं।

### संभावित जोखिम

- **उच्च अस्थिरता :** मूल्य तेजी से ऊपर-नीचे होते हैं।
- **उत्तोलन का खतरा :** मूल्य में बदलाव हानिकारक।
- **समझ की जटिलता :** आम निवेशकों के लिए कठिन और तकनीकी होते हैं
- **क्लियरिंग रिस्क :** ओवर-द-काउंटर डेरिवेटिव्स में पक्षों के बीच भरोसे का खतरा।

### उपयोगी उपकरण

डेरिवेटिव्स पेशेवर निवेशकों और संस्थागत प्रतिभागियों के लिए उपयोगी उपकरण हैं, परंतु आम निवेशक को पूरी जानकारी और मार्गदर्शन लेना चाहिए। बिना रणनीति निवेश हानि दे सकता है।

# वहनीयता अब नारा नहीं, जरूरत है: मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि वहनीयता (किसी वस्तु या सेवा को खरीदने या उपयोग करने की क्षमता) अब एक नारा नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। राष्ट्रीय राजधानी में 'इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया' के 12वें राष्ट्रीय छात्र दीक्षांत समारोह 2025 में राष्ट्रपति ने यह बात कही।

जलवायु परिवर्तन के संकट का उल्लेख करते हुए मुर्मू ने कहा कि वहनीयता अब एक नारा नहीं रह गया है, बल्कि यह एक आवश्यकता बन गई है। उन्होंने यह भी कहा कि अब समय वह नहीं है कि कॉरपोरेट संगठन केवल लाभ कमाने के उद्देश्य से काम करें बल्कि अब उन्हें पर्यावरणीय लागतों को ध्यान में रखना होगा। मुर्मू ने कहा कि इसमें आप (लागत लेखाकार) अपने कौशल से ग्रह के भविष्य में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि लेखांकन और जवाबदेही का संबंध गहरा है। कार्यक्रम में कॉर्पोरेट मामलों की सचिव दीप्ति गौड़ मुखर्जी ने लागत एवं प्रबंधन लेखाकारों से प्रौद्योगिकी, नवाचार और तत्परता अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश को 30000 अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सफर में लागत और प्रबंधन लेखाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है।



आईसीएमएआई के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

# बॉण्ड के जरिए 18,000 करोड़ रुपये जुटाएगा एनटीपीसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी घरेलू बाजार में निजी आवंटन के आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) यानी बॉण्ड जारी कर 18,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मांगेगी। सरकारी स्वामित्व वाली एनटीपीसी ने सोमवार को पोस्टल बैलट नोटिस जारी कर इलेक्ट्रॉनिक मतदान के जरिये विशेष प्रस्ताव पर सदस्यों की मंजूरी मांगी। शेयर बाजार को दी सूचना के मुताबिक, एनटीपीसी 18,000 करोड़ के एनसीडी यानी बॉण्ड जारी करके कोष जुटाने के लिए यह प्रस्ताव ला रही है। यह राशि विशेष प्रस्ताव पारित होने की तारीख से एक वर्ष पूरा होने तक की अवधि में घरेलू बाजार में निजी आवंटन के माध्यम से एक या अधिकतम 12 किस्तों में जुटाई जाएगी। कंपनी के निदेशक मंडल ने 21 जून को बॉण्ड के लिए शेयरधारकों की मंजूरी के संबंध में डाक मतपत्र के मसौदा नोटिस पर विचार किया और उसे मंजूरी दी।

# ईरान भेजा 1 लाख टन चावल बंदरगाहों पर अटका

नई दिल्ली, एजेंसी

इजरायल-ईरान संघर्ष से ईरान जाने वाला 1 लाख टन बासमती चावल भारतीय बंदरगाहों पर फंसा है। अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी।

संघ के अध्यक्ष सतीश गोयल ने कहा कि ईरान जाने वाला 1 लाख टन बासमती चावल फिलहाल बंदरगाहों पर फंसा है। भारत के कुल बासमती चावल निर्यात में ईरान की 18-20 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। गोयल ने बताया कि निर्यात खेप मुख्य रूप से गुजरात के कांडला और मुंद्रा बंदरगाहों पर रुकी है, जहां प. एशिया संघर्ष से ईरान जाने वाले माल के लिए न तो जहाज उपलब्ध हैं और न बीमा। अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष, आमतौर पर मानक शिपिंग बीमा पॉलिसियों के तहत कवर नहीं होते हैं, जिससे निर्यातक अपनी खेप भेजने में असमर्थ हैं। निर्यात खेप में देरी और भुगतान को लेकर अनिश्चितता गंभीर वित्तीय तनाव पैदा कर सकती है।

उन्होंने कहा कि घरेलू बाजार में बासमती चावल की कीमतें पहले ही चार-पांच रुपये प्रति किलो तक गिर चुकी हैं। इस मुद्दे पर संघ, कृषि-निर्यात संवर्धन निकाय एपीडा के संपर्क में है। संकट पर चर्चा के लिए 30 जून को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक निर्धारित है। सऊदी अरब के बाद ईरान भारत का दूसरा सबसे बड़ा बासमती चावल बाजार है। भारत ने मार्च में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ईरान को 10 लाख टन सुगंधित अनाज का निर्यात किया। भारत ने 2024-25 के दौरान 60 लाख टन बासमती चावल का निर्यात किया, जिसकी मांग पश्चिम एशियाई बाजारों से प्रेरित थी।

पश्चिम एशिया संघर्ष



● भारत के कुल चावल निर्यात में ईरान की 18-20% की हिस्सेदारी

## राष्ट्रीय

### एक नजर

**बम विस्फोट में लड़की की मौत, कार्रवाई के निर्देश**

**कोलकाता।** प. बंगाल के नदिया जिले के कालीगंज में सोमवार को बम विस्फोट में एक लड़की की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुलिस को दोषियों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया। यह घटना कालीगंज विधानसभा सीट के उपचुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद हुई। एक अधिकारी ने बताया कि अख्तर शेख नामक व्यक्ति को बम विस्फोट में लड़की की मौत में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया है। लड़की 13 वर्षीय तमन्ना खातून थी, तथा उसे बम के छर्रे लगे थे।

**4,536 कारतूस बरामद छह लोग गिरफ्तार**

**पटना।** बिहार पुलिस ने कैमूर और नालंदा जिलों में छापेमारी के बाद दो महिलाओं समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 4,536 कारतूस बरामद किए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपियों में कुमार अभिजीत, शत्रुघ्न कुमार, विशाल कुमार एवं राजेंद्र प्रसाद है, जबकि दो महिलाओं का नाम नहीं बताया गया है। आरोपी उत्तर प्रदेश के कानपुर से अवैध रूप से कारतूस खरीदकर बिहार के काला बाजार में बेचने वाले गिरोह का हिस्सा हैं।

**पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के महिला बार रूम में लगी आग**

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के महिला बार रूम में सोमवार को आग लग गई। बार के अधिकारियों ने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से बार रूम में आग लगी और इसके कारण पास के दो कमरों को भी नुकसान पहुंचा है। सूचना पर अग्निशमनकर्मी मौके पर पहुंचे और आग को और फैलने से रोका।

# ऑपरेशन सिंदूर से आतंकियों में पनपा डर

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- आतंक के खिलाफ भारत ने सभी उद्देश्य कर लिए हासिल

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' ने सभी उद्देश्य हासिल कर लिए और आतंकवादियों के मन में डर पैदा करने में सफल रहा। वह राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यकाल के दूसरे साल में उनके द्वारा दिए गए 51 भाषणों का एक संग्रह जारी किया। सिंह ने मुर्मू की सराहना की और कहा कि वह इस पुस्तक - 'विंग्स टू आवर होप्स, वॉल्यूम 2' को भारत के भविष्य की पटकथा लिखने वाला दस्तावेज मानते हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह किताब पिछले खंड की तरह ही शासन, समावेशिता और राष्ट्रीय आकांक्षाओं पर विकसित हो रहे विमर्श को प्रस्तुत करती है।

सिंह ने अपने संबोधन में पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में मई में भारत की ओर से शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने सभी लक्ष्य हासिल कर लिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह आतंकवादियों के मन में डर पैदा करने में भी सफल रहा।



राष्ट्रपति के भाषणों के संग्रह का विमोचन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह साथ में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन। एजेंसी

### राष्ट्रपति के भाषणों के संग्रह का विमोचन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अपने कार्यकाल के दूसरे वर्ष के दौरान दिए 51 भाषणों के संग्रह का सोमवार को विमोचन किया। सिंह ने कहा कि यह विकसित भारत के दृष्टिकोण का कर्म ग्रंथ बनेगा। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में सिंह ने अंग्रेजी में 'विंग्स टू आवर होप्स-वॉल्यूम-2' और हिंदी में 'आशाओं की उड़ान-खंड-2' नाम से प्रकाशित पुस्तक और इसके ई-संस्करण का विमोचन किया। राष्ट्रपति के भाषणों को राष्ट्रपति भवन ने संकलित और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग ने प्रकाशित किया है। कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन भी मौजूद थे। रक्षामंत्री ने कहा, यह पुस्तक 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने का साधन बनेगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा रविवार को बताया गया था कि ये पुस्तक राष्ट्रपति के 51 भाषणों का संग्रह है, जो महामहिम के कार्यकाल के दूसरे वर्ष के दौरान उनके दृष्टिकोण, दर्शन और प्राथमिकताओं की झलक प्रदान करता है।

# आजादी के बाद मार्च 2026 सबसे खास पलों में एक होगा

रायपुर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 31 मार्च 2026 को जब नक्सलवाद से मुक्त होगा तब वह क्षण आजादी के बाद का सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक होगा। जब नक्सलवाद के खात्मे का इतिहास लिखा जायेगा, उसमें सुरक्षा बलों के जवानों का त्याग, बलिदान और परिश्रम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित होगा।

अधिकारियों ने बताया कि शाह छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन नवा रायपुर में सुरक्षाबलों के उन कमांडरों और जवानों से बातचीत कर रहे थे जो हाल में नक्सल विरोधी अभियानों में शामिल हुए थे। सुरक्षाकर्मियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा, मोदी जी के नेतृत्व में जब 31 मार्च 2026 को देश नक्सलवाद से मुक्त होगा, वह क्षण आजादी के बाद के सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में एक होगा। जब नक्सलवाद के खात्मे का इतिहास लिखा जाएगा, उसमें जवानों का त्याग, बलिदान और परिश्रम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित होगा। कहा, आज मैं यहां केंद्रीय सुरक्षा बलों, कोबरा टीम, छत्तीसगढ़ पुलिस बल और डीआरजी के साहस, शौर्य, बलिदान और समर्पण को नमन करता हूं।



● गृहमंत्री शाह ने रायपुर में घोषित की नक्सलवाद से मुक्ति की समयसीमा

# पहलगाम आतंकी हमला : एनआईए को दो आरोपियों की 5 दिन की हिरासत मिली

जम्मू, एजेंसी

● आरोपियों ने हमले में शामिल तीन आतंकियों की पहचान का किया खुलासा

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में गिरफ्तार दो आरोपियों को यहां की अदालत ने सोमवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की पांच दिन की हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पर हमले में पाकिस्तानी आतंकियों को पनाह देने का आरोप है।

एनआईए ने रविवार को पहलगाम के बटकोट निवासी परवेज अहमद जोथर और हिल पार्क निवासी बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया था। यह जांच में पहली बड़ी सफलता थी। एनआईए के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों ने हमले में शामिल तीन आतंकियों की पहचान का खुलासा किया है और यह भी पुष्टि की है कि वे आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी थे। दोनों को जम्मू के अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश रितेश दुबे की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पांच दिन के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया गया। परवेज व बशीर ने हमले से पहले तीन आतंकियों को हिल पार्क स्थित झोपड़ी में पनाह दी थी।

# पंजाब, गुजरात में आप ने दो व यूडीएफ ने केरल में सीट जीती

**नई दिल्ली।** चार राज्यों में हुए विस उपचुनावों में सोमवार को आप के गोपाल इटालिया ने गुजरात की विसावदर सीट पर जीत दर्ज की। आप ने पंजाब में लुधियाना पश्चिम सीट भी बरकरार रखी, जबकि केरल में कांग्रेस नीत यूडीएफ ने एलडीएफ से नीलांबुर सीट छीन ली। वहीं, गुजरात में भाजपा ने कडी सीट बरकरार रखी, जबकि टीएमसी प. बंगाल के नादिया की कालीगंज सीट जीतने में सफल रही। इन पांचों निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव के तहत मतदान 19 जून को हुआ था। निर्वाचन आयोग के अनुसार, आप की गुजरात इकाई के पूर्व अध्यक्ष इटालिया ने जूनागढ़ जिले की विसावदर सीट पर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं भाजपा उम्मीदवार किरीट पटेल को 17,554 मतों के अंतर से हराया। राज्य में पूर्ण प्रभुत्व रखने के बावजूद, भाजपा 2007 से विसावदर सीट नहीं जीत पाई है।

### सोलंग की वादियां



हिमाचल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मनाली में स्थित सोलंग नाला में पर्यटकों का तांता लगा हुआ है। बर्फ से ढकी पहाड़ियां, साहसिक खेलों और प्राकृतिक सौंदर्य का एक अलग ही दृश्य पर्यटकों को अपनी ओर खींच रहा है। एजेसी

# प्रधानमंत्री ने की पीएमएमएल सोसाइटी की वार्षिक बैठक

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी की वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता की। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि सोसाइटी की 47वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) तीन मूर्ति भवन में हुई। सरकार ने इस वर्ष की शुरुआत में पीएमएमएल सोसाइटी का पुनर्गठन किया था, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और प्रसिद्ध फिल्म निर्माता शेखर कपूर को भी जगह दी गई है। प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष के रूप में पीएमएमएल के प्रमुख निर्णय लेने वाले निकाय का नेतृत्व करते हैं जबकि रक्षा मंत्री इसके उपाध्यक्ष होते हैं। सिंह के अलावा बैठक में स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, गजेंद्र सिंह शेखावत और अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। संस्कृति मंत्रालय के 13 जनवरी के आदेश के अनुसार, प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेन्द्र मिश्रा को संगठन के अध्यक्ष के रूप में पांच वर्ष का एक और कार्यकाल मिला है।

# मोदी वैश्विक मंच के लिए अहम पूंजी : थरूर

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की ऊर्जा, उनका बहुआयामी व्यक्तित्व और संवाद की तत्परता वैश्विक मंच पर भारत के लिए एक अहम पूंजी है, लेकिन इसे सहयोग एवं समर्थन की जरूरत है। उनकी यह टिप्पणी फिर कांग्रेस को असहज स्थिति में डाल सकती है व पार्टी नेतृत्व से उनके संबंधों में दरार और गहरी हो सकती है।

प्रधानमंत्री के लिए थरूर की प्रशंसा ऐसे समय में आई है जब कांग्रेस विदेश नीति को लेकर मोदी सरकार पर निरंतर हमले कर रही है और आरोप लगा रही है कि भारतीय कूटनीति चरमरा गई है और देश विश्व स्तर पर अलग-थलग पड़ा है। थरूर ने एक लेख में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद किया गया राजनयिक संपर्क राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था। पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमेरिका और चार अन्य देशों में गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले थरूर ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद राजनयिक संपर्क राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था।

### थरूर ने राहुल गांधी को किया बेनकाब: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता शशि थरूर द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करने को लेकर कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि थरूर ने राहुल गांधी को बेनकाब कर दिया है। थरूर की टिप्पणियों को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर कहा, थरूर ने स्वीकार किया कि प्रधानमंत्री का बहुआयामी व्यक्तित्व और वैश्विक पहुंच भारत के लिए रणनीतिक रूप से लाभकारी है। थरूर ने राहुल गांधी को बेनकाब कर दिया है।

# हिमाचल के सिरमौर में 24 छात्राओं के यौन उत्पीड़न में शिक्षक गिरफ्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के सरकारी स्कूल में 24 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आठवीं से दसवीं कक्षा की छात्राओं ने स्कूल के प्राचार्य से उत्पीड़न की शिकायत की थी जिसके बाद स्कूल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी और शिक्षक को गिरफ्तार किया गया। स्कूल प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार को 24 छात्राओं ने प्राचार्य को लिखित शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि शिक्षक ने उन्हें गलत तरीके से छुआ है। शिकायत को स्कूल की यौन उत्पीड़न रोधी समिति को भेज दिया गया था। शनिवार को छात्राओं के अभिभावकों को बैठक के लिए बुलाया गया और पाया गया कि उनमें से अधिकतर को अपनी बच्ची के उत्पीड़न के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस ने बताया कि शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पहलगाम हमले के बाद बैठकों में मोदी क्यों नहीं हुए शामिल: खरगे

रायचूर (कर्नाटक), एजेंसी

● कांग्रेस अध्यक्ष बोले- विपक्ष को तुच्छ बताने की कोशिश करते हैं मोदी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि यदि प्रधानमंत्री विपक्ष को तुच्छ बताने की कोशिश करते हैं, तो जनता इसे सहन नहीं करेगी। उन्होंने सवाल भी किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, तो प्रधानमंत्री उसमें उपस्थित क्यों नहीं हुए?

खरगे ने आरोप लगाया कि जहां पूरे देश और सशस्त्र बलों ने देश की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम किया, वहीं कुछ लोगों ने व्यक्तिगत श्रेय लेने की कोशिश की। खरगे ने किसी का नाम लिए बिना कहा, अगर उन्होंने कैप्टन, कर्नल या लेफ्टिनेंट कर्नल के रूप में सेना में काम किया होता, तो हमने अच्छा काम करने और देश के लिए लड़ने के लिए उनकी सराहना की होती, लेकिन ऐसा नहीं है। खरगे मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, कांग्रेस नेताओं के साथ रायचूर में थे, जहां उन्होंने कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी और रायचूर विश्वविद्यालय के नामकरण समारोह की अध्यक्षता की।

# मैंने चर्चाओं पर ध्यान नहीं दिया: ओली पोप



लीड्स, एजेंसी

इंग्लैंड की पहली पारी में शानदार शतक लगाने वाले शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ओली पोप ने कहा कि पिछले साल भारत के खिलाफ उसकी धरती पर खेली गई टेस्ट शृंखला में असफल रहने के बाद टीम में उनकी जगह को लेकर हो रही चर्चाओं पर ध्यान न देने से उन्हें वापसी करने में मदद मिली।

इंग्लैंड के उप कप्तान पोप ने पिछले साल भारत के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में 196 रन बना कर शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद जसप्रीत बुमराह और भारतीय स्पिनर ने उनकी कमजोरी का खुलासा करने में देर नहीं लगाई। वह अगले चार मैच में केवल 40 रन बना पाए जिससे टीम में उनकी जगह को लेकर चर्चा होने लगी थी। भारत के खिलाफ यहां पहले टेस्ट मैच में 106 रन बनाने वाले पोप ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाताओं से कहा मैंने कोशिश की है कि इन चर्चाओं का मुझ पर ज्यादा असर न पड़े। उन्होंने कहा मैं बस यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा हूं कि मेरा खेल यथासंभव बेहतर स्थिति में रहे और जब मैं बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरूं तो मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करूं। पोप ने अपनी मानसिकता में बदलाव लाने की कोशिश की है, जिससे उन्हें अपने पहले 30 रन तक पहुंचने के लिए बहुत अधिक दबाव महसूस नहीं होता और फिर वह बड़ी पारी खेलने के लिए तैयार हो जाते हैं। उन्होंने कहा यह अपने खेल को थोड़ा बेहतर बनाने का प्रयास है। यह प्रक्रिया से जुड़ा है जिसका मैं पूरा आनंद लेकर आगे बढ़ना चाहता हूं। मैं रन बनाने के लिए किसी तरह की जल्दबाजी नहीं दिखाना चाहता हूं। मेरा प्रयास रहता है कि मेरा डिफेंस यथासंभव अच्छा रहे।

- **इंग्लैंड की पहली पारी में शतक लगाने वाले ओली पिछले साल असफल होने पर थे चर्चा में**

> मैंने बाहर हो रही चर्चाओं पर ध्यान नहीं दिया और खुद को मानसिक रूप से मजबूत करने और अपने खेल को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया
>
> –**ओली पोप**, उप कप्तान, इंग्लैंड

# लोगों को कहने दीजिए, मैं अपना काम करता रहूंगा

लीड्स, एजेंसी

- **जसप्रीत बुमराह ने आलोचकों की बोलती बंद की**
- **आत्मविश्वास से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक दशक पूरा किया**

जसप्रीत बुमराह के आलोचकों को लगता था कि अपने अजीबोगरीब गेंदबाजी एक्शन के कारण वह आठ से दस महीने के अंदर अर्श से फर्श पर आ जाएंगे। लेकिन यह उनका आत्मविश्वास ही था जिससे यह भारतीय के गेंदबाज अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक दशक पूरा करने में सफल रहा। बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 83 रन देकर पांच विकेट लिए। टेस्ट मैचों में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने के बाद उन्होंने अपनी सफलता का राज बताया।

बुमराह से पूछा गया कि चोटिल होने के बाद हर बार उन्हें चुका हुआ मान लिया जाता है तो क्या उन्हें बुरा लगता है। उन्होंने कहा लोगों को लगता था कि इन सभी वर्षों में (मैं केवल) आठ महीने खेलूंगा। कुछ ने कहा कि 10 महीने, लेकिन अब मैंने 10 साल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट और 12-13 साल आईपीएल खेल लिया है।

उन्होंने कहा यहां तक कि अब भी लोग (हर चोट के बाद) कहते हैं कि वह आगे नहीं खेल पाएगा। उन्हें कहने दीजिए, मैं अपना काम करता रहूंगा। हर चार महीने में ये चीजें सामने आती रहेंगी, लेकिन जब तक ईश्वर की कृपा रहेगी, मैं खेलता रहूंगा। बुमराह ने कहा मैं अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ तैयारी करता हूं और फिर यह ईश्वर पर छोड़ देता हूं कि वह मुझ पर और कितना आशीर्वाद बरसाते हैं। इंग्लैंड को पहली पारी में बढ़त लेने से रोकने में अहम भूमिका निभाने वाले बुमराह ने कहा कि वह यहां लोगों की धारणा बदलने के लिए नहीं हैं। उन्होंने कहा लोग क्या लिखते हैं, यह मेरे नियंत्रण से बाहर है और मैं लोगों को यह सलाह नहीं दे सकता कि वे मेरे बारे में क्या लिखें।



## एक नजर

### मैनचेस्टर सिटी ने क्लब विश्व कप में अल ऐन को 6-0 से हराया

**अटलांटा :** इल्के गुंडोगन के दो गोल और एरलिंग हालैंड के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने रविवार रात खेले गए मैच में अल ऐन को 6-0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। इस सत्र में अपना अभियान पटरी पर लाने की कवायद में लगे मैनचेस्टर सिटी की तरफ से क्लाउडियो एचेवेरी, ऑस्कर बॉब और रेयान चेर्की ने भी गोल किए। मैनचेस्टर सिटी इस सत्र में इंग्लिश प्रीमियर लीग में तीसरे स्थान पर रहा था जबकि यूईएफए चैंपियंस लीग के नॉकआउट प्लेऑफ में रियाल मैड्रिड से हार गया था। उसने क्लब विश्व कप के शुरुआती ग्रुप मैच में मोरक्को के विदाद पर 2-0 की जीत दर्ज करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था।



### रियल मैड्रिड ने क्लब विश्व कप में पचुका को 3-1 से हराया

**चार्लोट (अमेरिका) :** रियल मैड्रिड ने अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद जूड बेलिंगहैम और अर्डा गुलर के पहले हाफ में किये गये गोल की मदद से क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में पचुका को 3-1 से हरा दिया। रविवार रात को खेले गए मैच के सातवें मिनट में डिफेंडर राउल एसेनसियो को रेड कार्ड मिला, जिसके कारण उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। इसके बाद रियल मैड्रिड को शेष मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इससे हालांकि कोई फर्क नहीं पड़ा क्योंकि रियल मैड्रिड ने मैक्सिको के क्लब पर शुरू से लेकर आखिर तक पूरा दबदबा बनाए रखा और जाबी अलोंसो को स्पेनिश क्लब के कोच के रूप में जीत दिलाई।

### सेशेल्स मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत पदक तालिका में शीर्ष पर

**माहे (सेशेल्स) :** भारतीय मुक्केबाजों ने यहां सेशेल्स नेशनल डे मुक्केबाजी टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण सहित कुल सात पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने तीन रजत और एक कांस्य पदक भी जीता और पैराडाइज एरेना में मॉरीशस से एक पदक अधिक हासिल किया। हिमांशु शर्मा (50 किग्रा) ने वॉकओवर के जरिए स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि आशीष मुदशानिया (55 किग्रा) ने फाइनल में 4-1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। गौरव चौहान ने 90 किग्रा से अधिक वर्ग के तनावपूर्ण फाइनल में अपना धैर्य बनाए रखा। उन्होंने 3-2 से जीत हासिल की और देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता। अनमोल (60 किग्रा), आदित्य यादव (65 किग्रा) और नीरज (75 किग्रा) तीनों को संघर्षपूर्ण फाइनल में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद समान 2-3 के खंडित फैसले से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।



### मोरक्को में दूसरे स्थान पर रहे भारतीय गोल्फर करणदीप कोचर


**माराकेच (मोरक्को) :** भारतीय गोल्फर करणदीप कोचर ने अंतिम दौर में बोगी मुक्त सात अंडर 65 का स्कोर बनाया, लेकिन वह फिलिपींस के एड्रिक चान से एक स्ट्रोक पीछे रह गए और इस तरह से उन्हें मोरक्को राइजिंग स्टार्स माराकेच में दूसरे स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा। पेशेवर खिलाड़ी के रूप में भारत से बाहर अपनी पहली जीत की तलाश में लगे कोचर ने समानाह गोल्फ क्लब में 70-67-69-65 राउंड के साथ 17 अंडर का स्कोर बनाया, जबकि चान ने अंतिम राउंड में सात अंडर 65 का कार्ड खेला और आखिर में उनका कुल स्कोर 18 अंडर रहा।




प्रयागराज में 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ की स्वर्ण पदक विजेता एरोला प्रणति (बीच में), रजत पदक विजेता शाइनी ग्लैडसिया (बाएं) और कांस्य पदक विजेता नेहाली नरेंद्र बोरा। ● एजेंसी

# राहुल के बाद पंत का ऐतिहासिक शतक

## पहले टेस्ट के चौथे दिन फिर गरजा भारतीय बल्लेबाजों का बल्ला, दूसरी पारी में बने 364 रन



137 रन
247 गेंद
18 चौके
00 छक्के

केएल राहुल।

लीड्स, एजेंसी

भारतीय टीम सोमवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन दूसरी पारी में 364 रन बना लिए। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (118 रन) और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (137 रन) के शतकों से भारत 370 रन की बढ़त हासिल कर मजबूत स्थिति में है। इंग्लैंड के लिए ब्रायडन कार्स और जोश टंग ने तीन तीन विकेट झटके। शोएब बशीर को दो विकेट मिले।

पंत इस टेस्ट मैच की दोनों पारियों में सैकड़ा जड़ने वाले खेल के इतिहास में दूसरे विकेटकीपर बन गए। उन्होंने शतकीय पारी के दौरान 140 गेंद का सामना करते हुए 15 चौके और तीन छक्के जमाए। पंत एक रन लेकर 130 गेंद में अपना आठवां शतक पूरा करते ही जिम्बाब्वे के महान खिलाड़ी एंडी फ्लावर के बाद एक मैच की दोनों पारियों में 100 रन बनाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने।

भारत ने सुबह के सत्र में कप्तान शुभमन गिल (08) के रूप में एक विकेट गंवाया। इसके बाद राहुल और पंत ने चौथे विकेट के लिए 195 रन की भागीदारी निभाकर टीम को मजबूत स्कोर की तरफ बढ़ाया। पहले सत्र में पंत ने हालांकि अपनी आक्रामक खेलने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाई लेकिन लंच के बाद तेवर बदलकर मैच में अपना दूसरा शतक पूरा किया। उन्होंने पहली पारी में 134 रन बनाए थे।

शतक जड़ने के बाद भी पंत ने यही लय जारी रखी और शोएब बशीर की गेंद पर लांग ऑन में जाक क्राउली के हाथों कैच आउट हो गए।



118 रन
140 गेंद
15 चौके
03 छक्के

शतक बनाने के बाद फिर अनोखे अंदाज में जश्न मनाते ऋषभ पंत। ● एजेंसी

पंत इंग्लैंड में एक टेस्ट मैच में दो शतक बनाने वाले पहले भारतीय भी बन गए। भारत ने बादलों और हवा भरी सुबह में दो विकेट पर 90 रन से खेलना शुरू किया लेकिन शुरुआत अच्छी नहीं रही। सात गेंद ही डाली गई थीं कि पहली पारी के शतकवीर गिल अपने निजी स्कोर में दो रन जोड़ने के बाद आउट हो गए जिन्हें ब्रायडन कार्स ने गुडलेंथ गेंद पर बोल्ड किया। पर राहुल और पंत ने बेहतरीन टाइमिंग और संयम से बल्लेबाजी की। इसके अलावा इंग्लैंड के गेंदबाजों को पहले सत्र में और कोई सफलता नहीं मिली, हालांकि उन्होंने अपनी लाइन एवं लेंथ से दोनों बल्लेबाजों को परेशान किया।

गिल के आउट होने के बाद पंत क्रीज पर उतरे और उन्होंने हमेशा की तरह शानदार शॉट खेलते हुए तेज गेंदबाजों पर रन जुटाने का प्रयास किया। हालांकि इस दौरान उन्हें किस्मत का भी साथ मिला क्योंकि वह जिस तरह के शॉट खेलना चाह रहे थे, उसे खेलने के लिए कनेक्ट नहीं कर पाए।

पंत ने क्रिस वोक्स की गेंद पर शुरुआत की जो उनके बल्ले से लगकर स्लिप कॉर्डन के ऊपर से गई। फिर इस विकेटकीपर ने स्लॉग स्वीप और पैडल स्वीप खेलने का प्रयास किया। फिर एक खराब शॉट खेलने के बाद खुद से नाराज भी दिखे जिसे 'स्टंप माइक' में सुना जा सकता था और तभी इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने रिव्यू लिया। पर टीवी अंपायर ने पंत के पक्ष में फैसला दिया क्योंकि स्विंग लेती फुल लेंथ गेंद भारतीय बल्लेबाज के पैड पर लगने से पहले बल्ले से टकराई थी।

**भारत पहली पारी : 471 रन**

**इंग्लैंड पहली पारी: 465 रन**

### पंत टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने

**लीड्स, एजेंसी :** भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सोमवार को पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन शतक लगाने के साथ दोनों पारियों में शतक बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। इसके साथ ही वह टेस्ट इतिहास में जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर के बाद ऐसा करने वाले दूसरे विकेटकीपर बन गए। पंत ने पहली पारी में 134 रन की शानदार पारी खेली और दूसरी पारी में 140 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 118 रन बनाए। उनका दूसरा शतक धैर्यपूर्ण था। उन्होंने शोएब बशीर की गेंद पर एक रन लेकर यह उपलब्धि हासिल की। अभी तक केवल सात भारतीय बल्लेबाजों ने टेस्ट की दोनों पारियों में शतक बनाए हैं। पंत अब उस विशिष्ट सूची में शामिल हो गए हैं जिसमें विजय हजारे, सुनील गावस्कर (तीन बार), राहुल द्रविड़ (दो बार), विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे और रोहित शर्मा जैसे नाम शामिल हैं। इसके अलावा पंत के प्रदर्शन ने यह भी दूसरी बार चिह्नित किया कि दो भारतीय सलामी बल्लेबाजों – केएल राहुल और रोहित शर्मा – ने इंग्लैंड में एक ही टेस्ट मैच में शतक बनाए हैं।

# कोच के नक्शेकदम पर चलना चाहते हैं नीरज

ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य), एजेंसी

फिटनेस समस्याओं के कारण पिछले दो सत्र से बाहर रहने को बाध्य भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मंगलवार को गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदार्पण करते हुए खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। जिसे उनके कोच जान जेलेज्नी ने अपने लंबे करियर में नौ बार जीता। मौजूदा सत्र अब तक 27 वर्षीय चोपड़ा के लिए प्रभावशाली रहा है। उन्होंने पेरिस में दो साल में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता और मई में दोहा डाइमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहने के दौरान 90 मीटर की दूरी को भी पहली बार पार किया।

चोपड़ा को 2023 और 2024 में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर की 'ए' वर्ग की प्रतियोगिता गोल्डन स्पाइक में हिस्सा लेना था, लेकिन उन्हें दोनों मौकों पर टूर्नामेंट से हटना पड़ा।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा इस खिताब को जीतने के लिए और भी अधिक उत्सुक होंगे क्योंकि गोल्डन स्पाइक विश्व रिकॉर्ड धारक जेलेज्नी के लिए उनके खेल के दिनों में उनके पसंदीदा प्रतियोगिताओं में से एक थी। चेक गणराज्य के पूर्व महान खिलाड़ी 59 वर्षीय जेलेज्नी ने 1986 और 2006 के बीच गोल्डन स्पाइक के नौ खिताब जीते और कुछ मौकों पर भाले को उन्होंने 90 मीटर से अधिक की दूरी तक फेंका। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता पहली बार 1961 में आयोजित की गई थी। चोपड़ा पहले भी ओस्ट्रावा में खेल चुके हैं लेकिन गोल्डन स्पाइक टूर्नामेंट में नहीं। वह एशिया प्रशांत टीम का हिस्सा थे जिसने 2018 में आईएएएफ कॉन्टिनेंटल कप में भाग लिया था और 80.24 मीटर के थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा ने प्रतियोगिता से पहले कहा जब मैं बच्चा था तो मैंने उसेन बोल्ट जैसे खिलाड़ियों के यहां प्रतिस्पर्धा करते हुए बहुत सारे वीडियो और तस्वीरें देखी थीं।



- **गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदार्पण करते हुए खिताब जीतने की कोशिश करेंगे चोपड़ा**

## संयुक्त 46वें स्थान पर रही अमनदीप दीक्षा और त्वेसा

**बेरून (चेक गणराज्य) :** पहले दौर में आठ अंडर 64 के शानदार स्कोर के साथ शुरुआत करने वाली भारतीय खिलाड़ी अमनदीप द्राल ने टिप्सपोर्ट चेक लेडीज ओपन गोल्फ प्रतियोगिता का समापन 72-73 के राउंड के साथ किया और टूर्नामेंट के अंत में संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं।

यह इस सत्र में पहला अवसर था, जबकि अमनदीप ने कट में जगह बनाई थी लेकिन वह अपनी लय बरकरार रखने में नाकाम रही। अमनदीप अब अगले सप्ताह अमुंडी जर्मन मास्टर्स में खेलेंगी।

# मैं कई बार शतक लगाने से चूक गया : गांगुली

कोलकाता, एजेंसी

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 38 शतक लगाए हैं, लेकिन उन्हें यह संख्या पसंद नहीं है और उन्हें अपने क्रिकेट करियर के दौरान कई शतक चूकने का अफसोस है। अपने समय के बाएं हाथ के दिग्गज बल्लेबाज गांगुली ने टेस्ट और एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कुल मिलाकर 18575 रन बनाए, लेकिन उन्हें अपने करियर में कई शतक चूकने का अफसोस है। उन्होंने 311 एकदिवसीय और 113 टेस्ट मैच खेले। गांगुली ने यह अफसोस तब व्यक्त किया जब उनसे पूछा गया कि वह पुराने गांगुली को क्या सलाह देना चाहेंगे। गांगुली ने पीटीआई से साक्षात्कार में कहा मैं कई बार शतक लगाने से चूक गया, मुझे और अधिक रन बनाने चाहिए थे। मैंने कई बार 90 और 80 रन बनाए।



## पृथ्वी ने एमसीए को पत्र लिखकर मुंबई छोड़ने की स्वीकृति मांगी

**मुंबई :** भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज पृथ्वी शॉ अपनी घरेलू टीम मुंबई से रिश्ता तोड़ना चाहते हैं और उन्होंने मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा है जिससे कि एक क्रिकेटर के रूप में प्रगति और विकास के लिए नई घरेलू टीम से अनुबंध कर सकें। पृथ्वी पिछले कुछ समय से लाल गेंद की टीम से बाहर हैं लेकिन उन्होंने सफेद गेंद की क्रिकेट खेली है। हालांकि उनके मैदान के बाहर के अनुशासनात्मक मुद्दों ने मैदान पर उनके प्रदर्शन से अधिक सुर्खियां बटोरी हैं।

एमसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को पीटीआई को पुष्टि की कि संघ को पृथ्वी का पत्र मिला है जिसमें स्थानांतरण के लिए एनओसी की मांग की गई है। एमसीए सूत्र ने बताया हां, हमें उनका पत्र मिला है और इसे स्वीकृति के लिए शीर्ष परिषद को भेज दिया गया है। उम्मीद है कि शाम तक इस पर निर्णय लिया जाएगा। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने एमसीए को भेजे पत्र में कहा कि वह मुंबई टीम में बिताए समय के लिए आभारी हैं लेकिन अब आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने 2017 में मुंबई के लिए पदार्पण किया था। पृथ्वी ने कहा मैं इस अवसर पर मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) को ईमानदारी से धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने संघ का प्रतिनिधित्व करने के दौरान मुझे बहुमूल्य अवसर और अटूट समर्थन दिया।

# हॉकी फारवर्ड ललित ने अचानक लिया संन्यास

नयी दिल्ली, एजेंसी

टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य रहे अनुभवी फारवर्ड ललित उपाध्याय ने एक दशक से भी अधिक समय तक चले अपने शानदार अंतर्राष्ट्रीय करियर को अचानक अलविदा कह दिया है। ललित ने 2014 में विश्व कप में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था।

ओलंपिक में दो पदक जीतना उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रहीं। वह टोक्यो 2020 ओलंपिक में इतिहास रचने वाली टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा थे। भारत ने तब लंबे समय के बाद ओलंपिक में पदक जीता था। भारत ने 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों में फिर से कांस्य पदक जीता और ललित इस टीम का भी अभिन्न अंग थे।

ललित ने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के यूरोपीय चरण के भारत के अंतिम मैच के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर जारी की गई पोस्ट में अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने कहा यह सफर एक छोटे से गांव से शुरू हुआ, जहां संसाधन सीमित थे, लेकिन सपने असीम थे।

ललित ने लिखा स्टिंग ऑपरेशन का सामना करने से लेकर एक बार नहीं बल्कि दो बार ओलंपिक पोडियम पर पहुंचने का यह सफर चुनौतियों, विकास और अविस्मरणीय गौरव से भरा रहा। उन्होंने कहा 26 वर्षों के बाद अपने शहर से पहला ओलंपियन बनना ऐसी बात है जिसे मैं हमेशा पूरे सम्मान के साथ संजोकर रखूंगा। गोल करने की अद्भुत क्षमता वाले ललित ने सीनियर स्तर पर भारत के लिए 183 मैच खेले, जिनमें 67 गोल किए। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने भारतीय टीम के लिए अपना अंतिम मैच 15 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

ललित के भारतीय हॉकी में योगदान का जिक्र करते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा ललित अपनी पीढ़ी के सबसे शानदार और समर्पित फॉरवर्ड में से एक रहे हैं। चाहे वह महत्वपूर्ण ओलंपिक मैच हो या लीग मैच, उन्होंने हमेशा भारतीय जर्सी को गर्व के साथ पहना और दिल से खेला। उन्होंने कहा वाराणसी की संकरी गलियों से निकलकर दो बार ओलंपिक पोडियम पर खड़े होने तक का उनका सफर किसी प्रेरणा से कम नहीं है। हम भारतीय हॉकी के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं और उनके जीवन की अगली पारी के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

ललित ने ओलंपिक के अलावा 2016 में एशियाई चैंपियन ट्रॉफी और 2017 में एशिया कप में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य प्रतियोगिताओं में भी पदक जीते जिनमें 2017 हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल में कांस्य, 2018 चैंपियंस ट्रॉफी में रजत, 2018 एशियाई खेलों में कांस्य और 2018 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक शामिल हैं। वह एफआईएच प्रो लीग 2021-22 में तीसरे स्थान पर रहने वाली और 2022 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे।


- **टोक्यो और पेरिस ओलंपिक पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य रहे हैं ललित**
- **एक दशक से भी अधिक समय तक चले अपने शानदार अंतर्राष्ट्रीय करियर में कई उपलब्धियां हासिल कीं**



183 मैच खेले

67 गोल किए

## पालकी यात्रा



पुणे के निकट दिवे घाट से निकाली गई संत ज्ञानेश्वर महाराज की पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालु। पालकी यात्रा दो दिन पहले आलंदी से रवाना हुई थी। यह महाराष्ट्र की सबसे पुरानी और आस्था से जुड़ी यात्राओं में से एक है, जिसमें लाखों भक्त संत ज्ञानेश्वर महाराज और संत तुकाराम महाराज की पालकी के साथ पैदल यात्रा करते हैं। एजेंसी

# शक्तिशाली देश नहीं मानते अंतर्राष्ट्रीय युद्ध नियम



अंतरराष्ट्रीय युद्ध नियम जिन्हें जिनेवा कन्वेंशन के नाम से भी जाना जाता है, ऐसे कानून और नियमों का समूह है जो युद्ध या सशस्त्र संघर्ष के समय लागू होते हैं। नागरिकों की सुरक्षा, घायलों और युद्धबंदियों के साथ मानवीय व्यवहार और अनैतिक युद्ध के हथियारों और तरीकों पर प्रतिबंध इनका मुख्य उद्देश्य है। अंतर्राष्ट्रीय युद्ध के मुख्य नियमों के तहत नागरिकों पर हमला नहीं किया जा सकता, न ही अस्पताल, डॉक्टर, मेडिकल सुविधाओं को निशाना बनाया जा सकता है। इसके अलावा इन नियमों के तहत युद्धबंदियों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाना चाहिए। रासायनिक और जैविक हथियारों का उपयोग निषिद्ध है। अनावश्यक पीड़ा देने वाले हथियारों का प्रयोग युद्ध में नहीं होना चाहिए। हालांकि दुनिया के शक्तिशाली देश युद्ध नियमों की ज्यादा परवाह नहीं करते। युद्ध नियमों के उल्लंघन के कई उदाहरण भी हैं।

### द्वितीय विश्व युद्ध

द्वितीय विश्वयुद्ध में लाखों यहूदियों और दूसरे नागरिकों की हत्या की गई थी। युद्धबंदियों पर भी बड़े पैमाने पर अत्याचार किया गया था। इस पर न्यूरमबर्ग ट्रायल में नाजी नेताओं पर मुकदमे चलाए गए। कई को मृत्युदंड भी मिला।

### अमेरिका-वियतनाम युद्ध

सन् 1968 में हुए इस युद्ध में सैकड़ों वियतनामी नागरिकों की हत्या की गई थी। दिलचस्प तथ्य यह है कि इस मामले में सिर्फ एक सैनिक को सजा हुई और बाकी सभी को माफ कर दिया गया।

### रवांडा नरसंहार

सन् 1994 रवांडा नरसंहार तुत्सी और हुतु समुदाय के लोगों के बीच हुआ एक जातीय संघर्ष था। इसमें करीब 8 लाख लोगों की हत्या की गई थी। बाद में इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्युनल फॉर रवांडा की स्थापना हुई जिसमें कई दोषी नेताओं को सजा हुई।

### बोस्निया युद्ध

इस युद्ध सर्ब सैनिकों ने करीब 8,000 मुस्लिमों की हत्या की थी जिसे सर्बेनेत्सा नरसंहार कहा जाता है। इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्युनल फॉर द फॉर्मर यूगोस्लाविया की ओर से मुकदमा चलाकर सजा सुनाई गई थी।

### रूस-यूक्रेन युद्ध

सन् 2022 से जारी इस युद्ध में नागरिक क्षेत्रों पर हमले किए जा रहे हैं और अस्पतालों को भी निशाना बनाया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने कुछ रूसी नेताओं पर वार क्राइम्स के लिए वारंट जारी किए लेकिन सजा नहीं हो सकी।

### युद्ध के प्रमुख नियम

- आम नागरिक जो युद्ध में भाग नहीं ले रहे हैं, उन्हें नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता। जानबूझकर बमबारी या गोलीबारी करके नागरिकों को मारना युद्ध अपराध है।
- अपने पक्ष के हों या दुश्मन के, घायल सैनिकों का इलाज और देखभाल अनिवार्य है। मेडिकल स्टाफ, डॉक्टर और एंबुलेंस को नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता।
- युद्धबंदियों के साथ मानवीय व्यवहार करना अनिवार्य,युद्ध में पकड़े सैनिकों को मारा नहीं जा सकता। उन्हें भोजन, पानी, इलाज,सम्मान देना जरूरी है।
- रासायनिक हथियार, जैविक हथियार और विशेष प्रकार के विस्फोटक पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। अत्यधिक पीड़ा देने वाले बमों का भी इस्तेमाल प्रतिबंधित है।
- किसी भी हमले का उद्देश्य केवल सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचाना होना चाहिए। किसी समुदाय को जबरदस्ती हटाना, सामूहिक हत्या युद्ध अपराध है।

## एक नजर

### पाकिस्तान ने भारत के लिए हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध बढ़ाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्राधिकारों ने भारतीय विमानों के लिए हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध को एक और महीने के लिए बढ़ाने की सोमवार को घोषणा की। पहलगाम हमले के बाद यह प्रतिबंध पहले 23 अप्रैल को एक महीने के लिए लगाया गया था। बाद में, इसे 23 मई को एक और महीने के लिए बढ़ा दिया गया था। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण द्वारा जारी 'नोटम' (नोटिस टू एयरमेन) के अनुसार, प्रतिबंध को 23 जून से बढ़ाकर 23 जुलाई तक कर दिया गया है।

### चीन में भीषण गर्मी को देखते हुए येलो अलर्ट

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग में सोमवार को भीषण गर्मी के कारण ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। बीजिंग मौसम विज्ञान वेधशाला ने यह जानकारी दी। देश में सोमवार और मंगलवार को दोपहर 12 बजे से शाम छह बजे तक शहर के मैदानी इलाकों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि वे गर्मी के दौरान बाहर निकलने से बचें। चीन में शुक्रवार को येलो अलर्ट जारी किया गया था। शनिवार दोपहर 3 :40 बजे बीजिंग के दक्षिणी इलाके में तापमान 38 .1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था जो अब तक देश में सबसे गर्म दिन रहा।

### जापान के पीएम का नाटो शिखर सम्मेलन दौरा रद्द

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने नीदरलैंड में 24 से 26 जून के बीच होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन का अपना प्रस्तावित दौरा रद्द कर दिया है। जापान के विदेश मंत्रालय के मुताबिक अब प्रधानमंत्री की जगह विदेश मंत्री ताकेशी इवाया शिखर सम्मेलन में जापान का प्रतिनिधित्व करेंगे और नाटो से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि जापान नाटो का सदस्य नहीं है, लेकिन 2022 से नियमित रूप से जापान को सम्मेलनों में आमंत्रित किया जा रहा है।

### डोभाल ने बीजिंग में वांग यी से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य एवं विदेश मंत्री वांग यी से बीजिंग में मुलाकात की। डोभाल एससीओ सुरक्षा परिषद के सचिवों की 20वीं बैठक में भाग लेने के लिए चीन दौरे पर हैं। बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में हाल के घटनाक्रमों की समीक्षा की और भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास को बढ़ावा देने की जरूरत को रेखांकित किया, जिसमें अधिक से अधिक लोगों को जन संबंधों में बढ़ावा देना भी शामिल है।

# अब ईरान में नेतृत्व बदलने के मूड में ट्रंप

## परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के हमले के बाद क्षेत्रीय संघर्ष और फैलने का खतरा बढ़ा

तेल अवीव, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमले के बाद अब तेहरान में सत्ता परिवर्तन की संभावना के बारे में भी विचार कर रहे हैं। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर तेहरान अमेरिकी बलों के खिलाफ कार्रवाई करता है तो उस पर और हमले किए जाएंगे।

ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने पहले संकेत दिया था कि वे ईरान के साथ वार्ता फिर से शुरू करना चाहते हैं। वहीं, इजराइल की सेना ने सोमवार को कहा कि वह ईरान के पश्चिमी शहर केरमानशाह के आसपास हमले कर रही है। इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अब अमेरिका भी कूद पड़ा है। उसने ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमला किया है जिससे इस क्षेत्रीय संघर्ष के और फैलने का खतरा बढ़ गया है।

इस अभियान ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि तेहरान के परमाणु कार्यक्रम में क्या बचा है और उसकी कमजोर सेना कैसे इस हमले का जवाब दे सकती है। इस संघर्ष के बढ़ने से तेल की कीमतों में उछाल आया है। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर मिसाइलों और 30,000 पाउंट के बंकर-बस्टर बमों से हमला किया है। इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ईरान ने कहा कि अमेरिका ने हद पार कर दी है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने 'सीबीएस' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, आइए, सीधे बातचीत करते हैं। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' के अनुसार, देश के सर्वोच्च नेता के सलाहकार अली अकबर विलायती ने कहा कि अमेरिका ने ईरान पर हमला करने के लिए जिस भी देश का इस्तेमाल किया, वह हमारे वैध लक्ष्य के दायरे में होगा। पश्चिम एशिया में अमेरिका के हजारों सैनिक तैनात हैं। इस बीच उत्तर कोरिया ने ईरान पर अमेरिकी हमलों की निंदा की है।



परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद ईरान में लोगों ने अमेरिका के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### ईरान ने मोसाद के जासूस को फांसी पर लटकाया

**दुबई।** ईरान ने मोसाद के जासूस होने के आरोप में एक और व्यक्ति को सोमवार को फांसी पर लटका दिया। मोसाद का जासूस होने के आरोप में फांसी देने का यह तीसरा मामला है। सामाजिक कार्यकर्ताओं को डर है कि ईरान में और लोगों को फांसी दी जाएगी, विशेष रूप से तब जब वहां के शासन ने जासूसी कर रहे लोगों को रविवार तक खुद ही आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी है। समाचार एजेंसी मिज़ान ने फांसी पर लटकाए गए व्यक्ति की पहचान मोहम्मद अमीन महदावी शायेस्तेह के रूप में की है।

### गुतारेस ने दी चेतावनी- प.एशिया में खतरनाक मोड़ का संकेत हैं ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हमले

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सुरक्षा परिषद के एक आपातकालीन सत्र में कहा कि ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिका की बमबारी क्षेत्र में एक खतरनाक मोड़ का संकेत है। ट्रंप द्वारा ईरान के तीन परमाणु केंद्रों बमबारी की घोषणा किए जाने के बाद 15 देशों की परिषद ने रविवार को आपातकालीन सत्र के लिए बैठक की। गुतारेस ने बताया, ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर बमबारी एक ऐसे क्षेत्र में खतरनाक मोड़ का संकेत है जो पहले से ही लड़खड़ा रहा है। गुतारेस ने कहा कि क्षेत्र के लोग एक बार फिर विनाश को सहन नहीं कर सकते। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जोर देकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को लड़ाई रोकने और ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर गंभीरता के साथ तथा निरंतर वार्ता पर पुन: शुरू करने के लिए तुरंत और निर्णायक रूप से कार्य करना चाहिए।

### इजराइल ने ईरान की कुख्यात जेल को निशाना बनाया

**दुबई।** इजराइल ने ईरान के खिलाफ अपने युद्ध का विस्तार करते हुए देश की कुख्यात तेहरान जेल के गेट तथा हाल के विरोध-प्रदर्शनों को दबाने वाले सैन्य बल के मुख्यालय पर हमला किया। तेहरान के ऊपर घने धुएं के गुबार उठने के साथ ही इजराइल पर ईरानी मिसाइलों और ड्रोन की एक और बौछार की गई। संघर्ष के 11वें दिन, इजराइल ने कहा कि उसने तेहरान के बीचोंबीच स्थित सरकारी ठिकानों और दमनकारी सरकारी निकायों पर हमला किया। साथ ही इजराइल के अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि वे ईरान की सरकार को उखाड़ फेंकना नहीं चाहते जो 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से उनकी कट्टर दुश्मन रही है।

### इजराइल से 443 भारतीयों का दूसरा जत्था रवाना

**यरुशलम।** इजराइल से बाहर निकाले गए 443 भारतीयों का दूसरा जत्था सोमवार को 175 और 268 लोगों के दो समूहों में जॉर्डन और मिस्र के रास्ते स्वदेश रवाना हुआ। इसी के साथ यहां से दो दिनों में निकाले गए भारतीयों की संख्या 603 हो गई है। जॉर्डन के लिए 160 लोगों का पहला जत्था रविवार को रवाना हुआ था जहां से वे स्थानीय समयानुसार दोपहर 2 :15 बजे विमान में सवार हुए। इजराइल की सीमा पार करने वाले 443 लोग जॉर्डन और मिस्र से उन दो अलग-अलग विमानों में सवार होंगे जिनका प्रबंध विदेश मंत्रालय ने उन देशों में भारतीय मिशनों के समन्वय से किया है।

# निर्वासित शहजादे का ईरान में सत्ता परिवर्तन का आह्वान

तेहरान, एजेंसी



- खामेनेई पर लगाया भ्रष्टाचार, विनाशकारी और देश को पतन के रास्ते पर ले जाने का आरोप

ईरान के पूर्व शाहजादे रजा पहलवी ने देश के शीर्ष मज़हबी नेता अली खामेनेई को भ्रष्टाचारी, विनाशकारी और देश को पतन की कगार पर ले जाने वाला करार दिया है और ईरानी नागरिकों का आह्वान किया है कि वे शांति का पक्षधर धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ईरान की पुनर्स्थापना के लिए परिवर्तन और राष्ट्रीय नवीकरण की योजना में सहभागी बनें।

ईरान से 46 साल पहले सत्ता से अपदस्थ एवं निर्वासित कर दिए गए शाह मोहम्मद रज़ा पहलवी के पुत्र श्री रज़ा पहलवी ने सोशल मीडिया पर एक प्रेस ब्रीफिंग में ईरान के खामेनेई शासन को समाप्त करने और नये ईरान की स्थापना के लिए आगे आने के आग्रह के साथ ईरान के पुनर्निर्माण के लिए एक आर्थिक योजना का भी खुलासा किया। रज़ा पहलवी ने कहा, यह हमारे राष्ट्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। हमारे प्रिय ईरान को एक विनाशकारी संघर्ष में घसीटा गया है, जिसका वास्तुकार कोई और नहीं बल्कि अली खामेनेई और उसका भ्रष्ट, विनाशकारी गुट है।

उन्होंने हमारे देश की अर्थव्यवस्था को पतन के कगार पर धकेल दिया है, हमारे राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे और संसाधनों को लूट लिया है, परमाणु हथियार विकसित करने पर देश की संपत्ति को बर्बाद कर दिया है, ईरान की सुरक्षा को तोड़ दिया है, और ईरानी लोगों की संप्रभुता को चुरा लिया है। यह शासन पराजित हो गया है, पतन के कगार पर लड़खड़ा रहा है, और इसे जारी रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

### राष्ट्रीय परिवर्तन का नेतृत्व करने को तैयार

रजा पहलवी ने कहा, 46 साल पहले जब मेरे दिवंगत पिता और परिवार को ईरान छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था तो मैंने शपथ ली थी कि मैं ईरान या ईरानी लोगों से मुंह नहीं मोड़ूंगा। तब से हर दिन, मैंने अपना जीवन हमवतन लोगों को समर्पित कर दिया है। आज मैं यहां इसे दोहराने और खुद को उनकी सेवा में लगाने आया हूँ। मैं इस राष्ट्रीय परिवर्तन का नेतृत्व करने को आगे बढ़ रहा हूं, निजी हित से नहीं बल्कि ईरानी लोगों के सेवक के रूप में।

# एकल माताओं के बच्चों को ओबीसी दर्जे पर होगा विचार

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को अहम करार दिया, सुनवाई करने पर जताई सहमति

सुप्रीम कोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की एकल माताओं के बच्चों को ओबीसी प्रमाणपत्र जारी करने के लिए नियमों में संशोधन के अनुरोध वाली याचिका को अहम करार दिया। न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि मामले में विस्तृत सुनवाई की आवश्यकता है।

पीठ ने कहा, मौजूदा रिट याचिका एकल मां के बच्चों को ओबीसी प्रमाणपत्र जारी करने के बारे में एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाती है, जिसमें मां ओबीसी से संबंधित है। केंद्र का पक्ष रखने के लिए पेश हुए अधिवक्ता ने कहा कि उन्होंने याचिका पर जवाबी हलफनामा दायर कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 31 जनवरी को दिल्ली की एक महिला द्वारा दायर याचिका पर केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था। पीठ ने सोमवार को इसे एक महत्वपूर्ण मुद्दा बताते हुए कहा, इस पर सुनवाई होनी चाहिए। पीठ ने उच्चतम न्यायालय के 2012 के एक फैसले का हवाला दिया, जिसमें उस व्यक्ति की स्थिति से संबंधित प्रश्न पर विचार किया गया था, जिसके माता-पिता में से एक अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबंधित है और दूसरा किसी भी श्रेणी से संबंधित नहीं है।

# भारत ने सिंधु जल संधि के तहत पानी देने से इनकार किया तो युद्ध करेगा पाकिस्तान: बिलावल भुट्टो

- गृहमंत्री शाह के संधि को कभी बहाल न करने के बयान पर जताई प्रतिक्रिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी ने सोमवार को कहा कि यदि भारत सिंधु जल संधि के तहत इस्लामाबाद को पानी का उचित हिस्सा देने से इनकार करता है, तो उनका देश युद्ध की ओर बढ़ेगा। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के तुरंत बाद भारत ने 1960 के समझौते को स्थगित कर दिया था।

गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले हफ्ते इस समझौते को कभी बहाल न करने की घोषणा की थी। शाह के बयान ती पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय द्वारा आलोचना किए जाने के दो दिन बाद बिलावल की टिप्पणी सामने आई। बिलावल ने संसद में दिए भाषण में समझौते को निलंबित करने के भारत के फैसले को खारिज कर दिया और पाकिस्तान के हिस्से का पानी लेने की धमकी दी। उन्होंने कहा, भारत के पास दो विकल्प हैं: या तो वह पानी को समान रूप से साझा करे, या फिर हम सभी छह नदियों से पानी अपने यहां पहुंचाएंगे।

# बांग्लादेश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त गिरफ्तार

ढाका, एजेंसी

- अपने कार्यकाल में चुनावों में हेराफेरी करने के आरोप में की गई कार्रवाई

बांग्लादेश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त के एम नूरुल हुदा को उनके कार्यकाल के दौरान चुनावों में हेराफेरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

ढाका महानगर पुलिस के उपायुक्त मोहिदुल इस्लाम ने कहा कि हुदा को पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी द्वारा उनके और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित 18 अन्य के खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने कहा कि यह शायद पहली बार है कि चुनाव संबंधी मुद्दों पर किसी पूर्व आयुक्त को हिरासत में लिया गया है। इससे पहले दिन में, 77 वर्षीय हुदा पर उनके उत्तरा स्थित आवास के बाहर भीड़ ने हमला कर दिया था। हुदा ने 2014, 2018 और 2024 में चुनाव कराए थे।

### शेख हसीना की पार्टी की पूर्व सांसद भी गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग की एक पूर्व सांसद को सोमवार को भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा भड़काने और देश के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश की खबर के मुताबिक ढाका पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच ने नवाबगंज उपजिला की आरक्षित सीट से पूर्व सांसद सबीना अख्तर तुहिन को गिरफ्तार किया। डीबी (उत्तर) के संयुक्त आयुक्त मोहम्मद रबीउल हुसैन भुइयां ने बताया कि तुहिन पर भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा भड़काने और देश के खिलाफ साजिश रचने को लेकर कई मामले दर्ज हैं।

# सीबीआई ने नीट यूजी 2023 में फर्जीवाड़े पर दो मेडिकल छात्रों पर केस दर्ज किया

- परीक्षा में किसी और अभ्यर्थी की जगह शामिल हुआ था आरोपी छात्र

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की लोकप्रिय फिल्म मुन्नाभाई एमबीबीएस जैसा मामला वास्तविकता में भी देखने को मिला जब एक मेडिकल छात्र राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी 2023 में किसी अन्य अभ्यर्थी की जगह उपस्थित हुआ और जिस अभ्यर्थी की जगह उसने परीक्षा दी बाद में उसे एमबीबीएस पाठ्यक्रम में दाखिल भी मिल गया।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने राजस्थान के जालौर जिले के निवासी विकास के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सात मई 2023 को द्वारका के सेक्टर-12 स्थित केंद्रीय विद्यालय में आयोजित हुई नीट-यूजी में विकास जोधपुर के प्रवीण गोदारा की जगह उपस्थित हुआ था। प्राथमिकी में आरोपी के तौर पर गोदारा को भी नामजद किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सिरोही के डॉ. भीम राव आंबेडकर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में दूसरे वर्ष का छात्र विकास कथित तौर पर नीट-यूजी 2023 में उपस्थित हुआ और उत्तर पुस्तिकाओं पर गोदारा के हस्ताक्षर तथा लिखावट की नकल की।

# वीजा के लिए सार्वजनिक करना होगा सोशल मीडिया प्रोफाइल

नई दिल्ली, एजेंसी

- अमेरिका ने एफ, एम, जे गैर आप्रवासी वीजा आवेजन के लिए लागू की अनिवार्यता

अमेरिकी दूतावास ने कहा है कि एफ, एम, या जे गैर-आप्रवासी वीजा के लिए आवेदन करने वाले सभी व्यक्ति अपनी सोशल मीडिया अकाउंट की प्राइवेसी सेटिंग्स को सार्वजनिक कर दें ताकि अमेरिका के कानून के तहत उनकी पहचान और वहां प्रवेश योग्यता के लिए आवश्यक जांच की जा सके।

दूतावास ने एक संक्षिप्त बयान में बताया कि 2019 से ही अमेरिका ने वीज़ा आवेदकों से उनके आप्रवासी और गैर-आप्रवासी वीज़ा आवेदन फॉर्म पर सोशल मीडिया संबंधी जानकारी प्रदान करने को कहा है। दूतावास के 'एक्स' पर साझा किए गए बयान में कहा गया है, हम अमेरिका के लिए अयोग्य वीजा आवेदकों की पहचान करने के लिए वीजा जांच और गहन जांच-पड़ताल में उपलब्ध सभी जानकारी का उपयोग करते हैं, खासकर उन लोगों की, जो अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं।

यह घोषणा कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस में हाल में ट्रंप प्रशासन द्वारा की गई आव्रजन कार्रवाई की पृष्ठभूमि में आई है। बयान में कहा गया है, एफ, एम या जे गैर-आप्रवासी वीजा के लिए आवेदन करने वाले सभी लोगों से अनुरोध है कि वे अपने सोशल मीडिया अकाउंट की प्राइवेसी सेटिंग को सार्वजनिक कर दें, ताकि अमेरिकी कानून के तहत अमेरिका में उनकी पहचान और प्रवेश की योग्यता की जांच में मदद मिल सके।

# ओआईसी में पाकिस्तान प्रायोजित बयान की आलोचना

**नई दिल्ली।** भारत ने इस्लामिक देशों के संगठन (ओआईसी) के विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक में भारत को लेकर अनुचित और तथ्यात्मक रूप से गलत संदर्भों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि आतंकवाद को राजतंत्र में बदलने वाले पाकिस्तान प्रायोजित यह बयान संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्य के लिए ओआईसी के दुरुपयोग का उदाहरण है।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि भारत ओआईसी परिषद की बैठक के संदर्भों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है। आतंकवाद को राजतंत्र में बदलने वाले पाकिस्तान प्रायोजित यह बयान संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्य के लिए ओआईसी मंच के निरंतर दुरुपयोग को दर्शाता है।

## चिंताजनक

विश्व मौसम विज्ञान संगठन की ओर से जारी ताजा रिपोर्ट में कई गंभीर चेतावनियां

# वैश्विक औसत से दोगुनी गति से गर्म हो रहा एशिया महाद्वीप

## इसी परिवर्तन से जापान, कोरिया गणराज्य और चीन में मासिक औसत तापमान के रिकॉर्ड टूटे

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनिया का सबसे बड़ा महाद्वीप और विश्व की 60 प्रतिशत आबादी का निवास स्थान एशिया वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी गति से गर्म हो रहा है। विश्व मौसमविज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) द्वारा सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन की '2024 में एशिया में जलवायु की स्थिति' रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया में समुद्री सतह भी पिछले दशकों में वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी गति से गर्म हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक,दो सबसे हालिया उप-अवधियों (1961-1990 और 1991-2024) में आर्कटिक तक फैला सबसे बड़ा भूभाग वाला महाद्वीप एशिया वैश्विक भूमि और महासागर औसत की तुलना में अधिक तेजी से गर्म हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में एशिया में औसत तापमान 1991-2020 के औसत तापमान से लगभग 1.04 डिग्री सेल्सियस अधिक था। यह आंकड़ा इसे सबसे गर्म या दूसरा सबसे गर्म वर्ष बना देगा।



रिपोर्ट के मुताबिक, इस वर्ष एशिया के कई हिस्सों में भीषण गर्मी दर्ज की गई। अप्रैल से नवंबर तक पूर्वी एशिया में लंबे समय तक गर्म हवाएं चलती रहीं। जापान, कोरिया गणराज्य और चीन में बार-बार मासिक औसत तापमान के रिकॉर्ड टूटे। भारत में 2024 में भीषण गर्मी के कारण लू लगने के लगभग 48,000 मामले सामने आये तथा 159 लोगों की मौत हुई। डब्ल्यूएमओ ने कहा कि एशिया के प्रशांत और हिंद महासागर, दोनों ओर समुद्र का स्तर वैश्विक औसत की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ा है, जिससे निचले तटीय क्षेत्रों के लिए खतरा बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि सर्दियों में बर्फबारी में कमी और गर्मियों में उच्च तापमान की वजह से हिमनद बुरी तरह प्रभावित हुए। डब्ल्यूएमओ के मुताबिक, मध्य हिमालय और तियान शान में 24 में से 23 हिमनदों में मौजूद बर्फ में कमी आई।

### जल सुरक्षा के लिए बढ़ा दीर्घकालिक खतरा

रिपोर्ट के मुताबिक हिमनद की कगार टूटने, बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाओं का खतरा बढ़ गया है और जल सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक खतरा पैदा हो गया है। अत्यधिक वर्षा से कई देशों में भारी क्षति हुई और जान-माल का भारी नुकसान हुआ, जबकि उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के कारण तबाही आई। सूखे के कारण बड़ी आर्थिक और कृषि संबंधी हानि हुई। डब्ल्यूएमओ महासचिव सेलेस्टे साउलो ने कहा, एशिया में जलवायु की स्थिति रिपोर्ट में सतह के तापमान, ग्लेशियर द्रव्यमान और समुद्र तल जैसे प्रमुख जलवायु संकेतकों में बदलावों को रेखांकित किया गया है, जिसका क्षेत्र में समाजों, अर्थव्यवस्थाओं और पारिस्थितिकी तंत्रों पर बड़ा असर पड़ेगा।